
किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 176 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 06 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


समाज जागरण
अंतरराष्ट्रीय/विज्ञान

## अंटार्कटिका में छिपा 'खजाना'? बर्फ के नीचे सोना-चांदी समेत बड़े खनिज भंडार होने के संकेत

नई दिल्ली। अंटार्कटिका को अब तक बर्फ से ढका एक वीरान महाद्वीप माना जाता रहा है, लेकिन हालिया वैज्ञानिक शोध इस धारणा को बदल रहे हैं। नई स्टडी में संकेत मिले हैं कि इस बर्फीले महाद्वीप के नीचे सोना, चांदी, तांबा और लोहे जैसे बहुमूल्य खनिजों के बड़े भंडार मौजूद हो सकते हैं।

**क्यों बढ़ रही वैश्विक दिलचस्पी?**

वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन (क्लाइमेट चेंज) के कारण बर्फ तेजी से पिघल रही है, जिससे ये खनिज संसाधन भविष्य में उजागर हो सकते हैं। अनुमान है कि साल 2300 तक यहां पेंसिल्वेनिया के आकार जितना क्षेत्र बर्फ से मुक्त हो सकता है।

## केरल चुनाव: कन्नूर के 2177 बूथों पर CCTV से कड़ी निगरानी, 100% वेबकास्टिंग की तैयारी







**त्रिकोणीय मुकाबला**
**इस बार केरल में मुकाबला त्रिकोणीय है—**
*माकपा के नेतृत्व वाला एलडीएफ सत्ता बचाने की चुनौती में*
*कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ वापसी की कोशिश में*
*भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद में*
एनडीए में भाजपा के साथ बीडीजेएस, ट्वेंटी-20, लोक जनशक्ति पार्टी, शिवसेना और नेशनल पीपुल्स पार्टी जैसे दल शामिल हैं।

समाज जागरण

कन्नूर/केरल। भारतीय निर्वाचन आयोग के निर्देश पर केरल विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कन्नूर जिला में चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी 2177 मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की जा रही है।

प्रशासन के अनुसार, प्रत्येक बूथ के अंदर और बाहर कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिससे मतदान की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। बूथों के बाहर लगे कैमरों के जरिए मतदाताओं की कतारों की भी सटीक मॉनिटरिंग संभव होगी।

**दो स्तरों पर निगरानी व्यवस्था**

चुनाव के दौरान 100 फीसदी वेबकास्टिंग सुनिश्चित करने के लिए दो स्तरीय कंट्रोल सिस्टम बनाया गया है।

जिला स्तर पर कन्नूर कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वहीं, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रिटर्निंग ऑफिसर की निगरानी में अलग कंट्रोल रूम संचालित होगा।

इन कंट्रोल रूम्स का निरीक्षण चुनाव पर्यवेक्षक समय-समय पर करेंगे, जिससे चुनाव प्रक्रिया पर सख्त नजर रखी जा सके।

**रिकॉर्ड होगी पूरी प्रक्रिया**

वेबकास्टिंग टीम के कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। मतदान की पूरी फुटेज रिकॉर्ड कर हार्ड डिस्क में सुरक्षित रखी जाएगी और बाद में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपी जाएगी।

**चुनाव से जुड़े अहम आंकड़े**

**कुल सीटें: 140**
मतदान तिथि: 9 अप्रैल
मतगणना: 4 मई
कुल उम्मीदवार: 890
कुल मतदाता: 2.71 करोड़

प्रशासन का दावा है कि इस बार हाईटेक निगरानी व्यवस्था के चलते चुनाव प्रक्रिया और अधिक निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारु रूप से संपन्न होगी।

## "टीएमसी के पापों का होगा हिसाब": पीएम मोदी



समाज जागरण

कूच विहार/पश्चिम बंगाल। नरेंद्र मोदी ने रविवार को कूच विहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव के बाद टीएमसी के "पापों का पूरा हिसाब" किया जाएगा और 4 मई के बाद कानून अपना काम करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मतदान के दिन टीएमसी के "गुंडों" से डरने की जरूरत नहीं है और जनता को कानून पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की जीत से बंगाल में "भय खत्म" होगा और "भरोसा जागेगा"।

**"टीएमसी के अन्याय की लंबी सूची"**

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार पर भ्रष्टाचार और विकास में लापरवाही के कई आरोप हैं। उन्होंने "उत्तर कन्या" परियोजना का उदाहरण देते हुए कहा कि विकास के नाम पर धन का सही उपयोग नहीं हुआ और प्राथमिकताएं कहीं और रहीं।

**"भय बनाम भरोसा की लड़ाई"**

प्रधानमंत्री ने जनता से कहा कि इस चुनाव में एक ओर टीएमसी का "भयह्व है, जबकि दूसरी ओर भाजपा का "भरोसा"।

उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में "कट मनी", भ्रष्टाचार, घुसपैठ और सिंडिकेट राज जैसी समस्याएं बढ़ी हैं, जबकि भाजपा विकास, सुरक्षा और पारदर्शिता का वादा करती है।

**नारी शक्ति और सुरक्षा पर जोर**

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने 3 करोड़ महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाने का काम किया है और महिलाओं को 33% आ-रक्षण देने के लिए कानून भी लाया गया है।

**"भ्रष्टाचारियों को पैसा लौटाना होगा"**

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्षों से जनता का पैसा लूटा गया है और हर भ्रष्टाचारी को वह पैसा वापस करना पड़ेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा।

**राज्यों को आश्वासन**

पीएम मोदी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा काम करने वाले राज्यों को सीटों के बंटवारे में कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि संसद में इस विषय पर ठोस निर्णय लिया जाएगा ताकि सभी राज्यों के अधिकार सुरक्षित रहें।

कुल मिलाकर, कूच विहार की इस रैली में प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर सीधा हमला बोलते हुए कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार, महिला सशक्तिकरण और विकास जैसे मुद्दों को केंद्र में रखा और आगामी चुनाव को "भय बनाम भरोसा" की लड़ाई बताया।

## ईरान के न्यूक्लियर प्लांट पर हमले खतरनाक: WHO प्रमुख की चेतावनी

समाज जागरण

तेहरान/जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयेसस ने ईरान के न्यूक्लियर केंद्रों के पास हुए हमलों को लेकर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे हमले परमाणु हादसे को जन्म दे सकते हैं, जिसके स्वास्थ्य पर असर पीढ़ियों तक रह सकता है।

टेड्रोस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि मौजूदा संघर्ष के बीच न्यूक्लियर साइट्स पर हमले बेहद खतरनाक हैं और हर गुजरते दिन के साथ जोखिम बढ़ता जा रहा है।

**बुशहर प्लांट के पास एयर स्ट्राइक**

जानकारी के अनुसार बुशहर न्यूक्लियर पावर प्लांट के पास हाल ही में एयर स्ट्राइक की घटना सामने आई। यह ईरान का एकमात्र सक्रिय परमाणु ऊर्जा संयंत्र है और रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस क्षेत्र में करीब 2.5 लाख लोग रहते हैं।

**IAEA ने जताई चिंता**

अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) की रिपोर्ट के मुताबिक, एक प्रोजेक्टाइल प्लांट के पास गिरा, जिससे मलबे की चपेट में आकर एक कर्मचारी की मौत हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि रेडिएशन स्तर में कोई बढ़ोतरी दर्ज नहीं की गई।




आईएईए के महानिदेशक रफेल ग्रॉसी ने भी इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि न्यूक्लियर संयंत्रों के आसपास किसी भी तरह का सैन्य हमला नहीं होना चाहिए।

**सुरक्षा के 7 अहम स्तंभ**

IAEA ने परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा के लिए सात महत्वपूर्ण स्तंभों पर जोर दिया है, जिनमें शामिल हैं–
भौतिक संरचना की सुरक्षा
उपकरणों की कार्यक्षमता
कर्मचारियों की सुरक्षा
बिजली आपूर्ति
लॉजिस्टिक्स व्यवस्था
विकिरण निगरानी
संचार प्रणाली

विशेषज्ञों का मानना है कि इन मानकों का पालन न होने पर रे-डियोधर्मी रिसाव जैसी गंभीर घटनाएं हो सकती हैं।

वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव के बीच विशेषज्ञ लगातार आगाह कर रहे हैं कि न्यूक्लियर स्थलों को किसी भी सैन्य कार्रवाई से दूर रखना बेहद जरूरी है, ताकि मानवता को बड़े संकट से बचाया जा सके।

## ईरान का बड़ा बयान: होर्मुज जलडमरूमध्य से बेधड़क गुजरेंगे भारतीय जहाज



नई दिल्ली/तेहरान। वैश्विक ऊर्जा संकट और समुद्री सुरक्षा चिंताओं के बीच ईरान ने भारत के लिए राहत भरी खबर दी है। अब होर्मुज जलडमरूमध्य से भारतीय जहाजों की आवाजाही निर्बाध जारी रहेगी।

भारत में ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत और ईरान के संबंध मजबूत हैं, इसलिए भारतीय जहाजों को इस अहम समुद्री मार्ग से गुजरने में कोई बाधा नहीं होगी। उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय जहाज पहले ही सुरक्षित रूप से इस रास्ते से गुजर चुके हैं।

**सुरक्षा मुद्दा, न कि प्रतिबंध**

ईरानी प्रतिनिधि ने स्पष्ट किया कि यह मामला अनुमति का नहीं, बल्कि सुरक्षा का है। उनके अनुसार, जो देश ईरान के विरोध में हैं, उनके लिए यह मार्ग जोखिमपूर्ण हो सकता है, लेकिन मित्र देशों–जैसे भारत–के जहाजों के लिए रास्ता खुला रहेगा।

**ऊर्जा सप्लाई पर पड़ेगा सका-रात्मक असर**

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल और गैस मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ऐसे में भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही से भारत में तेल और गैस की सप्लाई सामान्य रहने की उम्मीद बढ़ गई है।

**वैश्विक चिंता के बीच राहत**

मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के चलते दुनिया भर में ऊर्जा आपूर्ति और समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। ऐसे समय में ईरान का यह बयान भारत के लिए राहत भरा माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि होर्मुज मार्ग खुला और सुरक्षित रहता है, तो न केवल भारत बल्कि वैश्विक बाजार में भी तेल की कीमतों और सप्लाई चेन पर सकारात्मक असर पड़ेगा।

### "ग्लोबल ऊर्जा संकट के लिए अमेरिका-इजरायल जिम्मेदार": ईरान का आरोप

तेहरान/नई दिल्ली। ईरान ने वैश्विक ऊर्जा बाजार में मची उथल-पुथल के लिए अमेरिका और इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। भारत में ईरान के सुप्रीम लीडर के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा कि मौजूदा संकट और क्षेत्रीय तनाव की जड़ यही युद्ध है। उनके मुताबिक, यदि ईरान पर हमले रुक जाएं तो यह संघर्ष तुरंत समाप्त हो सकता है।

## एयर इंडिया का बड़ा फैसला: 31 मई तक इजरायल उड़ानें निलंबित, भारतीयों की मदद में जुटा दूतावास

समाज जागरण

नई दिल्ली/तेल अवीव। मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच एयर इंडिया ने बड़ा फैसला लेते हुए इजरायल के लिए अपनी सभी उ-ड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। नई दिल्ली से तेल अवीव के बीच संचालित सीधी उड़ान सेवा फिलहाल बंद रहेगी, जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है।

**यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें**

इस फैसले का सबसे ज्यादा असर इजरायल में रह रहे 40,000 से अधिक भारतीयों पर पड़ा है। भारत लौटने के इच्छुक लोगों को अब सीधी उड़ान के बजाय जॉर्डन या मिस्र के रास्ते यात्रा करनी पड़ रही है।

हालात ऐसे हैं कि कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस ने भी तेल अवीव रूट पर अपनी सेवाएं रोक दी हैं, जिससे विकल्प बेहद सीमित हो गए हैं।

**दूतावास की सक्रिय पहल**

भारतीय दूतावास तेल अवीव इस कठिन समय में भारतीय नागरिकों की मदद के लिए लगातार सक्रिय है। 247 हेल्पलाइन शुरू की गई है लोगों के रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है भारत के राजदूत जेपी सिंह ने छात्रों और कामगारों से वर्चुअल बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।




मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव के चलते हवाई सेवाओं पर पड़ रहे असर ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा को कठिन बना दिया है। ऐसे में भारतीय दूतावास की पहल प्रवासी भारतीयों के लिए राहत का काम कर रही है।

## 5 साल बाद भी नहीं मिला लाइसेंस, अब वेंडरों से मांगा जा रहा 5 साल का शुल्क

### 3000 वेंडरों पर लाइसेंस रद्द करने की तलवार, 15 अप्रैल तक का अल्टीमेटम

समाज जागरण, नोएडा।

नोएडा प्राधिकरण की वेंडिंग नीति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शहर में हजारों पथ विक्रेताओं को ड्रॉ के माध्यम से वेंडिंग जोन आवंटित किए जाने और उनसे अग्रिम शुल्क लेने के बावजूद आज तक लाइसेंस जारी नहीं किए गए हैं। वहीं अब प्राधिकरण द्वारा इन वेंडरों से 5 वर्षों का वेंडिंग शुल्क एकमुश्त मांगा जा रहा है।

प्राधिकरण के अनुसार, करीब 3000 वेंडरों ने निर्धारित शुल्क जमा नहीं किया है, जिसके चलते उनके लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए 15 अप्रैल तक की अंतिम तिथि तय की गई है।

**ड्रॉ हुआ, शुल्क जमा हुआ, फिर भी लाइसेंस नहीं**

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 के बीच कई चरणों में ड्रॉ आयोजित कर पथ विक्रेताओं को वेंडिंग जोन आवंटित किए गए। ड्रॉ के बाद वेंडरों को पत्र भेजकर 6 माह का अग्रिम किराया जमा करने को कहा गया और आश्वासन दिया गया कि इसके बाद 3 वर्ष की वैधता वाला लाइसेंस जारी किया जाएगा।

वेंडरों का आरोप है कि उन्होंने समय पर शुल्क जमा कर दिया और रसीद भी संबंधित विभाग में जमा करा दी, लेकिन 4-5 वर्ष बीत जाने के बावजूद उन्हें ला-इसेंस नहीं मिला।

**बिना लाइसेंस रद्द करने पर उठे सवाल**

वेंडरों का कहना है कि जब उन्हें लाइसेंस ही जारी नहीं किया गया, तो उसका निरस्तीकरण कैसे संभव है। उन्होंने मांग की है कि पहले लाइसेंस जारी किए जाएं, उसके बाद ही किराया लिया जाए। वेंडरों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे एक वर्ष का अग्रिम शुल्क देने को तैयार हैं।

**वेंडिंग जोन की व्यवस्था पर भी सवाल**

वेंडरों ने वेंडिंग जोन के चयन और सुविधाओं पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कई जोन ऐसे स्थानों पर बनाए गए हैं, जहां ग्राहकों की आवाजाही बेहद कम है, जिससे कारोबार प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा, एक ही स्थान पर समान प्रकार के कई वेंडरों को बैठाने से प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। वेंडरों ने यह भी आरोप लगाया कि वेंडिंग जोन के आसपास प्राइम लोकेशन पर अवैध वेंडरों को संरक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर असर पड़ रहा है।

**एसोसिएशन ने उठाई आवाज**

उत्तर प्रदेश रेहड़ी पटरी संचालक वेलफेयर एसोसिएशन का कहना है कि जब नोएडा प्राधिकरण स्वयं वेंडरों को लाइसेंस जारी करने में विफल रहा है, तो इसकी जिम्मेदारी वेंडरों पर नहीं डाली जा सकती। पहले लाइसेंस जारी किए जाएं, फिर शुल्क वसूला जाए। जिन वेंडरों को लाइसेंस जारी हो चुके हैं और उन्होंने भुगतान नहीं किया है, उनके मामलों की अलग से जांच होनी चाहिए।

**वेंडरों की आपबीती**

नोएडा सेक्टर-125 के वेंडर मीना देवी, अवधेश, सोनू कुमार, प्रकाश मंडल और संजीव गुप्ता ने बताया कि वे पिछले 10 वर्षों से कारोबार कर रहे हैं। उनका ड्रॉ 12 जनवरी 2021 को हुआ था और 8 सितंबर 2021 को उन्हें 6 माह का शुल्क जमा करने का नोटिस मिला। उन्होंने शुल्क जमा कर दिया, लेकिन आज तक लाइसेंस जारी नहीं किया गया।



अब उनसे 5 वर्षों का किराया एक साथ मांगा जा रहा है, जिसे वे अनुचित बता रहे हैं। उनका कहना है कि लाइसेंस मिलने के बाद ही वे नियमित रूप से किराया जमा करेंगे।

# देश के आर्थिक विकास में विषमताये नई चुनौतियां।

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है। और इसी की परिकल्पना को लेकर आजादी के पश्चात से पंचवर्षीय योजनाओं का प्रादुर्भाव सरकार ने समय-समय पर लागू किया है। विकास की अवधारणा में राष्ट्र की मुख्य धारा में समाज के पिछड़े वर्ग को शामिल कर उन्हें सम्मुख लाना होगा। यदि देश के पिछड़ा वर्ग और गरीब तबका विकास की मुख्यधारा से जुड़ता है तो गरीबी, भुखमरी, नक्सलवाद जैसे संकट अस्तित्व हीन हो जाएंगे और ऐसी समस्या धीरे धीरे खत्म होती जाएगी।

आवश्यकता यह है कि हमें राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानकर इस पर अमल करना होगा। फिर चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हो या समावेशी राष्ट्रवाद हो। समाज की मुख्यधारा में राष्ट्रवाद को एक प्रमुख अस्त्र बनाकर देश की प्रगति में इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। भारत में आजादी के 75 वर्ष बाद भी ब्रिटिश हुकूमत की तरह गरीबी, भूखमरी ,बेरोजगारी ,नक्सलवाद, आतंकवाद, सांप्रदायिकता,भाषावाद एवं क्षेत्रीय विघटनकारी प्रवृत्तियां सर उठाये घूम रही हैं, हम इन पर अभी तक प्रभावी नियंत्रण नहीं लगा पाए हैं। हमें इन सब विसंगतियों से ऊपर उठकर राष्ट्रीय नागरिकता एवं भारत राष्ट्र की विकास की अवधारणा को राष्ट्रवाद से जोड़कर आर्थिक विकास को एक नया आयाम देना होगा,तब जाकर भारत वैश्विक स्तर पर आर्थिक रूप से मजबूत एवं आत्मनिर्भर बन सकेगा।

**संजीव ठाकुर**

## चेहरे से खुशी गायब...!

आज चेहरे से वो खुशी गायब थी,
जो तूने साथ में रहकर कमाई थी।
कितने 'हँसी' थे वो छोटे-छोटे पल,
खुशियों को बाँटकर जाते निकल।

यूं ही तेरे संग जो शामें खिलती थीं,
अब चुपचाप ढल निकल जाती हैं।
तेरी बातों की वो 'मीठी-सी' खुशबू,
अब सिर्फ हवा में ही 'खो' जाती है।

साथ था तो सब अपना-सा लगता,
अपनी राहें भी आसान हो गईं थीं।
अब तन्हाई के इस सफर में भटका,
हर कदम पे पहचान कुछ जुदा थी।

तू गया तो जानी गलतियाँ थी मेरी,
उधार की थीं खुशियाँ जो की कॅरी।
वह रोशनी भी 'चेहरे' की थी गायब,
वो आपके प्यार की खुशियाँ नायब।

**संजय एम तराणेकर**

# रोटी से बड़ी हो गई गैस - शहर छोड़ते मजदूरों की मजबूरी



भारत में प्रवासी मजदूरों का संकट एक बार फिर सामने खड़ा है, और इस बार इसकी जड़ में केवल आर्थिक मंदी या रोजगार की कमी नहीं, बल्कि एक गहरा ऊर्जा संकट है, जिसने शहरों की चमक के पीछे छिपी कमजोरियों को उजागर कर दिया है। हाल के दिनों में देश के कई औद्योगिक शहरों विशेषकर सूरत, दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद में हजारों मजदूर अपने गांवों की ओर लौटते दिखाई दिए। यह वही वर्ग है जिसने वर्षों से भारत के औद्योगिक विकास की रीढ़ बनकर काम किया है, लेकिन संकट आते ही सबसे पहले और सबसे ज्यादा प्रभावित होता है।

इस बार संकट की शुरूआत रसोई से हुई है। एलपीजी की भारी कमी और कीमतों में अप्रत्याशित वृद्धि ने मजदूरों के लिए शहरों में रहना लगभग असंभव बना दिया है। कई रिपोर्टों के अनुसार छोटे सिलेंडरों की कीमत 500 से बढ़कर 1,100-2,000 तक पहुंच गई, जबकि सामान्य घरेलू सिलेंडर 3,200-4,000 तक बिकने लगे। इतना ही नहीं, ब्लैक मार्केट में गैस 500 प्रति किलो तक पहुंच गई, जो एक दिहाड़ी मजदूर के लिए असंभव है। ऐसे में सवाल यह नहीं रह जाता कि मजदूर क्यों जा रहे हैं, बल्कि यह बन जाता है कि वे रुकें भी तो कैसे।

सूरत, जो देश का प्रमुख टेक्सटाइल हब है, इस संकट का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। वहां पिछले एक महीने में 1.5 लाख से अधिक मजदूर शहर छोड़ चुके हैं। यह पलायन इसलिए नहीं हुआ कि काम नहीं था, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि मजदूर अपने दैनिक जीवन की बुनियादी जरूरत खाना पकाने को पूरा नहीं कर पा रहे थे। यह स्थिति बताती है कि शहरी अर्थव्यवस्था कितनी हद तक अस्थायी और असुरक्षित श्रम पर निर्भर है।

इस संकट की जड़ें वैश्विक घटनाओं से भी जुड़ी हुई हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष ने ऊर्जा आपूर्ति को बाधित किया है, विशेषकर एलपीजी जैसी ईंधन आपूर्ति को, जिसका बड़ा हिस्सा भारत आयात करता है। भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए अत्यधिक रूप से बाहरी स्त्रोतों पर निर्भर है, और यह निर्भरता अब संकट का कारण बन रही है। जब अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति प्रभावित होती है, तो उसका सीधा असर देश के सबसे कमजोर वर्ग पर पड़ता है। यही कारण है कि एलपीजी संकट केवल ऊर्जा संकट नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट में बदल जाता है।

इसका प्रभाव केवल मजदूरों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे औद्योगिक ढांचे पर पड़ रहा है। छोटे और मध्यम उद्योग, जिन्हें एम एस एम ई कहा जाता है, इस संकट से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। ये उद्योग उत्पादन के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं, और जैसे ही गैस की कीमत बढ़ी या आपूर्ति बाधित हुई, उत्पादन धीमा पड़ गया। कई जगहों पर फैक्ट्रियों को सप्ताह में दो दिन बंद रखना पड़ा, और काम के घंटे कम करने पड़े। इससे न केवल उत्पादन घटा, बल्कि मजदूरों की आय भी प्रभावित हुई।

देश के विभिन्न हिस्सों से मिल रही खबरें इस संकट की व्यापकता को दशार्ती हैं। तेलंगाना में होटल और रेस्तरां उद्योग को भारी नुकसान हुआ है, जहां 50 प्रतिशत तक गैस की कमी के कारण कई इकाइयों को बंद करना पड़ा और हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए। मध्य प्रदेश में पारंपरिक खाद्य उद्योगों का उत्पादन 50 प्रतिशत तक गिर गया है, जबकि कर्नाटक और अन्य राज्यों में निर्माण कार्य रुकने लगे हैं क्योंकि मजदूरों के पास खाना बनाने की सुविधा नहीं है। यह दिखाता है कि एक ईंधन संकट कैसे पूरे आर्थिक तंत्र को प्रभावित कर सकता है।

इस संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मजदूरों के पास औपचारिक एलपीजी कनेक्शन नहीं होते। अधिकांश प्रवासी मजदूर अस्थायी बस्तियों में रहते हैं, जहां उन्हें गैस कनेक्शन लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज नहीं मिल पाते। परिणामस्वरूप वे ब्लैक मार्केट पर निर्भर होते हैं, जहां कीमतें कई गुना अधिक होती हैं। यह व्यवस्था उन्हें हर संकट में सबसे कमजोर स्थिति में डाल देती है।

यदि इस स्थिति की तुलना कोविड-19 के समय से की जाए, तो कई समानताएं स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। उस समय भी अचानक लॉकडाउन और रोजगार की कमी के कारण लाखों मजदूर शहरों से गांवों की ओर लौटे थे। आज भी स्थिति कुछ वैसी ही बनती दिख रही है, फर्क केवल इतना है कि इस बार कारण वायरस नहीं, बल्कि ईंधन और महंगाई है। लेकिन परिणाम वही है—पलायन, असुरक्षा और अनिश्चितता।

एम एस एम ई क्षेत्र, जो भारत की अर्थव्यवस्था में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देता है और निर्यात में 45 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है, इस संकट से जूझ रहा है। यह क्षेत्र लगभग 24 करोड़ लोगों को रोजगार देता है, लेकिन इसके पास संकट से निपटने के लिए पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। जब लागत बढ़ती है और मांग घटती है, तो सबसे पहले यही छोटे उद्योग प्रभावित होते हैं। यही कारण है कि हजारों इकाइयां पहले ही बंद हो चुकी हैं और लाखों नौकरियां जा चुकी हैं।

ऊर्जा संकट के साथ-साथ सप्लाई चेन में भी भारी बाधा आई है। निर्यात के लिए तैयार माल बंदरगाहों पर अटका हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पा रहा। इससे कंपनियों को महंगे विकल्प जैसे एयर फ्रेट का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे लागत और बढ़ जाती है। दूसरी ओर, घरेलू बाजार में भी मांग में गिरावट आई है क्योंकि महंगाई के कारण उपभोक्ता खर्च कम कर रहे हैं।

सरकार की भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि सरकार ने आश्वासन दिया है कि आपूर्ति सामान्य हो रही है और कुछ कदम उठाए गए हैं, जैसे कि आधार के माध्यम से मजदूरों को गैस उपलब्ध कराने की योजना, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी स्थिति पूरी तरह सामान्य नहीं हुई है। उद्योग संगठनों का कहना है कि इस तरह के संकट के लिए पहले से तैयारी की जानी चाहिए थी, खासकर तब जब यह स्पष्ट था कि वैश्विक संघर्ष का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ेगा।

इस पूरे संकट का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह केवल एक अस्थायी समस्या नहीं, बल्कि एक गहरे ढांचागत संकट का संकेत है। भारत की ऊर्जा पर बढ़ती आयात निर्भरता, कमजोर सामाजिक सुरक्षा तंत्र, और असंगठित श्रम पर अत्यधिक निर्भरता ये सभी कारक मिलकर इस स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं। जब तक इन मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक ऐसे संकट बार-बार सामने आते रहेंगे।

अंततः यह कहना गलत नहीं होगा कि प्रवासी मजदूरों का यह पलायन केवल आर्थिक घटना नहीं, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी है। यह हमें यह याद दिलाता है कि विकास केवल बड़े शहरों और उद्योगों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उन लोगों तक भी पहुंचना चाहिए जो इन शहरों को चलाते हैं। जब एक मजदूर शहर छोड़ने को मजबूर होता है क्योंकि वह खाना नहीं पका सकता, तो यह केवल उसकी व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि पूरे तंत्र की विफलता का प्रतीक है।



**महेन्द्र तिवारी**

# ईरान युद्ध में बुरे फंसे ट्रंप, अब बस चेहरा और वैश्विक साख को बचाने की जद्दोजहद

### ईरान पर हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप रणनीतिक विफलता और आर्थिक दबाव में घिरे हैं, जिससे पेट्रो-डॉलर का प्रभुत्व खतरे में है और वैश्विक सुरक्षा समीकरण बदल रहे हैं

अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ईरान पर एक महीने पहले शुरू किए गए हमले से किसी तरह अपना चेहरा बचाते हुए बच निकलने के लिए जूझ रहे हैं। इस युद्ध के लिए दो लक्ष्य घोषित किए गए थेः सत्ता परिवर्तन और परमाणु क्षमता को नष्ट करना। लेकिन पिछले सप्ताह राष्ट्र के नाम किए गए एक अत्यंत निराश करने वाले संबोधन में शांति और तनाव कम करने का मार्ग पेश करने के बजाय राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका ईरान को पाषाण काल में पहुंचाने तक उस पर बमबारी करेगा। एक संप्रभु राष्ट्र को पूरी तरह नष्ट करने तक उस पर बमबारी करने को कोई उद्देश्य नहीं माना जा सकता है।

इससे न तो ईरान किसी तरह आत्मसमर्पण करने के बारे में सोचेगा और न ही यह पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की गारंटी देगा। ईरान पर बहुत घातक हमले किए गए लेकिन इसके बावजूद उसके पास अब भी मिसाइल क्षमता बची हुई है और इस बात ने उसके विरोधियों तक को चकित किया है। इजरायल को यह सबक मिला है कि लगातार दो साल तक गाजा और लेबनान पर की गई तेज बमबारी के बावजूद वह सुरक्षित नहीं रह सका है।

ईरान-प्रायोजित हमास अब भी गाजा के खंडहरों के आधे हिस्से पर नियंत्रण रखता है, जिससे अमेरिकी-नेतृत्व वाले ह्यबोर्ड ऑफ पीसह्ण की महत्त्वाकांक्षी रियल एस्टेट योजना खतरे में पड़ जाती है, और हिजबुल्ला ने उत्तरी इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन से हमले जारी रखे हैं। लाल सागर के किनारे ईरान-प्रायोजित हूतियों की देर से हुई लामबंदी ने ईरान की विषम युद्ध क्षमताओं को भी रेखांकित किया है।

यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बहुत अधिक दबाव डाल रहा है और इसे समाप्त कर पाने में अक्षमता के बावजूद किसी तरह



के आत्मावलोकन की प्रक्रिया शुरू होती नहीं नजर आती। इसके बजाय अमेरिकी राष्ट्रपति अपने देश का इस्तेमाल विशुद्ध तेल एवं गैस निर्यातक के रूप में कर रहे हैं जो पश्चिम एशिया की आपूर्ति पर निर्भर नहीं है। उनका यह भी कहना है कि होर्मुज स्ट्रेट अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। यह बात सही है कि इन रास्तों से अमेरिका का आयात नगण्य है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का वक्तव्य असाधारण रूप से जवाबदेही से भागने का रहा है।

अगर अमेरिका और इजरायल ने क्रमशः ऑपरेशन एपिक फ्यूरी और राइजिंग लायन नहीं लॉन्च किया होता तो ईरान ने खाड़ी में अमेरिका के सहयोगी देशों के तेल और गैस ढांचों में से कुछ को निशाना नहीं बनाया होता। न ही उसने होर्मुज स्ट्रेट को बंद किया होता। गौरतलब है कि विश्व स्तर पर कच्चे तेल और गैस परिवहन का पांचवां हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है।

उल्लेखनीय यह है कि अमेरिका के सहयोगी देश, विशेषकर यूरोप में, और प्रतिद्वंद्वी चीन तेजी से वैश्विक सुरक्षा ढांचे को नया रूप देने की कोशिश कर रहे हैं ताकि एक अप्रत्याशित महाशक्ति पर निर्भरता कम की जा सके। ट्रंप के नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) से बाहर निकलने की बात पहले ही वैकल्पिक गठबंधनों को प्रोत्साहित कर रही है। वह नाखुश हैं क्योंकि प्रमुख यूरोपीय देशों ने अमेरिकी सैन्य विमानों को उड़ान अधिकार देने से इनकार कर दिया।

अटलांटिक पार संबंधों में बदलाव पिछले वर्ष शुरू हो गया था, जब यूरोप ने यूक्रेन को अपनी सहायता में उल्लेखनीय वृद्धि की, जबकि ट्रंप प्रशासन ने उसकी बड़े पैमाने पर वित्तीय सहायता कम कर दी। पिछले सप्ताह की घटनाओं ने उन प्रवृत्तियों को और मजबूत किया है।

ब्रिटेन की पहल, जिसमें विभिन्न देशों के विदेश मंत्रियों को एकत्रित करके होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के तरीकों पर चर्चा की गई, इसका एक उदाहरण है। इसके साथ ही 1974 से पश्चिम एशिया में तेल व्यापार को सहारा देने वाली पेट्रो-डॉलर प्रणाली को चुनौती दी जा रही है, क्योंकि ईरानी शासन अपने सहयोगी समझे जाने वाले देशों को चीनी युआन में तेल खरीदने की अनुमति देकर एक छोटा लेकिन बढ़ता हुआ पेट्रो-युआन व्यापार चला रहा है। ये बदलाव और वैश्विक व्यवस्था में पुनसंयोजन समय ले सकते हैं।

लेकिन एक बात निश्चित है। भले ही ट्रंप युद्ध को दो या तीन सप्ताह में समाप्त करने में सफल हो जाएं, बिना स्ट्रेट को फिर से खोले अमेरिका की वैश्विक स्थिति बेहद कमजोर हो चुकी है।

# "सिकाडा" - कीट नहीं, कोरोना का नया वेरिएंट

हाल ही में वैश्विक मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म पर सिकाडा नाम तेजी से चर्चा में आया है। अनेक लोगों के मन में यह भ्रम पैदा हो गया कि सिकाडा कोई नया कीटजनित वायरस या महामारी है, जबकि वास्तविकता इससे अलग और अधिक वैज्ञानिक है। सिकाडा दरअसल कोई नया जीव नहीं, बल्कि कोविड-19 का एक नया वेरिएंट है, जिसे वैज्ञानिक रूप से इअ.3.2 नाम दिया गया है। यह नामकरण उसके व्यवहार के कारण किया गया है, न कि उसके स्त्रोत के कारण।

**सिकाडा वेरिएंट**

ताजा वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार, यह वेरिएंट पहली बार नवंबर 2024 में दक्षिण अफ्रीका में पाया गया। इसके बाद यह लंबे समय तक अंडरग्राउंड यानी बहुत कम स्तर पर मौजूद रहा और अचानक 2025-2026 में कई देशों में दिखाई देने लगा। ठीक उसी तरह जैसे असली सिकाडा कीट वर्षों बाद एक साथ बाहर आते हैं। अब तक यह वेरिएंट 23 से अधिक देशों में पाया जा चुका है। अमेरिका, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया में इसकी निगरानी हो रही है। लेकिन भारत में अभी तक इसके प्रवेश की कोई पुष्टि या अधिकारिक जानकारी नहीं है।

डब्ल्यूएचओ ने इसे वेरिएंट अंडर मॉनिटरिंग श्रेणी में रखा है। यह ध्यान देने योग्य है कि मॉनिटरिंग का अर्थ खतरे की पुष्टि नहीं, बल्कि सतर्कता है। इसका सिकाडा नाम क्यों पड़ा? (वैज्ञानिक उपमा) यह नामकरण पूरी तरह प्रतीकात्मक है। सिकाडा कीट वर्षों तक भूमिगत रहता है। अचानक बड़ी संख्या में प्रकट होता है। इसी प्रकार यह वेरिएंट भी लंबे समय तक कम दिखाई दिया। फिर अचानक विभिन्न देशों में सामने आया।इसलिए वैज्ञानिकों ने इसे सिकाडा वेरिएंट कहा।यह कीट से नहीं फैला है।

यह वेरिएंट कितना अलग है?इस वेरिएंट की सबसे बड़ी विशेषता इसकी असामान्य म्यूटेशन संख्या हैःस्पाइक प्रोटीन में लगभग 70-75 म्यूटेशन ,सामान्य ओमिक्रॉन वेरिएंट में लगभग 30-40 म्यूटेशन होते हैं ।यदि सामान्य वेरिएंट = 35 म्यूटेशन (औसत)। सिकाडा वेरिएंट = 70 म्यूटेशन तो यह लगभगः 70 रु35 = 2 गुना अधिक परिवर्तनशील। यह गणना दशार्ती है कि वायरस में बदलाव की गति काफी तेज हो सकती है, जिससे संक्रमण फैलने की क्षमता बढ़ सकती है। इम्यून सिस्टम से बचने की संभावना बढ़ सकती है। अब सवाल उठता है कि क्या यह वेरिएंट ज्यादा खतरनाक है?

अब तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इसके संक्रमण फैलने की क्षमता कुछ अधिक हो सकती है। इम्यूनिटी (वैक्सीन या पुरानी बीमारी) को आंशिक रूप से चकमा दे सकता है। लेकिन गंभीर बीमारी या मृत्यु दर में वृद्धि का स्पष्ट प्रमाण नहीं है।यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है- डर नहीं, बल्कि सतर्कता की आवश्यकता है। सतर्क रहने का मतलब नियमित हाथों की साबुन सैनिटाइजर से सफाई करते रहें। भीड़ या बाजार में जाने के पूर्व मास्क जरूर लगाएं। लक्षणः क्या बदल गया है?सिकाडा वेरिएंट के लक्षण लगभग वही हैं जो ओमिक्रॉन में देखे गए। खांसी,बुखार,थकान,गले में खराश,सिरदर्द,नाक बहना कुछ मामलों में स्वाद/गंध में कमी,त्वचा पर हल्के रैश अर्थात, लक्षणों में कोई क्रांतिकारी बदलाव नहीं है।

भारत में अभी यह वेरिएंट व्यापक स्तर पर प्रभावी नहीं है, लेकिन वैश्विक कनेक्टिविटी के कारण इसका प्रवेश संभव है। पर निगरानी और जीनोमिक सर्विलांस जरूरी है। भारत ने पहले भी ओमिक्रॉन जैसी लहरों का सामना किया है, इसलिए स्वास्थ्य ढांचा पहले से अधिक तैयार है। टीकाकरण और हाइब्रिड इम्युनिटी सुरक्षा प्रदान करती है।

सिकाडा शब्द ने आम लोगों में भ्रम पैदा किया है। लोग इसे कीट-जनित महामारी समझने लगे। सोशल मीडिया ने अफवाहों को बढ़ाया। यह घटना हमें बताती है कि नाम और वास्तविकता में अंतर समझना अत्यंत आवश्यक है। सिकाडा वेरिएंट हमें तीन महत्वपूर्ण सबक देता है। वायरस निरंतर विकसित हो रहा है। म्यूटेशन की संख्या चिंता का कारण हो सकती है, लेकिन घबराहट का नहीं।वैज्ञानिक जानकारी के बिना निष्कर्ष निकालना खतरनाक है। यह वेरिएंट एक चेतावनी है कि कोविड अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ, बल्कि रूप बदल रहा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

## ग्राम पंचायत मकरेड़ा में डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन, ग्रामीण युवाओं को मिलेगा बड़ा लाभ

समाज जागरण गाजियाबाद

संदीप गर्ग गाजियाबाद। मकरेड़ा ग्राम पंचायत में पंचायत घर परिसर में डिजिटल लाइब्रेरी (पुस्तकालय) का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के साथ आर्य समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा किया गया।

**42 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पहल**

ग्राम प्रधान कृष्णदेव आर्य ने बताया कि पहले चरण में गाजियाबाद की 42 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी के लिए उपकरण और पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने इसे सरकार की दूरदर्शी पहल बताते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र के युवक-युवतियों को बेहतर शिक्षा के अवसर मिलेंगे।

**विद्यार्थियों के लिए नया केंद्र**

प्रधान ने कहा कि जो छात्र बाहर जाकर महंगी कोचिंग या पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें अब गांव में ही बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा, ताकि गरीब और जरूरतमंद बच्चे भी आगे बढ़ सकें।

**ज्ञान और संस्कार का केंद्र**

उन्होंने कहा कि पुस्तकालय केवल किताबों का संग्रह नहीं, बल्कि यह ज्ञान, संस्कार और विचारों का केंद्र होता है। यहां से विद्यार्थी नई चीजें सीखकर अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकते हैं।

# 9 अप्रैल को कलेक्ट्रेट में होगी विनियमन समीक्षा समिति की बैठक, 10 बिंदुओं पर होगी सख्त समीक्षा

समाज जागरण नोएडा/गौतमबुद्धनगर

गौतमबुद्धनगर, 05 अप्रैल 2026। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति 9 अप्रैल (सोमवार) को जनपद गौतमबुद्धनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 बजे से अधिकारियों के साथ अहम बैठक करेगी।

बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति अश्विनी त्यागी करेंगे। इस बैठक में लंबे समय से लंबित प्र-करणों और जनप्रतिनिधियों से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की जाएगी।

**10 अहम बिंदुओं पर होगी समीक्षा**

समिति द्वारा पूर्व निर्धारित 10 बिंदुओं पर अधिकारियों से जवाब तलब किया जाएगा। इनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं–

जनप्रतिनिधियों के पत्रों पर की गई कार्यवाही

विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों की स्थिति

सरकारी कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों के नाम अंकन का अनुपालन

प्रोटोकॉल उल्लंघन के मामले



विभागों में जनप्रतिनिधि पत्राचार रजिस्टर की स्थिति

सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर खर्च

अवैध एवं नकली शराब के खिलाफ कार्रवाई

भ्रष्टाचार से संबंधित शिकायतें और उन पर हुई कार्रवाई

**जनहित के मामलों पर रहेगा फोकस**

सभापति ने स्पष्ट किया कि समिति की प्राथमिकता जनहित से जुड़े लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। साथ ही, विधान परिषद के सदस्यों के पत्रों और निर्देशों की अनदेखी करने वाले मामलों पर भी सख्त रुख अपनाया जाएगा। माना जा रहा है कि इस बैठक में प्रशासनिक जवाबदेही और पारदर्शिता को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं।

**पहले ही तय किया गया एजेंडा**

समिति द्वारा बैठक से पहले लखनऊ में एजेंडा तय कर सभी जनपदों को उपलब्ध करा दिया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे संबंधित दस्तावेजों और विवरण के साथ बैठक में उपस्थित हों।

## दादरी पुलिस की कार्रवाई: अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

समाज जागरण

संदीप गर्ग नोएडा/दादरी। दादरी थाना पुलिस ने अवैध शस्त्र के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग की मदद से आरोपी को 6 प्रतिशत आवासीय प्लॉट के सामने से पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान दुष्यन्त पुत्र रमेश शर्मा (24 वर्ष) निवासी ग्राम रिठौरी, दादरी के रूप में हुई है।

**बरामद हुआ अवैध तमंचा**

पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध .32 बोर तमंचा और एक



जिंदा कारतूस बरामद किया है।

**आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज**

गौतमबुद्धनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद हथियार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

पुलिस का कहना है कि जनपद में अवैध हथियारों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## सेक्टर-31 में RWA बैठक: स्मार्ट मीटर, मोबाइल अपडेट और PM सूर्य घर योजना पर जागरूकता

समाज जागरण

नोएडा। सेक्टर 31 नोएडा में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के साथ एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई, जिसमें उपभोक्त-ाओं को स्मार्ट मीटर और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

बैठक के दौरान अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, उसके लाभ और पारदर्शी बिलिंग सिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही उपभोक्ताओं को अपने मोबाइल नंबर अपडेट कराने के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि बिजली से संबंधित सभी सूचनाएं समय पर प्राप्त हो सकें।



**PM सूर्य घर योजना पर विशेष जानकारी**

कार्यक्रम में ढट सूर्य घर योजना के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ता अपने घरों की छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली खर्च में कमी ला सकते हैं और सरकार की सब्सिडी का लाभ भी उठा सकते हैं।

**उपभोक्ताओं ने दिखाई रुचि**

बैठक में मौजूद स्थानीय निवासियों ने स्मार्ट मीटर और सोलर योजना को लेकर कई सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने समाधान किया।

इस पहल का उद्देश्य उपभोक्ताओं को नई तकनीक और सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर बनाना है।

## सादगी की मिसाल: जब प्रदेश उपाध्यक्ष बने 'प्रशिक्षु', कार्यकताओं संग बैठकर सीखा संगठन का पाठ

समाज जागरण नोएडा

संदीप गर्ग नोएडा। भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर द्वारा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026' के तहत विभिन्न मंडलों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया गया।

सैनिक विहार मंडल में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा की असली ताकत उसके समर्पित और वैचारिक रूप से मजबूत कार्यकर्ता हैं। साथ ही उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांतों को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान किया।

कई मंडलों में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम इस अभियान के तहत शहीद भगत सिंह मंडल (सेक्टर-82), श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल (सेक्टर-78), अटल बिहारी वाजपेई मंडल (सेक्टर-41) और सैनिक विहार मंडल में प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

**पंकज सिंह ने पेश की सादगी की मिसाल**

कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नोएडा विधायक पंकज सिंह कार्यकताओं के साथ प्रथम पंक्ति में बैठकर एक प्रशिक्षु की तरह पूरे सत्र में शामिल



हुए। उन्होंने अनुशासित विद्यार्थी की तरह प्रशिक्षण ग्रहण कर यह संदेश दिया कि संगठन में पद से ज्यादा सेवा और सीखने की भावना महत्वपूर्ण है।

**संगठन मजबूती पर जोर**

प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन, डायरी लेखन, समय प्रबंधन और वैचारिक स्पष्टता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस महाअभियान का उद्देश्य कार्यकताओं के बौद्धिक और सामाजिक विकास के साथ संगठन को और मजबूत करना रहा।

कार्यक्रम में सभी मंडलों के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिससे संगठनात्मक एकजुटता और सक्रियता का संदेश साफ नजर आया।

## ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विकास कार्यों का निरीक्षण, विधायक तेजपाल नागर ने दिए सख्त निर्देश

समाज जागरण ग्रेटर नोएडा वेस्ट

संदीप गर्ग नोएडा। तेजपाल नागर ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

**100 करोड़ के अंडरपास का निरीक्षण**

चार मूर्ति चौराहा पर लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे अंडरपास का निरीक्षण करते हुए विधायक ने इसे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधारने की दिशा में अहम कदम बताया।

**श्मशान घाट और सड़कों के विस्तार पर जोर**

विधायक ने ग्रेटर नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लिए प्रस्तावित आधुनिक श्मशान घाट निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की।

इसके साथ ही 60 मीटर रोड के चौड़ीकरण और चार मूर्ति से तिगरी तक मुख्य मार्ग के विस्तार



कार्य का भी निरीक्षण किया गया, जो क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने में सहायक होगा।

**अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और सभी परियोजनाएं तय समयसीमा में पूरी की जाएं।

**कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि रहे मौजूद**

इस अवसर पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी प्रभात शंकर (सीनियर मैनेजर), विधायक प्रतिनिधि दीपक यादव, मंडल अध्यक्ष लोकेश त्यागी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश चौहान, आशीष दुबे और कमल जैन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इन परियोजनाओं के पूरा होने से स्थानीय निवासियों को बेहतर यातायात और आधारभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

## नोएडा में गूंजे कन्हैया मित्तल के भजन, हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब



समाज जागरण नोएडा

संदीप गर्ग नोएडा। सेक्टर 74 नोएडा स्थित ओमाया बैंक्वेट में 'श्री हनुमान सेवा मित्र मंडल' द्वारा आयोजित 22वां भव्य हनुमान जन्मोत्सव एवं संकीर्तन महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्थल 'जय श्री राम' और 'जय हनुमान' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

इस भव्य आयोजन का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल रहे, जिन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उनके साथ गौरव दत्त, दीपक सरगम और शंकर अनुरागी ने भी भजनों की मधुर प्रस्तुति दी, जिससे पूरा पांडाल भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया।

**भक्ति और सेवा का संगम**

संस्थापक प्रधान अमित गुप्ता और चेयरमैन विजय अग्रवाल के नेतृत्व में मंडल की टीम ने अतिथियों का स्वागत किया। मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता के अनुसार आयोजन को सफल बनाने में पदाधिकारियों के साथ-साथ नारी शक्ति की भी अहम भूमिका रही।

**श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं**

कार्यक्रम में लगभग 2500 श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे की व्यवस्था की गई। साथ ही आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों की टीम भी तैनात रही। देर रात तक चले इस संकीर्तन महोत्सव में हजारों श्रद्धालु पहुंचे और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार

दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।

न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

*" हे खग मृग हे मधुकर श्रेनी तुम देखी सीता मृग नैनी"*

## श्रीराम कथा हमें जीवन जीना सिखाती है - महामंडलेश्वर

*पूछते है राम हनुमत बता दीजिए, किसने कहा था लंका जला दीजिए*

नोएडा सेक्टर 82 स्थित पॉकेट 7 में आयोजित श्रीराम कथा के आठवें दिन कथा व्यास अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 स्वामी पंचमानंद जी महाराज ने कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भरत जी चित्रकूट में भगवान राम से मिलते हैं। भगवान राम उनको गले से लगा लेते हैं और पिता का वचन याद दिला कर वापस अयोध्या भेज देते हैं। आगे भगवान राम पंचवटी में निवास करते हैं जहां पर रावण की बहन सूर्पनखा पहुंचती है और वि-वाह का प्रस्ताव रखती है। बार बार मना करने पर भी नहीं मानती है तो लक्ष्मण जी उसके नाक कान काट लेते हैं। रावण दरबार में सुर्पणखा विलाप करती हुई पहुंचती हैं।

## स्मार्ट मीटर से बढ़ी परेशानी: बैलेंस होने के बाद भी कट रही बिजली, अखिलेश यादव ने सरकार को घेरा

समाज जागरण नोएडा

नोएडा। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के स्मार्ट मीटर को लेकर नोएडा में उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ती जा रही है। कई इलाकों में लोगों का आरोप है कि रिचार्ज कराने के बावजूद भी बिजली सप्लाई ऑ-टोमैटिक कट जा रही है।

**सेक्टर-82 में उपभोक्ता परेशान**

सेक्टर 82 नोएडा के कई घरों में बैलेंस होने के बावजूद बिजली नहीं आने की शिकायतें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

**कैंप लगे, लेकिन समाधान नहीं**

बिजली विभाग की ओर से कैंप लगाकर समस्याएं सुनने की कोशिश की गई, लेकिन उपभोक्ताओं का आरोप है कि इन प्रयासों के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकला।



**अखिलेश यादव ने उठाया मुद्दा**

इस मामले को लेकर अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर सरकार को घेरा। उन्होंने स्मार्ट मीटर व्यवस्था को आम जनता के लिए परेशानी का कारण बताते हुए सवाल खड़े किए।

**विपक्ष का हमला**

विपक्षी दलों ने भी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाते हुए स्मार्ट मीटर को "प्रीपेड पीड़ित" करार दिया है। उनका कहना है कि तकनीकी खामियों का खामियाजा आम उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

**सॉफ्टवेयर खामी का आरोप**

उपभोक्ताओं का आरोप है कि कंपनी के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण यह समस्या हो रही है, जिससे बिना वजह बिजली कट रही है और लोगों को अंधेरे में रहना पड़ रहा है। लगातार बढ़ती शिकायतों के बीच अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या स्मार्ट मीटर व्यवस्था को सुधारने के लिए विभाग कोई ठोस कदम उठाएगा या उपभोक्ताओं की परेशानी यूं ही जारी रहेगी।

## गार्डेनिया ग्लोरी में उमड़ा जनसैलाब, ब्रह्माकुमारीज ने दिया 'शांति-मेरा मूल स्वभाव' का संदेश

समाज जागरण नोएडा

संदीप गर्ग नोएडा। प्रजापिता ब्रह्म-ाकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सेक्टर-46 सेवा केंद्र द्वारा गार्डेनिया ग्लोरी सोसाइटी के क्लब हॉल में 'शांति-मेरा मूल स्वभाव' विषय पर एक भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए।

**वैश्विक अशांति के बीच शांति का संदेश**

कार्यक्रम की शुरूआत में वक्ताओं ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों–युद्ध, आर्थिक तनाव और बढ़ती अस्थिरता–पर चिंता जताते हुए कहा कि आज के दौर में शांति ही सबसे बड़ा समाधान है। उन्होंने संत कबीर दास के दोहे के माध्यम से समझाया कि शांति हमारे भीतर ही विद्यमान है,



उसे पहचानने की आवश्यकता है।

**राजयोग से कराया शांति का अनुभव**

कार्यक्रम में बीके राजयोगिनी लीना दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को गहन शांति का अनुभव कराया। गाइडेड मे-डिटेशन के दौरान पूरा हॉल शांत वातावरण में डूब गया और प्रतिभागियों ने मानसिक रूप से खुद को ऊर्जावान महसूस किया।

**कार्यशाला में मिला जीवन प्रबंधन का मार्गदर्शन**

मानेसर से आईं मुख्य वक्ता बीके येशु बहन ने संवादात्मक कार्यशाला के जरिए आंतरिक खुशी और मानसिक संतुलन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि शांत मन से ही हर समस्या का समाधान संभव है।

**विशिष्ट अतिथियों ने रखे विचार**

मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. अनिता मिश्रा ने कहा कि व्यक्तिगत परिवर्तन से ही विश्व परिवर्तन संभव है। भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की निदेशक नीतू जैन और रिटायर्ड एयर कमोडोर हरजिंदर सिंह ने भी अपने विचार साझा करते हुए जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया।

सात्विक भोजन के साथ समापन कार्यक्रम का समापन सात्विक भोजन के साथ हुआ। सभी प्रतिभागी एक नए संकल्प के साथ विदा हुए– "शांति की राह पर चलकर, जीवन को सजाना सीखें।"

## बिरौंडी व साकीपुर में श्री राम जन्म महोत्सव, बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जीता मन

समाज जागरण ग्रेटर नोएडा

संदीप गर्ग नोएडा। वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन द्वारा संचालित विजय सिंह पथिक प्रतिभा विकास केंद्र (बिरौंडी) एवं स्वामी विवेकानंद प्रतिभा विकास केंद्र (साकीपुर) में श्री राम जन्म महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया।

बिरौंडी स्थित जे.एस. आदर्श विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभा विकास केंद्र से जुड़े वंचित परिवारों के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

**दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ**



कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और भगवान श्री राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल रकम सिंह, संतराम मावी, सतीश मावी, ज्ञानचंद, जगदीश प्रधान, सतपाल मावी, ओमवीर मावी, राजेश बिहारी और जगत मावी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**संस्कृति और परंपरा पर जोर**

मुख्य वक्ता प्रो. विवेक कुमार ने भारतीय संस्कृति और परंपराओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होता है, लेकिन आज पश्चिमी प्रभाव के कारण अंग्रेजी कैलेंडर का प्रचलन बढ़ गया है।

**राम के आदर्श अपनाने का संदेश**

वक्ता राजेश बिहारी ने "राम से रामत्व की ओर" विषय पर अपने विचार रखते हुए लोगों से भगवान श्री राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश मावी ने की और समाज सेवा व परहित के कार्यों के लिए प्रेरित किया।

**सहयोग से सफल हुआ आयोजन**

कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्या सविता चौधरी, भारती भाटी और ब्रजेश कुमार सहित अन्य सहयोगियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में संस्कार, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

## टीएमयू फामेर्सी क्रिकेट के कडे मुकाबले में फार्म डी फोर्थ ईयर टीम के सिर सजा ताज

समाज जागरण

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फामेर्सी कॉलेज के स्पोर्ट्स वीक- मेडएथलॉन 2026 में वॉलीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, टंग ऑफ वार, ट्रैक एंड फील्ड, बॉक्स क्रिकेट, कबड्डी, चेस, कैरम के मुकाबले जारी

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फामेर्सी कॉलेज के स्पोर्ट्स वीक- मेडएथलॉन- 2026 की क्रिकेट प्रतियोगिता फाइनल के कडे मुकाबले में फार्म डी फोर्थ ईयर ने फैकल्टी की टीम को 02 विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया। टास जीतकर फार्म डी की टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए फैकल्टी की टीम निर्धारित 15 ओवर में 06 विकेट के नुकसान पर 136 रन ही बना पाई। फैकल्टी टीम के कप्तान अभिषेक आनन्द ने 25 गेंदों में 35 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। अपनी पारी में आनन्द ने 06 चौके भी जडे। 137 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फार्म डी फोर्थ ईयर की टीम ने 14.2 ओवर में 08 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। फाइनल मुकाबले में हौसलाफजाई के लिए फामेर्सी कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. आशु मित्तल, वाइस प्रिंसिपल प्रो. मयूर पोरवाल आदि मौजूद रहे। स्पोर्ट्स वीक-मेडएथलॉन में क्रिकेट के अलावा वॉलीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, टंग ऑफ वार, ट्रैक एंड फील्ड, बॉक्स क्रिकेट, कबड्डी, चेस, कैरम आदि खेलों की ब्वायज एंड गर्ल्स की सिंगल्स और डबल्स की प्रतियोगिताएं भी हो रही हैं।

फार्म डी फोर्थ ईयर की ओर से बतौर कप्तान ऑलराउंडर आदित्य कलेर ने 03 ओवर में 14 रन देकर 02 विकेट चटकाए और 06 गेंदों में 04 चौकों की मदद से 16 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। फार्म डी की ओर से ऑलराउंडर मो. फाजिल ने 20 गेंदों में 33 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। फाजिल ने अपनी पारी में 02 चौके और 02 छक्के भी जडे। फैकल्टी की ओर से गेंदबाज गुलशन राठौर ने 03 ओवर में 16 रन देकर 03 विकेट चटकाए। क्रिकेट प्रतियोगिताओं में फिजिकल एजुकेशन के अभिषेक सागवान और प्रत्यूष कुमार द्विवेदी ने अंपायर की भूमिका निभाई, जबकि सेमीफाइनल मुकाबलों में फैकल्टी की टीम ने बीफार्म फोर्थ ईयर की टीम को 42 रनों से मात दी। इस मुकाबले में फैकल्टी टीम के कप्तान अभिषेक आनन्द को 03 विकेट और 28 गेंदों में 35 रनों की पारी के लिए सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया। फॉर्म डी फोर्थ ईयर ने बीफार्म फर्स्ट ईयर की टीम को 07 विकेट से करारी मात दी। मेडएथलॉन कमेटी में शामिल डॉ. स्मृति तिवारी, डॉ. राजेश शर्मा, डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला, सुश्री खुशी श्रीवास्तव आदि की विशेष भूमिका है।

# प्रेशर सिलेंडर फटने से युवक की मौत

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। थाना टूंडला के बड़े चौराहे के समीप वर्कशॉप पर काम करते समय सिलेंडर फटने से एक युवक की मौत हो गई पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है



थाना टूडला के अनामिका टॉकीज के समीप निवासी 20 वर्षीय रोहित पुत्र राकेश बड़े चौराहे के समीप वर्कशॉप पर काम करता था वह रोजाना की तरह काम पर गया जहां काम करते समय प्रेशर सिलेंडर फटकर युवक की छाती पर लगा जिसके फल स्वरुप उसकी मौत हो गई मौके पर काफी भीड़ एकत्रित हो गई इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी पहुंच गए जिन्होंने जमकर हंगामा कांटा इधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया तत्पश्चात पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है जहां शव को बिछेदन ग्रह में रखवा दिया गया है।

# 24 में को निकाली जाएगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। जिला ब्राह्मण महासभा पंजीकृत फिरोजाबाद के तत्वाधान में हर वर्ष निकलने वाली महर्षि भगवान परशुराम शोभायात्रा 2026 को लेकर होटल शिवम में एक प्रेस वार्ता का आयोजन शोभायात्रा के अध्यक्ष पंडित सुनील वशिष्ठ एवं संयोजक पंडित लक्ष्मण तिवारी द्वारा किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान जिला ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पंडित शिवकुमार शर्मा



एडवोकेट ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा सादगी के साथ धूमधाम और विधि-विधान से निकाली जाएगी। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की।

शोभायात्रा अध्यक्ष पंडित सुनील वशिष्ठ एवं संयोजक पंडित लक्ष्मण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 24 मई 2026, दिन-रविवार को सांय- 3 बजे शोभायात्रा राजा दालमील रसूलपुर से प्रारंभ होकर नालबंद चौराहा, राधाकिशन मंदिर, छोटा चौराहा, घंटाघर, सदर बाजार, सेंट्रल टॉकीज चौराहा, बर्फखाना चौराहा, डाकखाना चौराहा, कोटला रोड होते हुए रामलीला मैदान स्थित महर्षि भगवान परशुराम शिविर पर पहुंचकर संपन्न होगी।

उन्होंने बताया कि शोभायात्रा में भगवान की आकर्षक झांकियां, काली अखाड़े, ऊंट-घोड़े तथा भगवान का भव्य रोड शो मुख्य आकर्षण रहेंगे। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि शोभायात्रा के लिए किसी भी प्रकार का सार्वजनिक चंदा नहीं किया जाएगा। जो भी विप्र बंधु आर्थिक सहयोग देना चाहते हैं, वे सीधे शोभायात्रा अध्यक्ष या संयोजक से संपर्क कर सहयोग कर सकते हैं।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष परशुराम शोभायात्रा पंडित तरुण उपाध्याय की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रेस वार्ता के दौरान अध्यक्ष एवं संयोजक द्वारा महर्षि भगवान परशुराम शोभायात्रा 2026 की कार्यकारिणी की घोषणा भी की गई।

# हाई टेंशन बिजली के तार टूट कर गिरने से गेहूं की खड़ी फसल जलकर हुई राख

**समाज जागरण**

संभल।जुनावई थाना क्षेत्र के करिया खेड़ा गांव में हाई टेंशन बिजली के तार टूट कर गिरने से किसान की गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने अपने निजी साधनों से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग तीन बीघा गेहूं जल चुके थे

आपको बताते चलें कि करिया खेड़ा गांव निवासी वीरेश के खेत के ऊपर से



हाई टेंशन बिजली की लाइन गुजर रही है जिसमें रविवार के दिन अचानक लाइन में फॉल्ट हो गया और आग की चिंगारी निकलने लगी इसके बाद बिजली का तार टूट कर गेहूं की खड़ी फसल में गिर गया और आग लग गई वहीं ग्रामीण देवेंद्र ने बताया कि पहले लाइन में फोल्ड हुआ उसके बाद तार टूट कर वीरेश के खड़े गेहूं की फसल पर गिर गया जिसके कारण गेहूं की फसल में आग की लपटे उठने लगी आग की लपट देख आसपास खेतों में कार्य कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे और अपने निजी साधनों से आज पर काबू पाया लेकिन तब तक वीरेश के लगभग तीन बीघा गेहूं जलकर राख हो गए

# महिला से मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। महिला के साथ मारपीट करने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।

मोहल्ला अफगानान निवासी इमरान ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया है कि वह राजमिस्त्री है और अक्सर घर से बाहर रहता है। गुरुवार सुबह उसकी पत्नी साबरा पड़ोस में अपनी बहन के घर गई थी। आरोप है कि वहां रशीद, उसकी पत्नी रुकसाना तथा मुकर्रम और भूरा ने पत्नी के साथ लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला के साथ मारपीट कर दांत तोड़ा

**समाज जागरण**

कैराना। एक महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट करते हुए दांत तोड़ दिया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला खैलकलां निवासी शबाना ने मुकदमा दर्ज कराया कि गत गुरुवार शाम करीब चार बजे वह अपने घर पर मौजूद थी। आरोप है कि मोहल्ले के ही दानिश, जाकिर व मोहम्मद लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस आए, जिन्होंने उसके साथ मारपीट की, जिस कारण उसका एक दांत टूट गया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सॉफ्ट बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट में उत्तर प्रदेश ने मारी बाजी।

**समाज जागरण – ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। झारखंड मे 2 अप्रैल से 5 अप्रैल तक जूनियर राष्ट्रीय महिला पुरुष सॅफ्टबौल किकेट चैम्पियन शिप मे उत्तर प्रदेश की जूनियर महिला एवं पुरुष की सॅफ्टबौल किकेट की टीमे 31 मार्च को सचिव अनिल लहरी के साथ झारखंड में चैम्पियन शिप मै भाग लेने गयी थी जिसमे सात राज्यो की टीमो ने भाग लिया था। इस चैम्पियन शिप के इण्डियन सॉफ्टवौल किकेट फेडरेशन ने उत्तर प्रदेश केसचिव अनिल लहरी को आर्जवर नियुक्त किया था। चैम्पियन शिप महिला-पुरुष की अनिल लहरी की देखरेख मे झारखंड मे खेली गयी




उत्तर प्रदेश के चैयरमैन अनिल गर्ग अध्यक्ष मुकेश गुप्ता मामा ने बताया कि उत्तर प्रदेश सॉफ्टबॉल जूनियर टीम की कप्तान शिवाली यादव के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश की टीम ने बेह्तरीन प्रदर्शन कर टीम ने फाइनल में पहुंच कर विहार की महिला टीम से खेला गया जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम की कप्तान ने आक्रमक बल्लेबाजी कर उत्तर प्रदेश की टीम को विजेता बनाया. उत्तर प्रदेश के सचिव अनिल लहरी चैयरमैन अनिल गर्ग अध्यक्ष मुकेश गुप्ता मामा संजय बंसल प्रदीप मित्तल पम्मी डी सी गुप्ता ने टीम को विजेता होने पर हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाये दी और हर्ष व्यक्त किया है।

# भाजपा ने पार्टी के स्थापना दिवस से एक दिन पूर्व चलाया स्वच्छता अभियान।

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस 6 अप्रैल 2026 के शुभ अवसर से पूर्व रविवार को फिरोजाबाद के कैला देवी मंदिर पर एक विशेष स्वच्छता अभियान महानगर जिला अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य रूप से सदर विधायक मनीष असीजा एवं महापौर कामिनी राठौर, सुरेंद्र राठौर उपस्थित रहे

इस अवसर पर महानगर जिला अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिन पहले सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और "स्वच्छ भारत" के संकल्प को दोहराना है स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर आज भाजपा कार्यालय पर विशेष रूप से लाइटिंग लगाई जा रही है और कल 6 अप्रैल स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर सुबह पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की मूर्तियों पर माल्यार्पण पार्टी कार्यालय पर ध्वजारोहण हवन व मिष्ठान वितरण का कार्यक्रम रहेगा



इसके पश्चात दोपहर 12:00 बजे से पार्टी स्थापना दिवस पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन भी बस स्टैंड के पास प्रभात होटल के पीछे मोहन भैया हॉस्पिटल पर किया जाएगा और महानगर के प्रत्येक बूथ पर स्थापना दिवस के कार्यक्रम मनाए जाएंगे

विधायक सदर मनीष असीजा एवं महापौर कामिनी राठौर ने संयुक्त रूप से कहा कि भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे देश में इसी तरह के सेवा कार्य और स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि राजनीति को जनसेवा के माध्यम से जोड़ा जा सके।

केला देवी मंदिर पर कार्यकताओं के साथ मिलकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र की सफाई की गई।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद्र अग्रवाल, सुनील टंडन, महामंत्री प्रमोद बघेल, देवेश भारद्वाज, महानगर उपाध्यक्ष डॉ एसपी लहरी,रामनरेश कटारा, योगेंद्र बाबा, अंकित तिवारी, विवेक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता कालू मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता,महानगर मंत्री नमन बंसल, कैलाश ओझा, श्रीमती दुर्गेश यादव, राम लड़ती लकी, सुखपाल निषाद, क्षेत्रीय पार्षद हरिओम वर्मा एवं प्रमोद राजोरिया केशव देव, अनुपम शर्मा, आकृति सहयोगी, गौतम कुशवाहा, सतवीर गुर्जर, प्राचीर गुप्ता,लायक सिंह संखवार,अशोक राठौर, मनीष राठौर एवं समस्त कार्यकर्ता गढ़ उपस्थित रहे।

# नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन - 4 क्रिकेट टूनार्मेंट का दूसरा सेमी फाइनल मैच

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद। नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित नजीबाबाद प्रीमियर लीग सीजन - 4 क्रिकेट टूनार्मेंट के सातवें दिन बैंक विभाग और तहसील टीम के बीच मुकाबला रहा। बैंक विभाग ने मैच जीता।

रविवार को अंपायर फाजिल अली व विनीत कुमार की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। बैंक विभाग ने टॉस जीतकर, पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाकर जीत हासिल की। तहसील टीम ने 14.3 ओवर में 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। बैंक टीम से सुशील ने 29 बॉल पर 65 रन बनाए। और सायम ने 25 बॉल में 38 रन बनाए और 4 विकेट लिए और बैंक टीम से सायम मैंन ऑफ द मैच रहे व तहसील टीम से जैकी कुमार ने 22 बॉल में 36 रन बनाए और फाइटर ऑफ द मैच रहे। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने सायम को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी व जैकी कुमार को फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी दी। टूनार्मेंट में मो0 अहसान और सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। स्कोरिंग रितेश द्वारा की गई।

टूनार्मेंट के सातवें दिन बैंक विभाग और रोडवेज टीम के बीच फाइनल



का मैच खेला गया।

**बैंक विभाग ने जीता मैच**

सर्वप्रथम टेस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर टूनार्मेंट का शुभारंभ किया तथा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी तथा प्रकृति अग्रवाल शगुन मायनशी कश्यप इशिका ईशानी यशस्वी परविंदर आदि द्वारा राष्ट्रगान किया। गयारोडवेज ने टॉस जीत का पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया रोडवेज टीम 17.3 ओवर में 131 रन बनाकर ऑल आउट हो गई रविंद्र कुमार ने 19 गेंद पर 32 रन बनाए और एक विकेट लिया। तथा बैंक विभाग ने 12.2 ओवर में 132 रन बनाकर तथा 4 विकेट के नुकसान पर मैच को जीता मोंटी ने 30 गेंद पर 71 रन बनाकर 1 विकेट लिया और मैन ऑफ द मैच रहे तथा रविंद्र रोडवेज टीम से फाइटर ऑफ द मैच रहे। मैन ऑफ द सीरीज - मो० सायम खान, बेस्ट बॉलर - कृष्णा , बेस्ट फील्डर - हरिसिंह, बेस्ट बैट्समैन - मोंटी, बेस्ट कीपर मो० दानिश, मैच में फाजिल अली व संतोष कुमार अंपायर रहे। तथा सुखदेव सिंह व मोहम्मद अहसान द्वारा शानदार कंमेट्री की गई। मैन ऑफ द मैच द फाइटर ऑफ द मैच की ट्रॉफी टूनार्मेंट के मुख्य अतिथि डॉक्टर महमूद अहमद द्वारा दी गई। इस अवसर पर इंजी० मोअज्जम, खुर्शीद मंसूरी, मेराज अहमद, हाजी मो० विसाल, सुरेंद्र सिंह, सतनाम सिंह बाजवा, फईम अंसारी, मो० अनवर अंसारी, जैनुल आबेदीन, संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, आदित्य विक्की, हिना अग्रवाल, विनीता, शगुन प्रजापति, प्रकृति अग्रवाल, ईशानी आदी रहे। क्रिकेट टूनार्मेंट का लाइव प्रसारण यूट्यूब के जीटी स्पोर्टस टीवी चैनल पर चलाया जा रहा है।

# मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की हुई समीक्षा बैठक

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई।कलक्ट्रेट सभागार में पशुपालन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत मा. मंत्री जी द्वारा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य करें। अस्थायी रूप से गौशाला स्तर पर भूसा बैंक बनाया जाना सुनिश्चित करें। भूसा टेण्डर प्रक्रिया को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मा. मंत्री जी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक गौ आश्रय स्थल पर लगभग 10 कुंतल भूसा उपलब्ध रहे। भूसा दान प्रक्रिया को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष तथा ब्लॉक प्रमुख आदि जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। भूसा का उचित प्रबंध किया जाए। गोचर भूमि को कब्जा मुक्त कराकर उसमें हरा चारा को उपजाया जाए। कोई भी गोवंश गौशाला में भूखा न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। गौशालाओं का उचित संरक्षण हो। नस्ल सुधार पर भी कार्य किया जाए। किसानों को गायों के कृत्रिम गभार्धान के लिए प्रेरित किया जाए। गौवंशों को संक्रामक रोग न फैले इस पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा खुरपका मुंहपका के टीकाकरण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंत्री जी ने कहा कि बधियाकरण पर भी ध्यान दिया जाए। लू से बचाव के लिए भी उपाय किये जाएं तथा गौशालाओं में गोबर गैस प्लांट तथा वर्मी कम्पोस्ट को लेकर भी निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र सिंह तथा समस्त उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी तथा पशु चिकित्सा अधिकारी तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रामचरित मानस के तीन बच्चे बने मरमग्य ज्ञाता।

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद। वैदिक संस्कार जागरण मंच द्वारा आयोजित 12 वी श्री रामचरित मानस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आज अंतिम चरण एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न.

' कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के मुख्य अतिथि माननीय मनीष असीजा,आचार्य सुशील शर्मा, आचार्य संतोष शर्मा, आचार्य सुधीर शर्मा, मेयर कामिनी राठौर व संस्था के अध्यक्ष मनोज सिकरवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया ' माँ सरस्वती वंदना प्रख्यात कवि प्रवीन पांडेय, विष्णु उपाध्याय व छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई ' 225 छात्रों ने आज फाइनल लिखित प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें टोप 11 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की ' उसके बाद 11 सफल अभ्यथीयों की पुनः मौखिक प्रतियोगिता कराई गई जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रबल यादव, किड्स कॉर्नर,द्वितीय स्थान श्रष्ठी शर्मा, ओ वी एम विद्यालय,व तृतीय स्थान हिमांशु प्रोफेसर राजेंद्र सिंह स्कूल प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरुप क्रमशः मुकेश शर्मा श्यामादेवी



इंटर कॉलेज,द्वारा फ्रिज, अंशुमन गुप्ता, माताप्रसाद कलावती देवी द्वारा कूलर व मोहन फाउंडेशन द्वारा साईकिल प्रदान की गई ' बाकी, 8 प्रतियोगियों को एक -एक टेबल फैन रविंद्र वर्मा द्वारा प्रदान किये गए।व बाकी सभी 214 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार में एक लंच बॉक्स व प्रमाण पत्रसंस्था द्वारा प्रदान किया गया ' कार्यक्रम में सहायक सभी 64 अध्यापकों व पदाधिकारियों को भी सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया ' जागरण मंच एवं संयुक्त परिवार के दो प्रमुख पदाधिकारियो मनोज दोनेरिया व पी के शर्मा का जन्मोत्सव भी संयुक्त परिवार द्वारा मनाया गया साथ ही 225 बच्चों एवं 90 अभिभावकौ, अध्यापकों ने परिवार की सदस्यता ग्रहण की।कार्यक्रम का सफल संचालन कवि कृष्ण कुमार 'कनक 'एवं मंच के प्रमुख निदेशक पी के शर्मा ने किया ' कार्यक्रम के विशिष्टअतिथि , डॉ रामसनेही लाल शर्मा ययावर , अंशुमन गुप्ता, आदि ने अपने उदवोधन में जागरण मंच की प्रशंशा की।एवं वैदिक जागरण मंच के मुख्य पदाधिकारी राजेश दुबे, आदर्श, संजेश नारायण शर्मा, सतीश गोलस, देवब्रत पाण्डेय, सुशील पेगोरिया, मनोज दोनेरिया, राजोरिया, राधेश्याम कुशवाह, मुकेश गुप्ता,आचार्य ध्रुव कुमार,मृदुल माधव पाराशर, राघवेन्द्र सिंह,आशीष सविता आदि उपस्थित रहे ' स्वरुचि भोज के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया '

# झालगोपालपुर पुल के पास मुठभेड़ में अंतरजनपदीय भैंस चोर गिरोह का भंडाफोड़, 7 गिरफ्तार

**तीन बदमाशों को लगी गोली, एसओजी व सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में अवैध असलाह व पिकअप बरामद।**

**समाज जागरण –ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना एका अंतरजनपदीय भैंस चोर गिरोह का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। सर्विलांस टीम एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में झालगोपालपुर पुल के पास

मुठभेड़ में तीन बदमाशों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए, जिन्हें पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, एसओजी प्रभारी प्रेम शंकर पांडे सर्विलांस प्रभारी मुकेश कुमार के साथ रविवार को सुबह 5:00 बजे घटनास्थल पर मुठभेड़ हुई। गिरफ्तार घायल आरोपियों में सलीम उर्फ धूमी उर्फ भूमि पुत्र आलम निवासी भोपतपुरा थाना निधौलीकलां जनपद एटा, कल्लू उर्फ कलुआ उर्फ फिरोज पुत्र नत्थू निवासी शेखनपुर थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद, जुम्मन शाह उर्फ जुम्मन खां पुत्र आमरू निवासी ईखू थाना फरिहा जनपद फिरोजाबाद, शामिल हैं वहीं अन्य




गिरफ्तारी मेरे शहजाद पुत्र गुलाब खां निवासी रशेमर थाना कुरावली जनपद मैनपुरी, अफसर पुत्र अनवर खां निवासी मुस्तफाबाद थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद, फैजल पुत्र फुरकान निवासी मुस्तफाबाद थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद तथा राहुल पुत्र शिवकुमार निवासी गढ़ी भादो थाना पिलुआ जनपद एटा शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध तमंचे, छह जिंदा कारतूस, चार खोखा कारतूस, 14 हजार रुपये नकद, एक भैंस, एक कटरा ( भैंस का बच्चा) तथा घटना में प्रयुक्त मैक्स पिकअप वाहन बरामद किया है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे रात के समय ग्रामीण क्षेत्रों में भैंस चोरी कर मैक्स पिकअप से ले जाकर अन्य स्थानों पर बेच देते थे और प्राप्त धनराशि आपस में बांट लेते थे। गिरोह के कुछ सदस्यों पर दर्जनोंआपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।थाना प्रभारी शुजुल पांडे ने बताया कि ह्लसूचना के आधार पर एसओजी प्रभारी सर्विलांस प्रभारी टीम के साथ झालगोपालपुर पुल के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसके जवाब में की गई कार्रवाई में तीन बदमाश घायल हुए और सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की जांच भी की जा रही।

# मीनाक्षी फिजियोथैरेपी सेंटर का भव्य निशुल्क मेडिकल कैंप, 100 मरीजों को मिला नया जीवन

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। स्योहारा में रविवार को जनसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण देखने को मिला, जब मीनाक्षी फिजियोथैरेपी सेंटर पर भव्य निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और विशेषज्ञ डॉक्टरों से उपचार पाकर राहत महसूस की।

शिविर का शुभारंभ समाजसेवी डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए बेहद आवश्यक बताया।

कैंप में सेंटर के संचालक डॉ. सौरभ कुमार वर्मा के नेतृत्व में मुरादाबाद से आए अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. नितिन चौधरी और डॉ. सोनाली चौधरी ने मरीजों का निशुल्क परीक्षण किया। लगभग 100 मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया और अपनी



पाया।

विशेष रूप से घुटनों के दर्द, कमर दर्द, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और अन्य जटिल दर्द संबंधी समस्याओं की आधुनिक मशीनों द्वारा गहन जांच कर मरीजों को प्रभावी उपचार दिया गया। साथ ही डॉक्टरों ने मरीजों को सही दिनचर्या, व्यायाम और जीवनशैली अपनाने के महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए।

डॉ. सौरभ कुमार वर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं निशुल्क शिविरों का आयोजन निरंतर जारी रहेगा।

वहीं डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि इस तरह के शिविर समाज के लिए वरदान साबित हो रहे हैं और स्योहारा में इन्हें नियमित रूप से आयोजित किया जाना चाहिए, ताकि हर जरूरतमंद व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंच सकें।

इस आयोजन ने न केवल मरीजों को राहत दी, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत किया।

# प्रार्थना सभा में विश्व शांति, सामाजिक एकता और मानव सेवा के लिए की गई सामूहिक प्रार्थना

**समाज जागरण**

सम्भल/ बहजोई। डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च, बहजोई में प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के स्मरण में ईस्टर पर्व अत्यंत हर्ष, उल्लास और भक्ति-भाव से सम्पन्न हुआ। यह दिन मसीही विश्वासियों के लिए आशा, नवजीवन और विजय का प्रतीक माना जाता है।

प्रातः 4:00 बजे आरंभ हुई प्रभातकालीन स्तुति सभा में विश्वासियों ने हाथों में मोमबत्तियाँ लेकर स्तुति-गीत गाते हुए प्रभु यीशु के पुनर्जीवित होने का स्मरण किया। इसके पश्चात प्रातः 11:00 बजे विशेष आराधना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में मसीही जनों ने भाग लिया।

सभा की अध्यक्षता कर रहे ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च के प्रजाइडिंग एल्डर रेवरेंड डॉ० राहुल उठवाल ने अपने प्रेरणादायक संदेश में कहा कि गुड फ्राइडे की शोकपूर्ण घटनाओं के पश्चात जब प्रभु यीशु तीसरे दिन पुनर्जीवित हुए, तो उनके शिष्य और अनुयायी एक नई आशा, बल और उत्साह से भर गए। ईस्टर हमें सिखाता है कि सत्य, प्रेम और बलिदान की अंतिम विजय निश्चित होती है। उन्होंने मत्ती 28 से पवित्र बाइबिल का पाठ करते हुए पुनरुत्थान की घटना को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

पादरी प्रवीन कुमार ने अपने संदेश में प्रभु यीशु के चरित्र और शिक्षाओं को मानवता का आदर्श बताते हुए कहा, उनकी शिक्षाएं आज भी शांति, क्षमा, करुणा और सेवा का संदेश देती हैं। पुनरुत्थान केवल चमत्कार नहीं, बल्कि प्रत्येक संघर्षरत आत्मा के लिए आशा का प्रतीक है।

प्रार्थना सभा के अंत में विश्व शांति, सामाजिक एकता और मानव सेवा के लिए विशेष सामूहिक प्रार्थना की गई। सभा में उपस्थित सभी विश्वासियों ने एक-दूसरे को ईस्टर की शुभकामनाएं दीं और प्रभु के पुनर्जीवन की खुशी साझा की।

डिवाइन फेथ फैलोशिप ग्लोबल मैथोडिस्ट चर्च द्वारा आयोजित यह ईस्टर समारोह न केवल धार्मिक आस्था का उत्सव था, बल्कि यह मानवता, प्रेम और सेवा के मूल्यों को एक नए स्वरूप में प्रकट करता रहा।

इस पवित्र अवसर पर चर्च के कई सदस्यगण उपस्थित रहे, जिनमें खुशी, अंजली, कोमल, कमलेश, अर्जुन, अमयारा, कंचन, चुनमुन, विजय, पूजा, शैलिन, बेबी रॉबिंसन, वीनस, आकांक्षा, पंकज रॉबिंसन, सीमा टॉड, सामर्थ, अरनव, प्रिंस, अनुराग, कनक, माही, आनन्द, भूमि, सहित अनेक श्रद्धालु सम्मिलित हुए।

# महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयंती का कार्यक्रम आयोजित




**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) रविवार को शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में अखिल भारतीय श्री महर्षि कश्यप विकास चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयंती का 14वां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महर्षि कश्यप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए उसके जीवन से प्रेरणा लेने का आहवान किया गया।

रविवार को अखिल भारतीय श्री महर्षि कश्यप विकास चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज जयंती शहर के चौधरी चरण सिंह बारातघर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ एमएलसी किरणपाल कश्यप, श्री बजरंग लाल मेहरा जयपुर व चेयरमैन फतेहगढ निर्मल सिंह कश्यप, जम्मू कश्मीर से रमेश डोगरा ने संयुक्त रूप से महर्षि कश्यप के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। एमएलसी किरणपाल कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप द्वारा सृष्टि की राचियता की। कार्यक्रम में आये विभिन्न प्रदेशों के लोगों ने महर्षि कश्यप के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के बच्चों व कलाकारों द्वारा शानदार प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अखिर में प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सत्यपाल कश्यप, पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल, टोनी सिंह कश्यप, विजय कौशिक, सुरेन्द्र कश्यप, डा. राजकुमार कश्यप, गौरव कश्यप, हरबीर कश्यप, चंद्रपाल कश्यप, रघुवीर कश्यप, गौरव कश्यप, भारत कश्यप, सोनू कश्यप आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जाट समाज में रोष




**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) चौधरी चरण सिंह के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर जाट समाज में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। आर्य जाट महासभा शामली की बैठक में इस मामले की कड़ी निंदा करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

रविवार को शहर के भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में आयोजित महासभा की बैठक अध्यक्ष सुनील निर्वाल की अध्यक्षता में हुई, जबकि संचालन सचिव दिव्य प्रभाकर ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि किसान नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर की गई अभद्र टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि आरोपी राम अवतार पलसानिया के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, सदस्यता अभियान को विस्तार देने और वार्षिक अलंकरण समारोह आयोजित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज के लोगों से महासभा से जुड़ने की अपील की। इसके अलावा समाज में फैली कुरीतियों जैसे नशाखोरी, भ्रूण हत्या, आपसी विवाद और मुकदमेबाजी के खिलाफ अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया। बैठक में बाबूराम पंवार, राजकुमार चेयरमैन, डॉ. देवेंद्र पाल राणा, रामपाल सिंह देशवाल, नरेश मलिक, रामपाल सिंह अहलावत, संजीव प्रधान, सतेन्द्र खैवाल, डॉ. ओमपाल सिंह, ओमपाल सिंह निर्वाल, विपिन गोहरनी, अनिरुद्ध मलिक, कंवरपाल सिंह मौजूद रहे।

# सात अप्रैल को आगरा में होगी कैट की मंडलीय बैठक

**समाज जागरण**

शामली। कैट की मंडलीय बैठक 7 अप्रैल को मथुरा के होटल में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक में उत्तर प्रदेश के 12 जिलों शामली, मुजफ्फरनगर, गाजियाबाद, सहारनपुर, संभल, मुरादाबाद, हाथरस, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, बरेली आदि के व्यापारी, उद्यमी, एमएसएमई और स्टार्टअप्स प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक के पहले सत्र में दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की मंत्री परिषद की बैठक होगी। इसके बाद द्वितीय सत्र शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीण खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर संबोधित करेंगे। बैठक में व्यापारियों और उद्यमियों को 12 से 15 अगस्त तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होने वाले भारतीय व्यापार महोत्सव 2026 की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इस महोत्सव में देशभर के 36 राज्यों के व्यापारी, उद्यमी और स्टार्टअप्स हिस्सा लेंगे। इस विश्वस्तरीय प्रदर्शनी में लगभग 2 लाख से ज्यादा बिजनेस डेलिगेट्स और 10 लाख से अधिक आगंतुकों कनलीामिल होने की संभावना है।

# भाजपा जिला कार्यकारिणी में उपाध्याय समाज को मिला प्रतिनिधित्व

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) अखिल भारतीय योगी नाथ उपाध्याय समाज सेवा संगठन द्वारा भाजपा जिला कार्यकारिणी में उपाध्याय समाज को प्रतिनिधित्व मिलने के उपलक्ष्य में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में योगी तेजपाल उपाध्याय एवं एमएलसी वीरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा जिलाध्यक्ष रामजीलाल



कश्यप, मानस संगल ने अपने संबोधन में कहा कि उपाध्याय समाज गुरु गोरखनाथ की परंपरा से जुड़ा संगठित और जागरूक समाज है, जो शिक्षा, खेल और राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर आगे बढ़ रहा है। वहीं एमएलसी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे समाज का सम्मान है। योगी तेजपाल उपाध्याय ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि समाज की एकजुटता ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। कार्यक्रम के संयोजक अनिल उपाध्याय रहे, जबकि मंच संचालन मास्टर तेजपाल सिंह ने किया। समारोह की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम किशन उपाध्याय ने की। इस अवसर पर संजय उपाध्याय, केपी भट्टी, रामपाल योगी, डिंपल उपाध्याय, सत्येंद्र नारायण, रमेश प्रधान, सुनील कुमार, रामवीर, ललित उपाध्याय, विनोद प्रमुख, श्रीपाल आर्य, अभय तोमर, नीतू कश्यप, निशिकांत संगल मौजूद रहे।

# आवारा कुत्तों के हमलों से एक दर्जन लोग घायल, पालिका प्रशासन नाकाम



**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग) मौसम में बदलाव और तापमान बढ़ने के साथ ही शहर में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। गली-मोहल्लों से लेकर बाजारों तक लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है, क्योंकि आए दिन कुत्तों द्वारा राहगीरों पर हमले की घटनाएं सामने आ रही हैं। कुत्तों के हमलों में करीब एक दर्जन लोग घायल हुए है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन कुत्तों को पकडने में नाकाम है।

रविवार को हालात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शामली और जिला अस्पताल शामली में कुत्तों के काटने से घायल एक दर्जन से अधिक लोग उपचार के लिए पहुंचे। अस्पतालों में घायलों को प्राथमिक उपचार देने के साथ ही एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। डॉक्टरों का कहना है कि जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है, आवारा कुत्तों का व्यवहार आक्रामक हो जाता है, जिससे काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। इन दिनों तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है, जिसका सीधा असर शहर में कुत्तों की गतिविधियों पर भी देखने को मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय कुत्तों के झुंड गली और सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। कई बार स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कुत्ते दौड़ा लेते हैं। रविवार को शामली सीएचसी में 35 वर्षीय विनय कुमार, 28 वर्षीय हर्षित, 30 वर्षीय काजल, 7 वर्षीय कुमकुम, 27 वर्षीय कुसुम, 22 वर्षीय राहुल नामदेव, 52 वर्षीय सुनीता तथा जिला अस्पताल में 4 वर्षीय आयान, 32 वर्षीय मोहित को उपचार दिया गया। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनके टीकाकरण की व्यवस्था की जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके। वही नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों को पकडने का कोई अभियान न चलाये जाने से नागरिकों में रोष व्याप्त है।

# बेनिसन एकेडमी में कक्षा आठ तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित



**समाज जागरण**

शामली। बेनिसन एकेडमी में रविवार को कक्षा एक से 8 तक के बच्चों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान अपनी अपनी कक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

रविवार को शहर के मोहल्ला पंसारियान स्थित बेनिसन एकेडमी में कक्षा एक से कक्षा 8 तक का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल प्रबंधक एआर चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होने अपनी अपनी कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होने कहा कि परीक्षा परिणाम बेहतर लाने के लिए कडी मेहनत करे और अपने माता पिता तथा स्कूल का नाम रोशन करे। इस दौरान स्कूल के शिक्षकों को भी सम्मानित किया और अपेक्षा की कि आने वाले समय में स्कूल का रिजल्ट और भी बेहतर होगा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई गई महर्षि कश्यप जयंती, हवन-यज्ञ व गोष्ठी का आयोजन



**समाज जागरण**
**कैराना।(फुरकान जंग)**

नगर में महर्षि कश्यप जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर हवन-यज्ञ और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महर्षि कश्यप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।रविवार को नगर स्थित सिद्ध प्राचीन महर्षि कालू बाबा मंदिर में एमकेबी महासभा के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि कश्यप जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे हवन-यज्ञ के साथ हुई, जिसे पंडित विवेक जोशी ने संपन्न कराया। इसके बाद सुबह 11 बजे सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।सभा की अध्यक्षता जयचंद हलवाई ने की, जबकि संचालन डॉ. श्रीपाल कश्यप ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासभा प्रमुख दीपक कुमार बालन ने महर्षि कश्यप और गुरु कालू बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप सप्तऋषियों में से एक थे और उन्हें सृष्टि का रचनाकार माना जाता है। उन्होंने बताया कि गुरु कालू बाबा ने नारद मुनि को लाख चौरासी के बंधन से मुक्ति दिलाई थी।उन्होंने समाज के लोगों से महापुरुषों के आदर्शों को अपनाने, समाज को संगठित करने और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को समाज के महापुरुषों के मार्गदर्शन पर चलने का संकल्प दिलाया गया और प्रसाद वितरित किया गया।बताया गया कि क्षेत्र के अलीपुर, पंजीठ, मवी, रामड़ा, बुच्चाखेड़ी, सहपत और घीसुगढ़ सहित कई गांवों में भी महर्षि कश्यप जयंती धूमधाम से मनाई गई।इस दौरान जयचंद कश्यप, डॉ. श्रीपाल कश्यप, जग्गी कश्यप, सुरेश चंद, अभिमन्यु, डॉ. रवि, घासीराम कश्यप, डॉ. दीपक कश्यप, डॉ. राजिंदर गुजराल, रणवीर कश्यप, मंडल अध्यक्ष अतुल मित्तल, दीपक चंद्रा, करण बालान, सुरेश सैनी, सागर, मोहित, अंकित, रामकुमार, सुनील कश्यप सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने किया बदमाश गिरफ्तार, तमंचा व कारतूस बरामद

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

कोतवाली शामली पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपद में संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी नगर जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में कोतवाली शामली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल पुत्र सुभाष निवासी अटल विहार, थाना कोतवाली शामली के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध 315 बोर का तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रविवार को जेल भेज दिया है।गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक शैलेन्द्र पूनिया, हेड कांस्टेबल नकुल, कांस्टेबल भगत भाटी और कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।




# पुलिस लाइन में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर, मिला नि:शुल्क उपचार



**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में पुलिस लाइन में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पुलिस विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिजनों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।शिविर में उपस्थित होम्योपैथिक चिकित्सकों ने पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजनों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान सामान्य व दीर्घकालिक बीमारियों से संबंधित जांच की गई तथा मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उचित होम्योपैथिक उपचार और परामर्श दिया गया।चिकित्सकों ने लोगों को संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या अपनाने, तनाव प्रबंधन और विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में भी जानकारी दी। शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों ने पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।पुलिस वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पुलिस परिवार के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस तरह के स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि सभी को आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकें।कार्यक्रम के अंत में चिकित्सकों और सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों की सराहना की गई।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर का समापन, 2027 चुनाव की तैयारियों पर जोर



**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**

भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत नगर के जैन स्थानक में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, बूथ प्रबंधन और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।इसदौरान जिला महामंत्री भूपेंद्र शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने अनुशासित कार्यकताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को ह्यमेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प के साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। साथ ही सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क बनाए रखने और विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मजबूती से जवाब देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि राजनीति सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति की सेवा का माध्यम है। उन्होंने कार्यकताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से संगठन को मजबूत करने और एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान शिविर परिसर में लगाई गई महापुरुषों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन कराया गया।दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की गतिविधियों को मीडिया तक पहुंचाने में मंडल मीडिया प्रभारी विनित शर्मा की भूमिका की भी पदाधिकारियों ने सराहना की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, मीडिया प्रभारी विनित शर्मा, जिला दीपक गुप्ता, राजीव शर्मा, डॉ. रणवीर, रवि टांक, संजय मित्तल, सोनू चौहान, सतवीर, अनिल बोहरा, सादिक, राजीव कश्यप, रज्जो प्रधान, अशोक चौहान और संदीप सैनी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में दंपति सहित चार घायल, तीन रेफर

**समाज जागरण**

कैराना। दो अलग-अलग सड़क हादसों में दंपति सहित चार लोग घायल हो गए। इनमें तीन घायलों को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया।

गांव गोगवान निवासी कौसर अपनी पत्नी हसमूदा के साथ बाइक द्वारा कैराना की ओर आ रहा था। भूरा बाईपास फ्लाईओवर के पास तेज गति से आ रही पिकअप गाड़ी ने बाइक में टक्कर मार दी, जिस कारण वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पिकअप सवार गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायल दंपत्ति को प्राइवेट अस्पताल पहुंचाया, जहां पर गंभीर हादसा चलते दोनों को मेरठ रेफर कर दिया। दूसरा हादसा शामली रोड पर मन्ना माजरा के पास हुआ। जहां कार और बाइक की भिड़ंत हुई। इस हादसे में बाइक सवार पानीपत निवासी रुपीन और मोनू घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी स्थल पहुंचाया तथा कार को कब्जे में ले लिया। अस्पताल से गंभीर हालत में रुपीन को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# साइबर अपराध से बचाव को लेकर पुलिस का जागरूकता अभियान

## - गांव-गांव पहुंचकर लोगों को बताए ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके




**समाज जागरण**
**शामली।(फुरकान जंग)**

जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम और लोगों को डिजिटल रूप से जागरूक करने के लिए पुलिस द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में साइबर टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में लोगों को ऑनलाइन ठगी और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए।रविवार को थाना आदर्शमंडी साइबर टीम ने ग्राम सिक्का में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों को ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया सुरक्षा और डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। टीम ने लोगों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग करने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखने के लिए प्रेरित किया।थाना कैराना की साइबर टीम ने सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को फर्जी लॉटरी, सोशल मीडिया हैकिंग, संदिग्ध लिंक और अन्य ऑनलाइन फ्रॉड से जुड़े खतरों के प्रति जागरूक किया। साथ ही मजबूत पासवर्ड रखने और दो-स्तरीय वेरिफिकेशन अपनाने की सलाह दी।अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने लोगों को अज्ञात कॉल, लिंक या मैसेज पर विश्वास न करने, ओटीपी, एटीएम पिन और पासवर्ड किसी के साथ साझा न करने की हिदायत दी। इसके अलावा सोशल मीडिया पर व्यक्तिगत जानकारी सीमित रखने और ऑनलाइन लेन-देन केवल सुरक्षित व अधिकृत प्लेटफॉर्म से करने की सलाह दी गई।पुलिस ने बताया कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें याcybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं। कार्यक्रम के दौरान लोगों को साइबर जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए गए।

# अश्लील वीडियो वायरल करने पर पूर्व पति पर मुकदमा

कैराना। एक महिला ने अपने पूर्व पति पर अश्लील वीडियो वायरल कर उत्पीड़न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

नगर निवासी महिला ने बताया कि उसकी शादी करीब सात वर्ष पहले मेरठ के परतापुर निवासी युवक के साथ हुई थी। उसके एक बेटा और एक बेटी हैं। आरोप है कि पति द्वारा लगातार मारपीट किए जाने के कारण करीब डेढ़ वर्ष पहले दोनों का तलाक हो गया था। तलाक के बाद बेटा पति के पास और बेटी उसके पास रह रही है। महिला का कहना है कि करीब 10 माह पहले उसका दूसरा निकाह कैराना में हुआ, जिसके बाद से उसका पूर्व पति उसकी अश्लील वीडियो उसके वर्तमान पति और अन्य लोगों को भेज रहा है। इससे वह मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने आशंका जताई है कि वह इस उत्पीड़न से तंग आकर कोई गलत कदम उठा सकती है। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**

कैराना। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि पीड़िता ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर दी थी। पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर एक दिन पूर्व मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए जा रहे थे। इसी के चलते आरोपी आलिम उर्फ लाला गुर्जर निवासी मोहल्ला आलखुर्द कैराना को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# स्मिता को सर्वसमाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया

**समाज जागरण**

बागपत। सिसाना निवासी स्मिता ने यूपीपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण कर नायब तहसीलदार बनकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें मां अम्बा बालिका डिग्री कॉलेज ग्वालीखेडा बागपत के प्राचार्य डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने अपनी टीम के साथ उनके निवास सिसाना जाकर सम्मानित किया।



एवीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस ट्रस्ट की टीम ने स्मिता को मिठाई खिलाकर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए पटका पहनाकर, स्मृति चिन्ह देते हुए सर्व समाज गौरव सम्मान से सम्मानित किया। डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि स्मिता ने अपने परिवार का ही नहीं पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। डॉ राजीव गुप्ता पुट्ठी ने कहा कि स्मिता ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत करने से निश्चित सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि बेटियों को स्मिता से प्रेरणा लेनी चाहिए।एवीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस ट्रस्ट की टीम ने स्मिता के पिता मास्टर ज्ञान सिंह व माता बेदो देवी को भी पटका पहनाकर सम्मानित किया। स्मिता व उसके परिजनों ने एवीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटस ट्रस्ट की टीम का आभार व्यक्त किया।

# संचारी रोग अभियान में कस्बें में की गयी साफ सफाई

**समाज जागरण**

चांदीनगर। रटौल में संचारी रोग अभियान के तहत कस्बें में साफ सफाई के लिए अभियान चलाया गया और लोगो को साफ सफाई की प्रति जागरूक किया गया।रटौल नगर पंचायत के सौजन्य से उत्तर सरकार की संचारी रोग अभियान के तहत रटौल में गली गली सफाई को लेकर अभियान चलाया




गया और मच्छरों से बचाव के लिए नालियों में छिड़काव किया गया। नगर पंचायत में सुपरवाइजर महबूब नें टीम के साथ कस्बें में साफ सफाई अभियान चलाया और लोगो को जागरूक करते हुए कहा की घर के पास पानी या गंदगी इखट्टा न होने दे अगर किसी घर के पास गंदगी या पानी रूका हो तो तुरंत नगर पंचायत को सूचना दें और अपने घरो के आस पास भी सफाई रखे।उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है जिससे प्रदेश भी सफाई में अव्वल हो। उन्होंने कहा की रटौल को एक आदर्श नगर पंचायत बनाना है जिससे साफ सफाई जरूरी है। इस मौके पर सन्नी, पोपल, अरूण, विकास, महेश आदि मौजूद रहे।

# सरूरपुर कलां के प्रिंस नैन ने मुंबई में जीता गोल्ड

**समाज जागरण**

बागपत। सरूरपुर गांव के युवा पहलवान प्रिंस नैन ने मुंबई में हुई अंडर 17 कुश्ती प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर गांव और जिले का नाम रोशन किया है।प्रिंस नैन ने साईं अकादमी की ओर से




खेलते हुए चार मुकाबले जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उसने 65 किलो भार वर्ग में हिस्सा लेते हुए सभी प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रिंस के पिता सुभाष नैन ने बताया कि उनका बेटा बचपन से ही कुश्ती के प्रति समर्पित रहा है। प्रिंस इससे पहले राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में दो बार गोल्ड मेडल, एक बार कांस्य पदक और राष्ट्रीय स्तर पर एक बार रजत पदक जीत चुका है।प्रतियोगिता में आयोजकों की ओर से प्रिंस नैन को गोल्ड मेडल, 21 हजार रुपये नकद पुरस्कार और एक किलो देसी घी भेंट कर सम्मानित किया।

# प्लॉट दिलाने के नाम पर 10 लाख की ठगी

**समाज जागरण**

कैराना। प्लॉट दिलाने का झांसा देकर दस लाख रुपये की ठगी के मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया गया।

गांव बराला निवासी सरवर ने बताया कि सितंबर 2020 में उसका भाई सुफियान दादरी तहसील में एक अधिवक्ता से मिलने गया था, जहां उसकी मुलाकात किरणपाल निवासी नूरपुर मड्डया थाना गुलावठी से हुई। आरोप है कि किरणपाल ने 300 गज का प्लॉट दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये में सौदा तय किया और 29 सितंबर 2020 को उनके गांव आकर 10 लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। बाद में आरोपी ने प्लॉट देने से इनकार कर दिया। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

# निमार्णाधीन बाउंड्री तोड़ी, तीन पर मुकदमा

**समाज जागरण**

कैराना। प्लॉट को लेकर चल रहे विवाद में निमार्णाधीन बाउंड्री तोड़ने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
ऊंचागांव निवासी नवीन चौहान ने बताया कि करीब एक वर्ष पहले उनकी पैतृक जमीन का बंटवारा हुआ था। समझौते के तहत उसे पांच लाख रुपये पीयूष को देने थे, लेकिन वह समझौते से मुकर गया और प्लॉट पर कब्जा कर लिया। पीड़ित का कहना है कि वह अपने प्लॉट पर लाइब्रेरी का निर्माण करा रहा था। आरोप है कि तभी गांव के ही तेजपाल, उसकी पत्नी सुहागवती और बेटा निर्देश वहां पहुंचे और बाउंड्री को तोड़ दिया। पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

# उधारी के पैसे मांगने पर मारपीट

**समाज जागरण**

कैराना। उधार दिए गए पैसे वापस मांगने पर युवक के साथ मारपीट की गई।

गांव जहानपुरा निवासी शाहरुख ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके पिता कौसर और भाई आवेश ने उससे दो लाख रुपये उधार लिए थे। जब वह पैसे वापस मांगता था तो आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह गांव की मस्जिद के पास खड़ा था, तभी आरोपी अपने साथ दो अज्ञात लोगों को लेकर आए और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# सपाइयों का महर्षि कश्यप और राजा निषादराज को जयंती पर नमन

**समाज जागरण**

बागपत। जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय परिसर में महर्षि कश्यप और राजा निषाद राज की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने की और संचालन जिला अध्यक्ष यूवजन सभा काला विधूडी ने किया। सपा जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव ने कहा कि महर्षि कश्यप सृष्टि के आदिपिता अर्थात प्रजापति माने जाते हैं। महर्षि कश्यप का उल्लेख ऋग्वेद और पौराणिक ग्रंथों में है। राजा निषादराज भगवान श्री राम के बाल सखा थे और उन्होंने भगवान श्री राम को गंगा




पार कराई थी। महर्षि कश्यप और राजा निषाद राज की जयंती समर्पण, सामाजिक समस्या और अटूट मित्रता के प्रतीक है। कार्यक्रम के बाद ठाकुर सुनील राणा, ठाकुर हिमांशु, ठाकुर निखिल सोम, ठाकुर बबलू राणा, ठाकुर ऋतिक समेत बड़ी संख्या में लोगों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व और समाजवादी सिद्धांतों में विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी में शामिल हुए। सपा में सम्मिलित हुए लोगों को जिलाध्यक्ष रविंद्र देव यादव द्वारा सपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई।

# श्री अग्रसेन धाम में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ भव्य कार्यक्रम

**समाज जागरण**

बागपत। श्री अग्रसेन धाम कुंडली में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन और हनुमान चालीसा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बागपत से भी लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश गर्ग ने बालाजी महाराज का महाअभिषेक किया और हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने श्री बालाजी महाराज जी को पालकी में विराजमान करके संपूर्ण धाम की परिक्रमा की। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया व हर मंगलवार व शनिवार को हर घर में और हर प्रतिष्ठान पर श्री बालाजी हनुमान जी का चालीसा पाठ करने की अपील की। प्रांतीय अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कहा कि श्री बालाजी हनुमान जी की पूजा किसी भी बांधा व संकट को काटने का सत मार्ग है। सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने कहा कि संपूर्ण उत्तरी भारत में श्री



अग्रसेन धाम कुंडली की प्रसिद्धी दिन प्रतिदिन उजागर हो रही है और यह नाम समाज व देश की शान बन रहा है। सम्पूर्ण कार्यक्रम समाजसेवी रमन बंसल के सानिध्य में पूर्ण हुआ। धाम की और से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिएं महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी, हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, संस्था के सीनियर वाइस चेयरमैन टीकाराम मित्तल, संरक्षक वीरेंद्र बंसल, संपूर्ण भंडारा महाप्रसाद संयोजक वर्ल्डफॉ एक्सपोर्ट इंडिया के चेयरमैन प्रमोद गुप्ता, सतीश जैन, सुरेंद्र गुप्ता, उत्तम पाड़िया, अग्र केसरी रतन हरि प्रकाश मंगला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गोयल, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल सिंघल, राहुल सिंघल, मोहित गुप्ता नरेला, पंकज कौशिक, संजय शर्मा, सतीश, मुकेश अत्री, श्री हनुमान चालीसा परिवार कुंडली से सुप्रसिद्ध उद्योगपति सुरेश गर्ग और बालाजी भक्त रमन बंसल, रितिक अग्रवाल सहित समस्त अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# लायंस क्लब बागपत ने लगाया रक्तदान शिविर

**समाज जागरण**

बागपत। लायंस क्लब बागपत के सौजन्य से तथा आधिकारिक यात्रा डॉ विनय सिसोदिया डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के निर्देशन में आज वात्सायान पैलेस बागपत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ विनय सिसोदिया डॉ आलोक भटनागर पूर्व डिस्ट्रिक गवर्नर रीजन चेयरमैन लायन डॉ जेएस शर्मा जी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस नेक कार्य में बागपतवासियों, लायंस सदस्यों, उनके परिवारजनों एवं मित्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर के समापन तक सर्वोदय हॉस्पिटल की ब्लड प्रभारी छाया धामा के नेतृत्व में कुल 40 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। रक्तदान शिविर में भाग लेने



वाले सभी रक्तदाताओं का लायंस क्लब बागपत ने आभार व्यक्त किया। एक यूनिट रक्त कई जिंदगियों को बचा सकता है, इस भावना के साथ आयोजित इस शिविर ने एक रक्तदान - कई जिंदगियां के संदेश को मजबूती दी है। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय शर्मा सचिव विजयपाल यादव राजपाल शर्मा प्रमोद प्रकाश शर्मा कार्यक्रम चेयरमैन महेंद्र सिंह धामा धीरज बंसल गजेंद्र सिंह बली समय सिंह श्रद्धानंद त्यागी जितेंद्र कुमार राजेंद्र यादव एडवोकेट विपिन यादव महेश चंद्र शर्मा महबूब खान आदि लायन सदस्य उपस्थित रहे।

# जैन इंस्पिरेशनल यूथ अवॉर्ड से सम्मानित हुए डॉ. पारस जैन

नई दिल्ली। कनॉट प्लेस स्थित NDMC कन्वेंशन सेंटर में रविवार को आयोजित भव्य समारोह में बागपत जनपद के वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पारस जैन को "जैन इंस्पिरेशनल यूथ अवॉर्ड" से सम्मानित किया गया।समारोह का शुभारंभ आध्यात्मिक गरिमा के साथ हुआ, जिसमें पूज्य राष्ट्रसंत आचार्य श्री 108 प्रज्ञसागर महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में देश के कई प्रमुख गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, खेल मंत्री रक्षा खडसे, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री



राधा मोहन अग्रवाल तथा राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, भूतपूर्व मंत्री भारत सरकार प्रदीप जैन आदित्य व आकाश जैन सीईओ आदिनाथ टीवी चैनल प्रमुख रूप से शामिल रहे। डॉ. पारस जैन, जो बड़ौत (बागपत, उत्तर प्रदेश) से संबंध रखते हैं, को उनके पत्रकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और समाज सेवा के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह के दौरान उन्हें ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।समारोह का वातावरण उत्साह और गौरव से भरा हुआ था। मंच से वक्ताओं ने युवाओं को समाज सेवा और सकारात्मक योगदान के लिए प्रेरित किया। डॉ. पारस जैन को मिला यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत उपलब्धियों का प्रतीक है, बल्कि यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय भी है।

# आबादी के बीच नाले की सिल्ट डालने पर भड़के कॉलोनीवासी, किया प्रदर्शन

**समाज जागरण**

**झिंझाना।(फुरकान जंग)**

कस्बे के मोहल्ला माजरा स्थित ऊन रोड पर बनी नई कॉलोनी में नाले से निकली सिल्ट डाले जाने से नाराज कॉलोनीवासियों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि आबादी के बीच सड़ी-गली गंदगी डालने से पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है और हालात बदतर हो गए हैं।सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के मंडल अध्यक्ष सुखपाल राठी मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संगठन की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान ब्लॉक सचिव सोहनबीर और रमेश भी मौजूद रहे।बस्ती के लोगों का कहना है कि जब उन्होंने ठेकेदार



के साथ काम कर रहे लोगों से पूछा कि यह गंदगी किसके निर्देश पर यहां डाली जा रही है, तो उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष का हवाला देते हुए कहा कि बाद में इसके ऊपर मिट्टी डाल दी जाएगी। हालांकि, यह कहने के बाद वे मौके से चले गए।कॉलोनीवासियों के अनुसार अब तक करीब 40 से 50 ट्रॉलियां सिल्ट यहां डाली जा चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। बस्ती निवासी संदीप, रीना, आमिर और श्यामलाल ने बताया कि बिना किसी सूचना के यहां गंदगी डाली जा रही है, जिससे पूरे इलाके में बदबू फैल गई है। घरों के बाहर खड़ा होना मुश्किल हो गया है और बच्चों व बुजुर्गों को खास परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मच्छरों के बढ़ने और बीमारी फैलने का डर भी बना हुआ है।आरोप है शिकायत के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द गंदगी नहीं हटाई गई तो वह बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। बस्तीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल गंदगी हटवाकर क्षेत्र की सफाई कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# जिले में किसान प्रश्न मंच पशु रोग बचाव और टीकाकरण जागरूकता

- किसान प्रश्न मंच में पशुपालन समस्याओं पर विशेषज्ञों ने दिए समाधान
- पशु स्वास्थ्य संस्थान में किसानों को टीकाकरण और देखभाल की सीख

**समाज जागरण**

बागपत। किसानों को पशुपालन से जुड़ी समस्याओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य संस्थान में किसान प्रश्न मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रसारण दूरदर्शन किसान चैनल के माध्यम से किया गया, जिसमें क्षेत्र के अनेक किसानों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को पशुओं में होने वाली बीमारियों, उनके बचाव और आधुनिक पशुपालन तकनीकों के बारे में जागरूक करना रहा। इस दौरान संस्थान के विशेषज्ञों ने किसानों को पशुओं में होने वाली खतरनाक बीमारियों जैसे खुरपका-मुहपका, गलघोंटू, लंगड़ी, ब्रुसेलोसिस, गोट पॉक्स और रेबीज से बचाव के उपाय विस्तार से बताए।



उन्होंने विशेष रूप से समय-समय पर टीकाकरण को अनिवार्य बताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत जब भी टीकाकरण अभियान चलाया जाए, तो किसान अपने पशुओं का टीकाकरण अवश्य कराएं।
विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि पशुओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए साफ-सफाई, संतुलित आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच बेहद जरूरी है। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि पशुओं में किसी भी बीमारी के शुरूआती लक्षण दिखाई देने पर तुरंत पशु चिकित्सक से संपर्क करें, जिससे समय रहते उपचार संभव हो सके। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने खुलकर अपनी समस्याएं रखीं और पशुओं में होने वाली बीमारियों, उनके लक्षणों तथा उपचार से जुड़े कई सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों का सरल और व्यावहारिक भाषा में उत्तर देते हुए किसानों की शंकाओं का समाधान किया। इस संवादात्मक मंच ने किसानों और विशेषज्ञों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर उन्हें वैज्ञानिक जानकारी से जोड़ने का कार्य किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य किसानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर पशुपालन को अधिक सुरक्षित, लाभकारी और सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के अंत में किसानों को पशुओं की बेहतर देखभाल और रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

# द क्राउन ऑफ इंड़िया 2026 की विनर बनी मॉडल मिस मेघना

**समाज जागरण**

बागपत। नटराज आर्ट क्लब द्वारा नटराज आर्ट यूनिवर्सल अवार्ड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित द क्राउन ऑफ इंडिया फैशन व मॉडलिंग कांटेस्ट 2026 में सुप्रसिद्ध मॉड़ल मिस मेघना को विजेता चुना गया। उनकी इस उपलब्धि पर बागपत के लोगों ने उन्हें बधाई दी है। आयोजकों ने मिस मेघना को द क्राउन ऑफ इंडिया 2026 का सैश-रिबन पहनाकर, गुलदस्ता व प्रतीक चिहन भेंट कर सम्मानित किया। उपस्थित लोगो ने मिस मेघना को जीत पर बधाई दी और उनके साथ फोटो ली। मिस मेघना ने जूरी सदस्यों, आयोजकों व दर्शकों का




आभार व्यक्त किया और अपनी जीत का श्रेय अपने अभिभावकों, सहयोगियों व शुभचिंतको को दिया। अवार्ड शो के सफल आयोजन के लिए नटराज आर्ट क्लब के चेयरमैन लक्की कश्यप ने सभी अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सेलिब्रिटी सिंगर डॉक्टर रमेश अग्रवाल, समाजसेवी चौधरी फिरे सिंह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिंदू सेना वीर गुर्जर सभा देवनारायण महासचिव दिल्ली प्रदेश, अमित गुप्ता डायरेक्टर पीबी इवेंट, रियाजुद्दीन सैफी नेशनल प्रेसिडेंट सोशल यूनिटी फ्रंट ऑल इंडिया, गुर राजेंद्र सिंह टिप टॉप सोशल वर्कर, सरबजीत कौर सेबी सीटीआई जॉइंट सेक्रेटरी सोशल वर्कर पवन गेरा एंकर बैद्यनाथ जी, सुनील मित्तल, संजीव सुरमा जी, संदीप दुग्गल, जीतू, निधि गोयल, मुकेश जैन, मुकेश भोगल, गुलफाम, राजकुमार, पवन गेरा, रंजीत तनेजा सहित उपस्थित थे।

# बागपत नगर में 14 अप्रैल को होगा श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन

**समाज जागरण**

बागपत। बागपत नगर में आगामी 14 अप्रैल को चतुर्थ श्री श्याम संकीर्तन वार्षिक महोत्सव का भव्य आयोजन किया जायेगा। 13 अप्रैल को शाम 4 बजे निशान यात्रा निकाली जायेगी, जो ठाकुरद्वारा मन्दिर बागपत से चलकर बागपत नगर के चमरावल रोड़ पर स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज के खेल मैदान में संकीर्तन आयोजन स्थल पर पहुँचेगी। संकीर्तन के आयोजक श्री खाटू श्याम हरि कीर्तन मंड़ल ट्रस्ट समिति बागपत की और से प्रकाश चौधरी ने बताया कि संकीर्तन 14 अप्रैल को सोनीपत धाम के प्रधान राकेश मित्तल के परम सानिघ्य में शाम 5 बजे से आयोजित होगा।



संकीर्तन में श्री वृन्दावन धाम बरसाना की ब्रज रस अनुरागी पूर्णिमा दीदी उर्फ पूनम दीदी, कानपुर की शर्मा सिस्टर्स, सारेगामा पा विनर रितिक गुप्ता सहित अनेकों सुप्रसिद्ध भजन गायकों को आमंत्रित किया गया है। संकीर्तन में शिवम इंटरनेशनल का म्यूजिकल ग्रुप अपनी शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत करेगा। प्रकाश चौधरी ने बताया कि यू-टयूब के केटूएस फिल्मस पर संकीर्तन का लाईव प्रसारण किया जायेगा। प्रकाश चौधरी ने बताया कि यह संकीर्तन सभी का है और सभी के सहयोग से ही इस संकीर्तन का आयोजन होता है। श्री खाटू श्याम हरि कीर्तन मंड़ल ट्रस्ट समिति बागपत से जुड़े सभी लोग खाटू श्याम जी के भक्त है। इस समिति में खाटू श्याम जी ही सर्वोच्च है।

# बड़ौत में नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

## 2027 विधानसभा चुनाव में जीत का लिया संकल्प

**समाज जागरण**

बड़ौत। नगर के कोताना रोड पर भाजपा नेता सत्यव्रत आर्य के आवास पर नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान सभी ने पार्टी की मजबूती के लिए काम करने और 2027 विधानसभा चुनाव में जीत का संकल्प लिया। इस अवसर पर सत्यव्रत आर्य ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर काम करना होगा, ताकि 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत मिल सके। उन्होंने



कहा कि हम सभी को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा और संगठन को मजबूत बनाना होगा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजीव राठी, जिला मंत्री एडवोकेट अंकित लपराना, कर्मवीर, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, नगर महामंत्री जागेश चौधरी, संदीप बड़ौली, रविन्द्र आर्य, नितिश शर्मा, पंकज चौधरी आदि मौजूद रहे।

# शराब के नशे में सड़क पर गिरा होमगार्ड, वीडियो बनाते रहे लोग

**समाज जागरण**

कांधला। क्षेत्र के एक गांव निवासी होमगार्ड ने एक बार फिर अपनी हरकतों से वर्दी की गरिमा पर सवाल खड़े कर दिए। रविवार शाम कस्बे के गंगेरू मार्ग पर शराब के नशे में धुत एक होमगार्ड सड़क पर गिर गया और काफी देर तक वहीं पड़ा रहा। इस दौरान राहगीर और आसपास के लोग उसका वीडियो बनाते रहे। बाद में परिचित मौके पर पहुंचे और उसे ई-रिक्शा में बैठाकर अपने साथ घर ले गए।थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी संदीप होमगार्ड के पद पर तैनात है। बताया जाता है कि संदीप का पूर्व में भी कई बार शराब के नशे



में झूमते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उस समय विभागीय स्तर पर उसके खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। इसके बावजूद भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा है।रविवार शाम एक बार फिर संदीप शराब के नशे में गंगेरू मार्ग पर लड़खड़ाते हुए जा रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर ही गिर पड़ा। काफी देर तक वह वहीं पड़ा रहा। आसपास मौजूद लोग उसे उठाने के बजाय उसका वीडियो बनाते रहे, जिससे मामला चर्चा का विषय बन गया।कुछ देर बाद उसके परिचित मौके पर पहुंचे और उसे ई-रिक्शा में बैठाकर अपने साथ घर ले गए। लोगों का कहना है कि पहले संबंधित होमगार्ड की आदतों में सुधार नहीं आया है।

# श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन करते हुए पहुंची 83 वीं पैदल ध्वजा यात्रा







- प्रत्येक रविवार को श्री बालाजी धाम डोभ पर लगाया जाता है भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर
- श्रीमती सुमन बाला धर्मपत्नी स्व.श्री राम रतन के सपुत्र नितीश मित्तल धर्मपत्नी श्रुति मित्तल द्वारा धाम पर भक्तों के लिये लगवाया वाटर कुलर

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। महेन्द्र जावला बहल**

बहल-भिवानी, 5 अप्रैल। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक रविवार श्री बालाजी धाम डोभ पर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक संकीर्तन, भंडारा एवं निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता है। जिसमें आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैद्य द्वारा इलाज किया जाता है। सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं।

धाम पर सुंदर संकीर्तन हुआ, जिसमें कविता झज्जर, अमन कौशिक, अमित कौशिक द्वारा बालाजी के सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया गया। रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर-सुन्दर झांकियां प्रस्तुत की गई।

प्रधान जी ने बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 9 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती है। श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा की शुरूआत की जाती है। सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे।

रास्ते में दो जगह पड़ाव होता है, पहला पड़ाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस एवं रास्ते में दूसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता है। मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती है।

प्रधान जी ने आगे बताया कि श्रीमती सुमन बाला धर्मपत्नी स्व.श्री राम रतन मित्तल उनके सपुत्र नितीश मित्तल धर्मपत्नी श्रुति मित्तल द्वारा धाम पर भक्तों के लिये वाटर कुलर लगवाया इस अवसर पर मुख्य रूप से नवीन तनेजा, हर्षित कोचर, रमेश गुप्ता, विनोद गुप्ता,पवन सरीन,रमेश गाँधी,दीपक प्रकाश जैन,गरु प्रसाद जैन बहादुरगढ़,हिमाशु जैन बहादुरगढ़, बलवंत राय, वंश, खुशाल,सुजल,रवि चिटकारा, पंडित नरेश कौशिक, राजेश गोयल, सुनील निमाड़ी, एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

# केंद्र ने भारी बारिश और ओलावृष्टि के बाद फसलों को हुए नुकसान की समीक्षा की; किसानों को सहायता का आश्वासन दिया

**समाज जागरण**
**नई दिल्ली रघुनंदन पराशर**



नई दिल्ली,5 अप्रैल।केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कई राज्यों में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को फसलों को हुए नुकसान का आकलन करने और राज्य के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया है।मंत्री ने कृषि मंत्रालय के अधिकारियों को स्थिति की तत्काल समीक्षा करने और प्रभावित क्षेत्रों से विस्तृत रिपोर्ट जुटाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि खड़ी फसलों पर पड़ने वाले प्रभाव की निगरानी के लिए राज्य सरकारों के साथ लगातार संपर्क में रहें। किसानों को आश्वस्त करते हुए चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार इस कठिन समय में उनके साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा, किसान भाइयों और बहनों को चिंता करने की जरूरत नहीं है; संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है।

मंत्री प्रभावित राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ भी चर्चा करेंगे ताकि नुकसान का आकलन किया जा सके और आवश्यक राहत उपायों पर विचार किया जा सके।

# शिरोमणि कमेटी आज बेअदबी कानून पर पंथक संगठनों के साथ मीटिंग करेगी

## एडवोकेट धामी ने सिख संगठनों के नेताओं से मीटिंग में आने की अपील की

**(रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**



जैतो, 5 अप्रैल : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने सभी संगठनों के नेताओं से 6 अप्रैल को बुलाई गई पंथक मीटिंग में आने की अपील की है। यह मीटिंग श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार द्वारा बनाए जा रहे कानून पर चर्चा के लिए है। यह मीटिंग सुबह 11 बजे शिरोमणि कमेटी के हैड ऑफिस तेजा सिंह समुंद्री हाल अमृतसर में शुरू होगी। इस बारे में शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि यह पूरे देश के लिए बहुत ही अहम और गंभीर मामला है, जिस पर सभी सिख संगठनों से चर्चा करके एक आम पंथक राय बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी सिखों के जगत ज्योत गुरु हैं, जिनके लिए बनाए जाने वाले कानून की विस्तार पूर्वक बातों पर पूरी चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसी इरादे से शिरोमणि कमेटी ने एक पंथक मीटिंग बुलाई है। उन्होंने कहा कि इस मीटिंग के सिलसिले में शिरोमणि कमेटी ने हमेशा सभी सिख संगठनों, निहंग सिंह दलों, दमदमी टकसाल, सिख संस्थाओं, सिख विद्वानों, सिख जजों और वकीलों, सिख मिशनरी कॉलेजों, सिंह सभाओं, सिख फेडरेशनों, सभी सिख पंथों के प्रमुखों, निर्मले, उदासी, सेवा पंथी और कार सेवा के दिग्गजों और प्रमुख सिख संगठनों को पत्र भेजे हैं।

# भारत विकास परिषद जैतो 10 को आंखों का मुफ्त चैकअप शिविर लगाएगा

**(मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 5 अप्रैल : इलाके की जानी-मानी मानवता को समर्पित समाज सेवी संस्था है,10 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक परिषद भवन सब्जी मंडी जैतो में चौधरी सतपाल मित्तल की स्मृति में आंखों का मुफ्त चैकअप कैंप लगा रहा है। यह कैंप परिषद के प्रधान रुलिया राम सिंगला गीजी वाला प्रिंटिंग प्रेस के नेतृत्व में लगाया जा रहा है। यह कैंप लायन आई केयर सेंटर अस्पताल जैतो के सहयोग से लगाया जा रहा है। इस कैंप में आई स्पेशलिस्ट डॉ. कीर्ति सिंगला अपनी टीम के साथ खास तौर पर पहुंच रही हैं और मरीजों की आंखों की जांच करेंगी। जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाएं दी जाएंगी। यह जानकारी परिषद के पी.आर.ओ. रिंकू बिंदल और प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रहलाद राय गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि कैंप लगाने के सभी इंतजाम पूरे कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी महीनों के दौरान मानवता की सेवा के प्रोजेक्ट लगाने के लिए नीति तैयार की जा रही हैं।नव निर्वाचित अध्यक्ष रूलिया राम सिंगला गीजीवाला ने कहा कि भारत विकास परिषद का जो सेवा करने का एजेंडा है उनको लेकर ही वह कार्य करेंगे।

# योगी सरकार का मानवीय चेहरा: विवेकाधीन कोष से जरूरतमंदों तक पहुंची लगभग 860 करोड़ की आर्थिक सहायता

- प्रदेश के सभी मंडलों और जनपदों में जरूरतमंदों तक सीधे पहुंची आर्थिक मदद
- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 50 हजार से अधिक लाभार्थियों को मिली आर्थिक सहायता
- बिना भेदभाव हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर दल के अनुरोधों पर समान संवेदनशीलता से हुई कार्रवाई
- बिना कोटा सिस्टम के, जहां ज्यादा जरूरत वहां ज्यादा सहायता की गई प्रदान
- त्वरित स्वीकृति प्रक्रिया से हजारों मरीजों और जरूरतमंदों को मिली राहत

**समाज जागरण**

लखनऊ, 05 अप्रैल। उत्तर प्रदेश में संवेदनशील और जवाबदेह शासन का एक मजबूत उदाहरण सामने आया है, जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों के लिए एक बड़े सहारे के रूप में स्थापित हुआ है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस कोष के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक) में लगभग 860 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, जो विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों के जरिए 50 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची है। यह आंकड़ा न केवल सहायता के व्यापक दायरे को दशार्ता है, बल्कि सरकार के मानवीय पक्ष और उसकी प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है।

**हर वर्ग तक पहुंच, बिना किसी भेदभाव के**

इस पूरी प्रक्रिया की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि सहायता वितरण में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया। चाहे सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधि हों या विपक्ष के, शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हो या आकस्मिक संकट से जूझ रहा परिवार, हर जरूरतमंद तक समान संवेदनशीलता के साथ मदद पहुंचाई गई। यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि मानवीय दृष्टिकोण के साथ अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना है।

**हर जरूरत का समाधान**

विवेकाधीन कोष के अंतर्गत 50,000 जैसी छोटी सहायता से लेकर कई मामलों में ड्ड3 करोड़ से अधिक की बड़ी स्वीकृतियां प्रदान की गईं हैं। यह दिखाता है कि सरकार ने हर स्तर की जरूरत को प्राथमिकता दी है, चाहे वह व्यक्तिगत चिकित्सा सहायता हो, आकस्मिक दुर्घटना हो या अन्य आपात स्थिति। विगत वित्तीय वर्ष में अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया और फिरोजाबाद जैसे जनपदों कुछ बड़े केस के कारण सर्वाधिक धनराशि स्वीकृत की गई। वहीं पार्टी की बात करें तो सत्तारूढ़ भाजपा का साथ साथ समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दलों के जनप्रतिनिधियों ने भी समान रूप से इस योजना के तहत जरूरतमंदों की मदद करने में सरकार का सहयोग किया।

**जनप्रतिनिधियों के माध्यम से मजबूत कनेक्ट**

इस योजना की सबसे उल्लेखनीय विशेषता यह रही कि सहायता वितरण पूरी तरह निष्पक्ष और संवेदनशील तरीके से किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया गया कि किसी भी स्तर पर राजनीतिक भेदभाव की गुंजाइश न रहे। सभी दलों के जनप्रतिनिधियों, चाहे वे सत्तापक्ष से हों या विपक्ष से, उनके अनुरोधों पर समान गंभीरता और तत्परता से कार्रवाई की गई। विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी भी इस बात का मजबूत प्रमाण है कि सरकार ने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों को न केवल महत्व दिया, बल्कि उन्हें विश्वास और जिम्मेदारी के साथ जोड़ा।

**जहां जरूरत, वहां सहायता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विवेकाधीन कोष का संचालन एक बेहद व्यावहारिक और मानवीय सिद्धांत पर आधारित रहा है, ह्लजहां जरूरत, वहां सहायताह्व। इस व्यवस्था में किसी प्रकार का पूर्व निर्धारित कोटा या सीमित आवंटन प्रणाली लागू नहीं की गई, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि सहायता का वितरण केवल औपचारिकताओं तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक जरूरत के अनुरूप हो। जहां जिस स्तर की आवश्यकता सामने आई, वहां उसी अनुपात में धनराशि स्वीकृत की गई। इस नीति का सबसे बड़ा लाभ यह रहा कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों, आकस्मिक दुर्घटनाओं या आपदा जैसी परिस्थितियों से प्रभावित परिवारों को न केवल समय पर, बल्कि पर्याप्त आर्थिक सहायता मिल सकी। इससे कई मामलों में इलाज में देरी नहीं हुई और परिवारों को आर्थिक संकट से उबरने में वास्तविक मदद मिली।

**त्वरित स्वीकृति से मिली राहत**

सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया को केवल संवेदनशील ही नहीं, बल्कि तेज और प्रभावी भी बनाया है। आवेदन प्राप्त होने से लेकर उसकी स्वीकृति तक की प्रक्रिया को सरल और त्वरित रखा गया, जिससे जरूरतमंदों को लंबी प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सामना नहीं करना पड़ा। इस तेज निर्णय प्रणाली के कारण हजारों मरीजों और संकटग्रस्त परिवारों को समय रहते सहायता मिल पाई।

विशेष रूप से चिकित्सा सहायता के मामलों में यह व्यवस्था कई बार जीवनरक्षक साबित हुई, क्योंकि समय पर मिली आर्थिक मदद ने इलाज को संभव बनाया और गंभीर परिस्थितियों में लोगों को राहत पहुंचाई।

**सरकार का मानवीय चेहरा**

विवेकाधीन कोष के जरिए सरकार ने यह साबित किया है कि संवेदनशीलता और त्वरित निर्णय क्षमता के साथ जरूरतमंदों तक सीधे राहत पहुंचाई जा सकती है। गरीब, वंचित और जरूरतमंद वर्ग के लिए यह कोष आज एक प्रभावी तत्काल राहत तंत्र के रूप में स्थापित हो चुका है, जिसने हजारों परिवारों को कठिन परिस्थितियों में सहारा दिया है। चाहे गंभीर बीमारी हो, आकस्मिक संकट हो या आर्थिक विपदा, इस व्यवस्था ने समय पर मदद पहुंचाकर न सिर्फ आर्थिक बोझ कम किया, बल्कि लोगों में सरकार के प्रति भरोसा भी मजबूत किया है।

**इस तरह विवेकाधीन कोष से पा सकते हैं सहायता**

मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष एक ऐसी विशेष वित्तीय व्यवस्था है, जिसके माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जरूरतमंद व्यक्तियों, संस्थाओं या आपात स्थितियों में त्वरित आर्थिक सहायता प्रदान करते हैं। यह कोष मुख्यमंत्री के विवेक पर आधारित होता है, यानी किसे सहायता दी जाए, कितनी राशि दी जाए इसका निर्णय परिस्थितियों और जरूरत के आधार पर किया जाता है। इसका उद्देश्य ऐसे मामलों में तुरंत मदद पहुंचाना है, जहां नियमित सरकारी योजनाएं पर्याप्त या समय पर मदद नहीं दे पातीं। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से आमतौर पर गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों (कैंसर, हार्ट सर्जरी, किडनी आदि), आर्थिक रूप से कमजोर परिवार, दुर्घटना या आकस्मिक संकट से प्रभावित लोग और कुछ मामलों में शिक्षा या विशेष परिस्थितियों में सहायता प्रदान की जाती है। सहायता पाने के लिए आमतौर पर जनप्रतिनिधि के माध्यम से आवेदन या सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जाता है। संबंधित दस्तावेज (जैसे मेडिकल रिपोर्ट, आय प्रमाण, अनुमानित खर्च आदि) के साथ आवेदन की जांच के बाद, जरूरत के अनुसार राशि स्वीकृत की जाती है।

# समाज का दर्पण है रंगमंच, जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देता है अभिनय: मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री ने भारतेंदु नाट्य अकादमी में 5 से 12 अप्रैल तक चलने वाले स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का किया शुभारंभ
- सीएम ने महाराज सुहेलदेव समेत राष्ट्र नायकों के शौर्य की चर्चा की, बोले- जब तक अत्याचारी के साथ निर्मम व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा
- राष्ट्र नायकों पर बनाएं लघु नाटक, संवाद, संगीत, स्क्रिप्ट, शब्दों का चयन, वाक्य विन्यास हो प्रभावी, क्योंकि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ते है: मुख्यमंत्री

**समाज जागरण**

लखनऊ, 5 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण होता है। यह समाज की दिशा तय करता है। रंगमंच वही है, जहां पर भावनाएं शब्द बनती हैं, शब्द अभिनय बनते हैं और यही अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देते हैं। सीएम ने संस्कृति विभाग व अकादमी से कहा कि नई व पुरातन पीढ़ी को जोड़कर आगे बढ़ें तो परिणाम भी आएंगे। राष्ट्रभक्ति से जुड़े नाटक करें। संवाद, संगीत, स्क्रिप्ट, शब्दों का चयन, वाक्य विन्यास इतना प्रभावी हो, जो सभी को आकर्षित करे, क्योंकि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ते हैं।

सीएम योगी ने भारतेंदु नाट्य अकादमी में 5 से 12 अप्रैल तक चलने वाले स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का रविवार को शुभारंभ किया। उन्होंने कई प्रेरक बातें कहीं तो आईना भी दिखाया और चिंता भी व्यक्त की। सीएम ने अकादमी के अध्यक्ष की मांगों पर सरकार की ओर से आश्वस्त किया। अपर मुख्य सचिव से कहा कि छात्रावास बनाकर भारतेंदु नाट्य अकादमी को हैंडओवर करें। वह इसे एकेडमी के अंदर ही चलाएं। संस्कृति विभाग अन्य प्रस्तावों को भी आगे बढ़ाएगा। सीएम ने पद्म पुरस्कार के लिए डॉ. अनिल रस्तोगी को बधाई दी। सीएम ने कहा कि 1976 में देश जब आपातकाल से गुजर रहा था, तब भी भारतेंदु नाट्य अकादमी अपने पाठ्यक्रम को संचालित कर रहा था।

**सीएम ने बंगाल की त्रासदी और कोरोना पर सरकार की सकारात्मक पहल की भी चर्चा की**

सीएम ने आनंदमठ उपन्यास पर आधारित नाट्य मंचन की प्रस्तुति करने वाले कलाकारों की तारीफ की। सीएम ने कहा कि वंदे मातरम गीत बताता है कि राष्ट्रभक्ति व स्वराज का महत्व क्या है। सीएम ने कहा कि विदेशी हुकूमत ने बंगाल के अकाल को हल्केपन से लिया था, लोग भूखों मर रहे थे। स्पेनिश फ्लू का शिकार हो रहे थे, लेकिन अंग्रेज सरकार के कान पर जूं नहीं रेंग रही थी। 1921 के जनगणना के आंकड़े रोंगटे खड़े करने वाले थे। उस दशक में भारत की आबादी बढ़ने की बजाय घटी। 30 करोड़ से कम आबादी वाले भारत में स्पेनिस फ्लू के कारण तीन करोड़ से अधिक लोग मरे थे, विदेशी हुकूमत तब भी लगान, लूट व अत्याचार कर रहा था। वहीं सीएम ने कोरोना महामारी के हालात का जिक्र करते हुए सरकार के सकारात्मक रवैये को भी गिनाया। कहा कि जब सरकार में संवेदना होती है तो वह लड़ते-लड़ते बीमारी को भी भगा देती है। सरकार जब संवेदनाओं से भरपूर होती है तो नागरिकों के हितों की रक्षा करती है। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने बंगाल के अकाल-त्रासदी को लेकर यह उपन्यास रचा था। उसके बाद अलग-अलग कालखंड में देश को त्रासदी झेलनी पड़ी, लेकिन सरकार के स्तर पर प्रयास नहीं हुए। सीएम ने कहा कि अकाल में बंगाल और वहां के लोगों की स्थिति का दर्द इस उपन्यास में बयां किया गया।

**एक समय संस्थानों पर ऐसे लोगों का कब्जा था, जो पेशेवर गुंडों को नायक के रूप में प्रस्तुत करते थे**

सीएम योगी ने कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में समारोह हो रहा है। भारतेंदु नाट्य अकादमी को भी हर जनपद में वंदे मातरम की प्रस्तुति करनी चाहिए। इसकी समयावधि 15 मिनट की बजाय दो घंटे होनी चाहिए, जिससे लोग उस क्रूरता व त्रासदी के बारे में देखें। सीएम ने कहा कि हम अपने नायकों को सम्मान देने में परहेज करते हैं। यही कारण है कि एक समय हमारे संस्थानों पर ऐसे लोगों का कब्जा हो गया था, जो पेशेवर गुंडे और माफिया को नायक के रूप में प्रस्तुत करते थे, समाज के सही नायकों को खलनायक के रूप में प्रस्तुत करने की जो प्रवृत्ति थी, उसका परिणाम हुआ कि समाज में उसी प्रकार के चरित्र आते दिखाई दिए।

**परंपरा, संस्कृति व विरासत को सम्मान देना जानता है भारतीय समाज**

सीएम योगी ने कहा कि आज जब सिनेमा व रंगमंच अच्छा प्रस्तुत करने का प्रयास कर रहा है तो समाज भी उस अच्छाई को लेता है। यह समाज की संवेदना है कि रामायण दुनिया का सबसे लोकप्रिय सीरियल हुआ है। भारतीय समाज परंपरा, संस्कृति व विरासत को सम्मान देना जानता है। सीएम ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा तैयार किए गए सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की तारीफ की और कहा कि शुक्रवार को वाराणसी में इसे देखने का अवसर प्राप्त हुआ। हम भी महाराज सुहेलदेव, रानी लक्ष्मीबाई, महाराजा महेंद्र प्रताप सिंह, 1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर के नायकों पर स्थानीय स्तर पर नाट्य श्रृंखला प्रारंभ कर कलाकारों को प्रेरित करें। संवाद, संगीत, स्क्रिप्ट, शब्दों का चयन, वाक्य विन्यास इतना प्रभावी हो, जो सभी को आकर्षित करे। ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ेंगे।

**अब सालार मसूद नहीं, बल्कि महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है भीड़**

सीएम ने कहा कि रामायण, महाभारत भारत की दिनचर्या और सांस्कृतिक प्रवाह का हिस्सा है, लेकिन अन्य नायकों को कौन ढूंढेगा। सीएम योगी ने स्कूलों-कॉलेजों में रानी लक्ष्मीबाई, महाराज सुहेलदेव आदि की प्रस्तुति को नाटक के माध्यम से प्रस्तुत करने पर बल दिया। सीएम ने एक हजार वर्ष पहले महाराज सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का जिक्र किया। कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जिस निर्ममता से मारा, उस कारण 150 वर्ष तक भारत पर कोई विदेशी आक्रांता ने हमला करने का दुस्साहस नहीं किया, लेकिन भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया। 1000 वर्ष पश्चात हमारी सरकार को यह गौरव प्राप्त है कि हम सुहेलदेव का स्मारक बना सके। सीएम ने गुलामी की दासता पर चिंता जताई और कहा कि जिस स्थान पर महाराज ने सालार समूद को मारा, वहां सालार मसूद का मेला लगता था, लेकिन महाराज सुहेलदेव का स्मरण कोई नहीं करता था। जब मैं गोरखपुर का सांसद था तो बहराइच में उनके विजयोत्सव कार्यक्रम में आया। प्रशासन ने मुझे रोकने का प्रयास किया, फिर भी मैं गया था। जिस सालार मसूद ने हमें रौंदने का कार्य किया, पहले उसके मेले में बड़ी संख्या में लोग जाते थे परंतु अब भीड़ सालार मसूद की तरफ नहीं झांकती, बल्कि महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है। सालार मसूद भी अभी मिट्टी में मिले माफिया का रूप था। इसने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर, बल्कि राम जन्मभूमि को पहली बार क्षतिग्रस्त किया। महाराजा सुहेलदेव ने उसे वह मौत मारा, जिसे इस्लाम में सबसे खराब मौत मानी जाती है। महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जहन्नुम में भेजने की गारंटी दी थी। जब तक अत्याचारी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा। अवधी-भोजपुरी में थोड़ा-बहुत छोड़ दें तो महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई गीत, संगीत व नाट्य प्रस्तुति नहीं होती।

**देश के नायकों पर बनाएं लघु नाटक**

सीएम ने वीरांगना अवंतीबाई, झलकारी बाई, ऊदा देवी, महाराज बिजली पासी, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, चंद्रशेखड्ड आजाद आदि नायकों के किस्से सुनाए और कहा कि नाट्य अकादमियों का दायित्व है कि इन पर लघु नाटक बनाएं। जब कोई समय आता है तो हम इन्हें स्मरण करते हैं, फिर भूल जाते हैं। जिन खलनायकों ने भारत की संस्कृति को रौंदने का कार्य किया, उन्हें कभी सम्मान नहीं मिलना चाहिए। बंगाल की त्रासदी को बंकिम चंद्र चटर्जी आनंद मठ के रूप में बताते हैं, लेकिन सुहेलदेव को सम्मान देने के लिए कोई बंकिम चंद्र यहां पैदा नहीं हो पाए। रानी लक्ष्मीबाई पर काव्यपाठ के माध्यम से प्रस्तुति हुई है, लेकिन रंगमंच से यह प्रस्तुति हो तो और भी प्रभावी हो सकती है। भारतेंदु नाट्य अकादमी को इस पर कार्य करने की आवश्यकता है।

**आधुनिक हिंदी के प्रणेता थे भारतेंदु हरिश्चंद्र**

सीएम योगी ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र आधुनिक हिंदी के प्रणेता थे। काशी नागरी प्रचारिणी सभा आधुनिक हिंदी की जननी रही है। स्वदेशी भाषा व इसका मतलब क्या होना चाहिए, काशी नागरी प्रचारिणी सभा उसका माध्यम बनी थी। सभा ने जिस जनचेतना को बढ़ाने का कार्य किया, वह अद्भुत था। उन्होंने साहित्यिक कृतियों के माध्यम से जनचेतना का जागरण किया था। संस्कृति विभाग को काशी नागरी प्रचारिणी के पुनरुद्धार पर भी सोचना चाहिए। 1881 में भारतेंदु हरिचंद्र का नाटक अंधेर नगरी ब्रिटिश हुकूमत की संवेदनहीनता का प्रमाण है। उन्होंने 1875 पर भारत दुर्दशा पर भी नाटक लिखा था। जयशंकर प्रसाद का नाटक स्कंदगुप्त (1928) व चंद्रगुप्त (1931) सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने का सशक्त माध्यम बना। देश की गुलामी के समय सच बोलने-करने का साहस साहित्यिक कृति के माध्यम से किया था। चंद्रगुप्त का प्रसिद्ध गीत अरुण यह मधुमय देश आज भी हर भारतीय गाता है।

**कला की सभी विधाओं में उत्तर प्रदेश अत्यंत समृद्ध**

सीएम ने कहा कि गोरखपुर में कलाकारों के लिए सरकार ने प्रेक्षागृह बनाया है। कहा कि कार्मल स्कूल के पास एक बरगद का पेड़ है। 1975 से 12-15 कलाकार लगातार उस पेड़े के नीचे सर्दी, गर्मी, बरसात हर मौसम में सप्ताह में एक दिन मंचन करते थे। मैं आज भी उन कलाकारों को कभी-कभी बुलाता हूं। सीएम ने कहा कि गायन, वादन, नाट्य, नृत्य आदि विधा में उत्तर प्रदेश बहुत समृद्ध रहा है। आजमगढ़ के हरिहरपुर गांव का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि उस छोटे से गांव में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक आज भी संगीत के साथ जुड़े हैं। हमारी सरकार ने वहां संगीत विद्यालय प्रारंभ किया। मगहर में कबीर एकेडमी में बनी, कबीर की साखी पर आधारित कार्यक्रम होने चाहिए। सीएम ने शोध पर भी जोर दिया। विभाग का काम ठेके पट्टे करना नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए समृद्ध विरासत को बढ़ाने की आवश्यकता है।

**24 से रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर त्रिदिवसीय आयोजन होगा**

सीएम ने कहा कि सदन में मैं रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं की पंक्तियों को उठाने का प्रयास करता हूं।

# इजराइल में पूरी तरह सुरक्षित हैं यूपी के 6000 से अधिक श्रमिक, योगी सरकार लगातार संपर्क में

**समाज जागरण**

लखनऊ, 5 अप्रैल। इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के 6000 से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सभी श्रमिकों की नियमित निगरानी की जा रही है। प्रमुख सचिव, श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम लगातार इजराइल में भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और वहां मौजूद भारतीय, विशेषकर यूपी के श्रमिकों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इजराइल में कार्यरत सभी भारतीय श्रमिक सुरक्षित हैं और फिलहाल किसी भी तरह की आपात स्थिति या बड़े खतरे की सूचना नहीं है।

**भारतीय राजदूत के साथ संपर्क में यूपी सरकार**

इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ शन्मुगा सुंदरम लगातार यूपी के श्रमिकों के विषय में अपडेट ले रहे हैं। डॉ शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि भारत के राजदूत जेपी सिंह के साथ टेलीफोन पर उनकी लगातार बातचीत हो रही है। 11, 17 और 28 मार्च को साझा किए गए अपने संदेशों में भारतीय राजदूत ने उन्हें स्पष्ट रूप से बताया है कि सभी भारतीय श्रमिक, जिनमें उत्तर प्रदेश के श्रमिक भी शामिल हैं, सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों में स्वाभाविक रूप से कुछ चिंता का माहौल है, लेकिन किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग नहीं आई है। दूतावास सभी के साथ लगातार संपर्क में है और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जा रहा है।

**यूपी के श्रमिकों की स्थिति सामान्य**

राजदूत ने यह भी जानकारी दी कि कुछ यूपी के श्रमिकों ने हाल ही में भारत से गए पत्रकारों का आतिथ्य भी किया, जो इस बात का संकेत है कि स्थिति नियंत्रण में है और श्रमिक सामान्य जीवन जी रहे हैं। भारतीय दूतावास की प्रथम सचिव डॉ. गरिका तेजेश्वर ने भी प्रमुख सचिव के साथ वातार्लाप में पुष्टि की है कि यूपी के सभी श्रमिक सुरक्षित हैं और अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि कुछ भारतीय नागरिक, मुख्य रूप से व्यापारी और छात्र स्वेच्छा से वापस लौटे हैं, जिनकी जॉर्डन के रास्ते यात्रा में दूतावास ने सहायता की। यदि कोई श्रमिक लौटना चाहता है, तो उसके लिए भी यही व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने बताया कि दूतावास के कंट्रोल रूम को अब तक कोई गंभीर या आपातकालीन संदेश प्राप्त नहीं हुआ है और सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं।

# जबलपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर शहडोल में संगठनात्मक बैठक संपन्न

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। दिनांक 05 अप्रैल 2026 को युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का शहडोल आगमन हुआ। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया।



कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा जी के माल्यार्पण से हुई। इसके पश्चात स्तंभ चौक से बाइक रैली निकाली गई, जो अंबेडकर चौक एवं गांधी चौक होते हुए कांग्रेस भवन पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यह कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक के रूप में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य आगामी 13 अप्रैल 2026 को जबलपुर में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाना रहा।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी , नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश कटारे, नीरज द्विवेदी, आजाद बहादुर सिंह, हनुमान मिश्रा, अनूप सिंह, शिम्पी अग्रवाल, नरेंद्र मरावी, उमा धुर्वे, राजेश सोंधीया, सूफियान खान, प्रभात पाण्डेय, अंकित सिंह, अजीत सोनी, अभिषेक शुक्ला, शेख आबिद, अनुज सिंह, निशांत जोशी, शेख साजिल, सोनू चौबे, श्रीनमों गर्ग, आशीष मिश्रा, सत्यकाम पटेल, सुहैल आलम, अंकित पाण्डेय, फैज, इकराम, शिवम यादव, हर्षित द्विवेदी, बसंत साहू, संदीप पटेल, प्रियदर्शी तिवारी, विक्रम सिंह, आयुष ताम्रकार, इमरान, सत्यम प्रजापति, अलीम खान, बंटी महतो, मोहन पोल, आसू चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण महा अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष की उपेक्षा

## आदिवासी महिला जनप्रतिनिधि के अनादर से भाजपा सवालों के घेरे में

**समाज जागरण**

बिरसिंहपुर पाली--- भारतीय जनता पार्टी के व्दारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महा अभियान के दो दिवसीय कार्यक्रम में नगर सरकार अर्थात नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुश्री शंकुतला प्रधान जो की भारतीय जनता पार्टी से ही हैं की जानबूझकर की गयी उपेक्षा नगर भर में चचाओं में बनी हुई है। विदित होवे की सुश्री शंकुतला प्रधान जी इससे पहले विधायक जैसे गरिमा मय पद पर सुशोभित रह चुकी है, अलवत्ता उन दिनों वह भारतीय जनता पार्टी में नहीं थी। मालुम होवे की वर्ष 2018 के विधान सभा चुनाव के दरम्यान शकुंतला प्रधान जी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और भाजपा में ही रच बस गयी। सुश्री के समर्पण और निष्ठा को देखते हुए वर्ष 2022 के नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने वार्ड पार्षद की टिकट देकर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी से नवाजा गया।अब वह बतौर भाजपा कार्यकर्ता के नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष का काम काज करते हुए भाजपा की रीति नीति के अनुरूप नगर में तृतीय इंजन के सहारे खूब विकास कार्य किया है,लेकिन एक अरसे से उन्हें भाजपा के अन्दर उपेक्षित करने का अभियान सा चल पड़ा है। आज के मंडल प्रशिक्षण महा अभियान में भी जो कुछ हुआ




वह उनके उपेक्षा का दंश उपस्थित प्रशिक्षाणार्थियो को भी चुभता नजर आया। आज प्रशिक्षण शुभारंभ सत्र में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष भी उपस्थित होकर भाग ली। इस सत्र के शुभारंभ मै मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मंच पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल के साथ भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष श्री मती राधा विजय तिवारी, जिला मंत्री श्रीमती बबली यादव वरिष्ठ भाजपा नेता सरजू प्रसाद अग्रवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पं प्रकाश पालीवाल रहे, लेकिन वही पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष को न दीप प्रज्वलित करने के लिए बुलाया गया और न ही उनके नाम का कही पर कोई संबोधन किया गया। स्वागत करने की बात तो दूर उनसे स्वागत कराना भी उचित नहीं समझा गया। प्रथम सत्र की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा विजय तिवारी के व्दारा की गयी। यहाँ तक तो जो कुछ रहा , फिर भी सहनीय माना जा सकता है , लेकिन दुसरे सत्र में भी उन्हें उपेक्षा के घूंट पीकर गुजरा, और वह सम्मान नही मिला, जिसकी वह हकदार थी। सत्र दर सत्र चले इस उपेक्षा से वह मर्माहत होकर बीच में ही चली गई,चूंकि हर सत्र की अध्यक्षता नये कार्यकताओं के व्दारा की जा रही थी और जब भाजपा के सामान्य कार्यकताओं को इस लायक समझा गया तब एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि की उपेक्षा संचालन कर्ताओ को सवालों के घेरे में लाकर खड़ा करता दिखाई देता है। सुश्री शंकुतला प्रधान के जाने के बाद प्रशिक्षण सत्र में ही उनके उपेक्षा को लेकर कानाफूसी शुरू हो गयी और यह खबर पूरे नगर में फैल गयी। गली चौराहो में भारतीय जनता पार्टी के ही नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष की हुई इस उपेक्षा की बात गूंजने लगी।

मंडल प्रशिक्षण महा अभियान में अपने ही दल के एक आदिवासी युवती जो की निर्वाचित जनप्रतिनिधि है,और जिला अध्यक्ष के समक्ष जिस तरह से नगर पालिका अध्यक्ष के अनादर मामले में उन्होंने जिस तरह से अनदेखी की वह कदापि उचित नहीं कही जा सकती, चूंकि जिला संगठन चलाने और हर एक कार्यकर्ता को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी जिला संगठन की होती है,फिर भी उन्होंने सत्ता सीन नेताओं के इशारे पर हुई इस उपेक्षा पर अपना मुंह बंद कर रखा,जो की कदापि संगठन हित में नहीं हो सकता। आखिर कार एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि का यह अनादर किसके इशारे में हो रही है, यह यक्ष प्रश्न भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तक को घसीटता नजर आ रहा है की भाजपा के तह खाने में ऐसे ही आदिवासी जन प्रतिनिधियों को अपमानित, और उपेक्षा से भरे खून के आंसू रोने पडेंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026: चचाई मंडल की कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न

**समाज जागरण विजय तिवारी**

बरगवां। प्रशिक्षण महा अभियान की कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें कुल आठ सत्र निर्धारित किए गए। सभी सत्रों में अनुभवी वक्ताओं ने संगठन, विचारधारा एवं कार्यपद्धति पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।



प्रथम सत्र - इस सत्र में पंजीयन, एकत्रीकरण, वर्ग गीत, उद्घाटन सत्र, दीप प्रज्वलन, सम्पूर्ण वंदे मातरम, अतिथि स्वागत, उद्घाटन उद्बोधन एवं अध्यक्षीय उद्बोधन संपन्न हुआ।

वक्ताः हनुमान गर्ग , अध्यक्षताः रामसुमेर चौरसिया , द्वितीय सत्र - वक्ताः श्यामसुंदर गौतम , अध्यक्षताः श्रीमती गीता गुप्ता , तृतीय सत्र - वक्ताः पूर्व जिला अध्यक्षआधाराम वैश्यअध्यक्षता उमेश सोनी, चतुर्थ सत्रवक्ताःपूर्व जिला अध्यक्ष अनिलगुप्ता अध्यक्षता जिला कार्यालय मंत्री चंद्रिका द्विवेदी ,पंचम सत्र झ वक्ताः पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास पुरी , अध्यक्षताः वरिष्ठ नेता जितेंद्र सिंह ,पंचम सत्र के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री हीरा सिंह श्याम जी एवं भाजपा जिला अनुपपुर के प्रभारी श्री संजय साहू जी द्वारा भी कार्यकताओं को महत्वपूर्ण संगठनात्मक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। षष्ठम सत्र - वक्ताः पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता रामलाल रौतेल , अध्यक्षताः बालकरण चौधरी सप्तम सत्र - वक्ताः जिला सहकोषाध्यक्ष रामनारायण उर्मलिया,अध्यक्षताः वरिष्ठ नेता विश्वनाथ सिंह अष्टम सत्र - वक्ताः नगर पालिका अध्यक्ष रामअवध सिंह , अध्यक्षताः महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा श्रीमती रश्मि खरे उपस्थिति विवरणःअपेक्षित कार्यकताओं की संख्या 185 रही, जबकि 177 कार्यकताओं की सक्रिय उपस्थिति दर्ज की गई।

सभी सत्रों में वर्ग गीत का भी सामूहिक उच्चारण किया गया, जिससे कार्यक्रम में उत्साह एवं संगठनात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जीवन पर आधारित फिल्म का भी अवलोकन किया गया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकताओं को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए।इस दौरान कार्यकताओं के लिए भोजन, भजन संध्या, रात्रि विश्राम एवं प्रातः योग-व्यायाम का भी आयोजन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का मंच संचालन मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण फुक्कू सोनी के द्वारा किया गया।सभी वक्ताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का हार्दिक आभार, जिनके सहयोग से यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# राज्य सरकार प्रभावित परिजन के साथ है : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**- कोतमा अनूपपुर हादसे के दिवंगतों के परिजनों को दी जाएगी 9-9 लाख रुपये की आर्थिक सहायता**

**- सघन रेस्क्यू ऑपरेशन पूर्ण, हादसे की होगी निष्पक्ष जांच**

**समाज जागरण**

अनूपपुर - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कोतमा, अनूपपुर में हुए दुखद हादसे में काल-कवलित नागरिकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4-4 लाख, संबल योजना के अंतर्गत 4-4 लाख और रेडक्रॉस से 1-1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 2-2 लाख रुपये और रेडक्रॉस से 50-50 हजार रुपये राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगतों की आत्मा को शांति और परिजन को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिजन के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनूपपुर जिले के कोतमा क्षेत्र में एक लॉज भवन ध्वस्त होने की दुखद घटना के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया था कि राहत एवं बचाव कार्यों में कोई कमी न रहे तथा प्रभावित परिवारों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाए। उल्लेखनीय है कि इस दुखद घटना में 3 लोगों की मृत्यु हो गई,जबकि 3 अन्य घायल हो गए थे। घायलों में से गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को बेहतर उपचार के लिए शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहाँ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उनकी निगरानी कर रही है। अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में जारी है। शनिवार शाम से प्रारंभ हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन आज रविवार दोपहर तक जारी रहा। रेस्क्यू कार्य में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस, प्रशासन तथा एसईसीएल की टीमों ने आधुनिक मशीनों एवं डॉग स्क्वॉड की मदद से मलबे के एक-एक हिस्से की गहन तलाशी ली। रेस्क्यू टीम ने मलबे से 3 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकालकर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जबकि 3 अन्य व्यक्तियों के शव बरामद किए गए। मृतकों की पहचान हनुमान दीन यादव, रामकृपाल यादव और एक अन्य स्थानीय निवासी के रूप में हुई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देशानुसार जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार तथा कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल पूरी रात घटनास्थल पर उपस्थित रहकर राहत एवं बचाव कार्यों का नेतृत्व करते रहे। प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने बताया कि इस गंभीर हादसे की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसईसीएल की टीमों, पुलिस बल एवं सहयोग करने वाले स्थानीय नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# सीतापुर अग्निकांड का सीएम योगी ने लिया संज्ञान, प्रदान की त्वरित राहत

**- महमूदाबाद के सरैया चलाकापुर में हुए हादसे का लिया संज्ञान, परिजनों को 4-4 लाख की आर्थिक सहायता**

**- सीएम योगी के निर्देश पर फौरन सुनिश्चित हुई कार्रवाई, मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत घर देने की प्रक्रिया भी शुरू**



**समाज जागरण**

लखनऊ, 05 अप्रैल। सीतापुर जिले की तहसील महमूदाबाद के ग्राम सरैया चलाकापुर में 4 अप्रैल को हुए भीषण अग्निकांड में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुरंत संज्ञान लिया और अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रशासन ने बिना देर किए कार्रवाई करते हुए प्रत्येक मृतक के परिजनों के बैंक खातों में शासनादेश के तहत 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भेज दी। इस त्वरित मदद से पीड़ित परिवारों को तत्काल राहत मिली है।

सीएम योगी के निर्देशों के बाद प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्हें आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित विभागों को आवश्यक कागजी कार्रवाई जल्द पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पीड़ितों को शीघ्र लाभ मिल सके।

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, अग्निकांड के कारणों की जांच की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। फिलहाल प्रशासन मौके पर मुस्तैद है और राहत कार्यों को निरंतर जारी रखते हुए प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# मोहनलालगंज में सपा की मासिक बैठक संपन्न, अम्बेडकर जयंती धूमधाम से मनाने का आह्वान

**विवेक कुमार दैनिक समाज जागरण संवाददाता**

राजधानी लखनऊ के विधानसभा क्षेत्र के मोहनलालगंज अंतर्गत ग्राम सभा खुजौली स्थित ॐ नमः शिवाय मैरिज लॉन में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर उपस्थित रहे।बैठक को संबोधित करते हुए अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने सभी पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशों का उल्लेख करते हुए आगामी 14 अप्रैल 2026 को विश्व रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती को पूरे विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से जुटने की अपील की।



इस मासिक बैठक सक्रिय कार्यकर्ता श्री हरी राम रावत तथा श्री मैकू लाल रावत जी को अम्बेडकर वाहिनी जिला सचिव नियुक्त कर मनोनयन प्रमाण पत्र दिया जिससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष/सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा ने की, जबकि संचालन विधानसभा महासचिव गजराज रावत द्वारा किया गया।

इस अवसर पर अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव श्रावण यादव, अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव संतोष रावत, जिलाध्यक्ष राजकिशोर रावत ह्यराजूह्ण, पूर्व चेयरमैन राजेश रावत सहित दिनेश यादव, नवनीत सिंह, विजय प्रकाश यादव, राम अचल रावत, राम कुमार यादव, उमेश यादव, मो. हनीफ, मो. रईस, विजय सिद्धार्थ, राम समुझ रावत, ज्ञानेन्द्र बहादुर सिंह, अशर्फी लाल धीमान, राजू कुरैशी, महादेव रावत, वीर सिंह यादव, समर पाल यादव, हरीराम रावत, मैकू लाल रावत, गंगादीन रावत, मो. साहिल, अरविंद कुमार यादव 'गुड्डन', शिवशंकर सिंह यादव, अजेन्द्र यादव, राधेश्याम यादव, बसंत लाल रावत, संतराम रावत, सुमन रावत, अर्चना रावत, फूलचंद यादव, सर्वेश यादव, मनोज रावत, गुड्डू यादव, हरिशंकर यादव, रमेश यादव, हरद्वार गौतम, भोला वर्मा, विपिन पाल, रामफेर धीमान, राकेश कुमार रावत, पदम यादव, दिलीप यादव, मनोज यादव, नितुल शर्मा, शनि सिंह यादव, राम सुचित यादव, सुरेश कश्यप, मधुकर यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक में सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# रंजिशन युवक के साथ मारपीट

कैराना। रंजिश के चलते युवक के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। ऊंचागांव निवासी नवीन चौहान ने मुकदमा दर्ज कराया कि गांव के ही विकास और नितिन उससे रंजिश रखते हैं। गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे जब वह गांव में जा रहा था, तभी दोनों ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से मारपीट की। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

# किशोरी को ले जाने में मुकदमा दर्ज

कैराना। किशोरी को ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया।

नगर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया है कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी बाजार से सामान लेने गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। आरोप है कि अलीपुर रोड निवासी समीर उसे बहला-फुसलाकर ले गया। बताया गया है कि करीब तीन महीने पहले भी समीर किशोरी को अपने साथ ले गया था, लेकिन उस समय उसके पिता ने लड़की को वापस कर दिया था। सामाजिक कारणों से उस समय कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। परिजनों ने बताया कि किशोरी घर में रखे करीब एक लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर भी अपने साथ ले गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मॉडिफाइड साइलेंसर बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार

कैराना। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर बेचने के मामले में पुलिस ने एक दुकानदार को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शनिवार शाम पुलिस ने मुख्य मार्ग पर केनरा बैंक के सामने स्थित एक दुकान पर छापेमारी की। यहां बाइक लेमिनेशन और नंबर प्लेट का काम किया जाता था। छापेमारी के दौरान दुकान से बुलेट बाइक के 15 नए और पुराने मॉडिफाइड साइलेंसर बरामद किए गए। पुलिस ने बताया कि दुकानदार तालिब निवासी जहानपुरा अधिक मुनाफे के लिए बुलेट बाइक में ऐसे साइलेंसर लगाता था, जिससे तेज आवाज और पटाखे जैसी ध्वनि निकलती थी, जिस कारण ध्वनि प्रदूषण फैलता था। पुलिस ने साइलेंसर जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# यूपी में तैयार हो रही महिला ई रिक्शा पायलटों की फौज

**- महिला सुरक्षा में यूपी बन रहा मॉडल स्टेट, सेफ मोबिलिटी से बदल रही गांवों की तस्वीर**

**- अयोध्या समेत 5 जिलों में हुई शुरूआत, लखनऊ और प्रयागराज समेत 8 जिलों में भी जल्द मिलेगी सुविधा**

**- बालिकाओं-महिलाओं का विद्यालय या कार्यस्थल तक का सफर रहेगा बेहद सुरक्षित**

**- समूह की महिलाओं को शुरूआत में 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जाएंगे, इसके बाद पूरे प्रदेश में होगा विस्तार**



**समाज जागरण**

लखनऊ, 05 अप्रैल : उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। ह्यसेफ मोबिलिटी प्रोग्रामह्ण के तहत प्रदेश में महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को विद्यालय, कार्यस्थल और अन्य जरूरी स्थानों तक सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक परिवहन मिल सकेगा।

इस योजना के तहत शुरूआत में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरूआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिजार्पुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जाएगा।

योगी सरकार की यह पहल इसलिए भी खास है, क्योंकि इसका सीधा रिश्ता महिला सुरक्षा से जुड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अब महिला चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा बेहतर समाधान बनकर उभर रही है।

**योजना से जुड़ी महिलाएं तीन लाख रुपये से अधिक कमा रहीं**

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के तकनीकी सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम ने अब तक प्रभावी परिणाम दिए हैं। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से जुड़ी महिलाएं अब सिर्फ वाहन ही नहीं चला रहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रहीं हैं। योजना से जुड़ी महिलाओं की औसत वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक पहुंचने की बात इस मॉडल की सफलता को और मजबूत बनाती है।

**गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे**

सेफ मोबिलिटी का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी।

**गांवों के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने की तैयारी**

महिला सुरक्षा, सम्मानजनक परिवहन और स्वरोजगार इन तीनों मोर्चों पर एक साथ असर डालने वाली यह पहल उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रही है। यही वजह है कि महिला सुरक्षा में यूपी अब मॉडल स्टेट के रूप में अपनी अलग छाप छोड़ता दिख रहा है और ई-रिक्शा महिला पायलटों की यह नई फौज गांवों के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने की तैयारी में है।


# कार्यालय नगर परिषद जैतहरी जिला अनूपपुर म०प्र०

E-mail: cmobakho.shahdol(@mpurian.gov.in

क्र०/33/न०परि०/ई. टेन्ड. लोक 0नि0/2026 — जैतहरी दिनांक 02/4/26

## ई- निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा नगर परिषद जैतहरी निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ONLINE) निविदा आमंत्रित करती है उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईड https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।

| क्र. | ऑन लाईन टेंण्डर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रुपए में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मुल्य | समया वधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 2026_UAD_493660_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works Project of Jaitehri town under SBM 2.0 | 3,46,65,000/- | 1,73,325/- | 15000/- | 12 माह |

1. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन कार्य करनें का दिनांक 02/04/2026 समय शाम 16:00 बजे से 02/05/2026 समय शाम 17:30 तक कय की जा सकती है।
2. विस्तृत निविदा विज्ञप्ति टॅण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने एवं डाउनलोड करनें के लिए वेबसाईड पर सुविधा उपलब्ध है अधिक जानकारी के लिए https://mptenders.gov.in/ देखी जा सकती है।
3. निविदाकार टेण्डर डालने के पूर्व उपरोक्तानुसार स्थल का निरीक्षण कर सकते है।
4. निविदा में किसी भी प्रकार के संबोधन के लिए समाचार पत्र पर प्रकाषन नही किया जावेगा निविदा के संषोधन की जानकारी https://mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकरी
नगर परिषद जैतहरी
जिला अनूपपुर म०प्र०

# अडानी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण पर किसानों का उबाल

## चेतावनीः प्रशासन ने नहीं दिया जवाब तो जल्द होगा धरना-प्रदर्शन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। जनपद के ब्लॉक करमा अंतर्गत ग्राम सभा लोहरा (गुलरहवा) में औद्योगिक गलियारे के लिए भूमि अधिग्रहण को लेकर किसानों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। सुदामा सिंह के आवास के पास बरगद के पेड़ के नीचे आयोजित महासभा में बड़ी संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया और अपनी नाराजगी जाहिर की।

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में ग्राम सभा तकिया, लोहरा (गुलरहवा) व आसपास के किसानों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ आवाज बुलंद की। किसानों का कहना है कि उन्होंने 25 मार्च 2026 को जिलाधिकारी सोनभद्र को ज्ञापन सौंपा था, लेकिन 5 अप्रैल तक कोई लिखित प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

महासभा में किसानों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रशासन को जवाब देने के लिए कुछ और समय दिया जाएगा, लेकिन यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। किसानों ने साफ कहा कि ऐसी स्थिति में पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। साथ ही यह भी तय किया गया कि एक बार पुनः जिलाधिकारी से मिलकर स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि किसानों की समस्याओं का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से निकल सके।

इस दौरान सभा में मनोज कुशवाहा (अध्यक्ष), रेनू सिंह, अजित कुमार, दिनेश कुमार, दयाराम, ज्योति जंग सिंह, रविशंकर मौर्य, संतोष आत्मा सिंह, रविन्द्र बहादुर सिंह, विरेन्द्र कुमार, जय प्रकाश मौर्य, रामराज, कमलेश एडवोकेट, चन्द्र प्रकाश सिंह एडवोकेट, सुदामा सिंह, सुखराम पटेल समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# तेलगुड़वा के पश्चिम टोला गांव में बिजली की समस्या को लेकर आदिवासियों ने किया जोरदार प्रदर्शन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। चोपन ब्लाक के ग्राम पंचायत कोटा के तेलगुड़वा के पश्चिम टोला गांव में बिजली की समस्या को लेकर के पूर्व प्रदेश सचिव छात्र मंच अपना दल एस रविन्द्र सिंह यादव के नेतृत्व मे किया गया आंदोलन।

आजादी से लेकर के आज तक इस गांव में सरकार बिजली मुहैया नहीं करा पाई है स्थानीय लोगों ने राज्य मंत्री को भी अवगत कराए हैं विधायक को भी अवगत कराए हैं और जिले के तमाम अधिकारियों को भी इस समस्या से स्वागत कराया गया है लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है जिसको लेकर के हमारे नेतृत्व में यहां के आदिवासी आंदोलन कर रहे हैं समय रहते जनप्रतिनिधि और अधिकारी उनकी समस्याओं को समाधान नहीं करते हैं तो यह आंदोलन बड़ा हो सकता है क्योंकि मैं सरकार की छवि को खराब नहीं होने दूंगा सरकार की हर एक योजना जनता तक पहुंचे इसको लेकर के मैं पटल पर संघर्ष करता रहता रहूंगा, पंकज यादव ने बताया कि आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उनके समस्याओं के लिए अनवरत संघर्ष होता रहेगा।

बताते चलें कि यहीं बगल में ओबरा थर्मल पावर प्लांट से बिजली पैदा करके जिले से बाहर भेजा जाता है लेकिन जिले में निवास करने वाले आदिवासी समाज के लोगों को बिजली मुहैया नहीं करा पा रही है क्योंकि यहां के आदिवासी फैक्ट्री से निकलने वाले प्रदूषण का वहन करते हैं बीमार होते हैं इसके बावजूद भी इन्हें बिजली मुहैया नहीं हो पा रही है यह दुर्भाग्य की बात है और समाज कल्याण राज्य मंत्री का भी घर उनके गांव से मात्र 5 किलोमीटर की दूरी पर है लेकिन वह भी उनके समस्याओं पर कार्य नहीं कर पा रहे हैं समय रहते अधिकारी समस्या का समाधान नहीं करेंगे तो यह आंदोलन जिले से लेकर के लखनऊ तक होगा और हर हाल में आदिवासियों को बिजली मुहैया कराया जाएगा।

इस आंदोलन में भाग लेने वाले में विजय कुमार, तेजू राम, वंशराज, गुड्डू, लालमन, बलिराम, ब्रिज देव मुनि, ओमप्रकाश, भोला झीगई, उत्तम, मुन्ना, छोटेलाल, रामविलास, शिवकुमार, लालजी सोनू गुप्ता, सुरेश, मोहन लाल, चंद्र, भोला, उत्तम, रामप्यारी विश्वनाथ लक्ष्मण संतोष रोपड़ उत्तम रमेश सेनापति जैसे आदि लोग उपस्थित रहे।

# सोनभद्र पुलिस द्वारा ऑटो चालकों को यातायात नियमों व सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा द्वारा रॉबट्र्सगंज क्षेत्रांतर्गत बढ़ौली ओवरब्रिज के नीचे ऑटो चालकों से संवाद स्थापित कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



इस दौरान सभी ऑटो चालकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि किसी भी स्थिति में अपने वाहनों में अश्लील गाने/साउण्ड सिस्टम का उपयोग न करें, बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस (DL) के वाहन का संचालन न करें तथा यातायात नियमों एवं रोड अनुशासन का कड़ाई से पालन करें।

साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि यदि किसी भी ऑटो में कोई संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए पाया जाए तो तत्काल इसकी सूचना नजदीकी पुलिस को दें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

इसके अतिरिक्त ऑटो चालकों को यह भी हिदायत दी गई कि अपने वाहनों में लगे साउण्ड सिस्टम को स्वयं हटाना सुनिश्चित करें। साथ ही अवगत कराया गया कि यदि स्वेच्छा से साउण्ड सिस्टम नहीं हटाया गया, तो चेकिंग के दौरान पाए जाने पर संबंधित वाहन को सीज करते हुए विधिक कार्यवाही की जाएगी। उल्लंघन करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्यवाही किए जाने की चेतावनी भी दी गई।

# "ऑपरेशन दहन" के तहत अवैध शराब पर बड़ी कार्रवाई, 68 मुकदमों के माल का निस्तारण

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन दहन" के तहत आज दिनांक 05.04.2026 को थाना हाथीनाला परिसर में विभिन्न अभियोगों से संबंधित कुल 68 मुकदमों के मुकदमाती माल (अवैध शराब) का विधिक रूप से निस्तारण कराया गया।

उक्त कार्यवाही सक्षम मजिस्ट्रेट/राजपत्रित अधिकारी की उपस्थिति में विधिक प्रावधानों का पालन करते हुए संपन्न कराई गई। निस्तारण के दौरान बरामद शराब को थाना परिसर में गड्ढा खुदवाकर पर्यावरणीय मानकों का ध्यान रखते हुए विधिवत रूप से नष्ट किया गया, जिससे इसके दुरुपयोग एवं पुनः अवैध प्रचलन की संभावना पूर्णतः समाप्त की जा सके।

# पं0 दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत भाजपा डाला मंडल की दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। स्थानीय वैभव लॉन, नगर पंचायत डाला बाजार में शुक्रवार-शनिवार को भारतीय जनता पार्टी डाला मंडल द्वारा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के मार्गदर्शन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन किया गया। इस दौरान 7 सत्र में विभिन्न विषयों पर संगठन के वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किया गया। जिसमें प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र में सदर विधायक भूपेश चौबे के द्वारा सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया। वहीं दूसरे सत्र में नि. जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश दुबे द्वारा वैचारिक अनुष्ठान व तीसरे सत्र में आईटी जिला संयोजक मनोज सिंह द्वारा सोशल मीडिया की विस्तृत जानकारी व उपयोग पर प्रकाश डाला गया, रात्रि में राम भजन तथा प्रवास का कार्यक्रम कर द्वितीय दिवस में चौथे सत्र के दौरान नवनियुक्त जिला महामंत्री संतोष शुक्ला ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास व विकास पर पांचवें व छठवें सत्र में नागेश्वर देव पांडे द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कार्य पद्धति तथा कार्य विस्तार पर बौद्धिक दिया गया तत्पश्चात समापन सत्र में जिला अध्यक्ष भाजपा नंदलाल गुप्ता द्वारा भारतीय जनता पार्टी के बूथ प्रबंधन, मन की बात तथा टिफिन बैठक के बारे में विस्तृत विचार विमर्श कर जानकारी दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण वर्ग में भारतीय जनता पार्टी डाला मंडल के अपेक्षित कार्यकताओं ने वर्ग में संगठन द्वारा दिए गए निदेशों का तथा परीक्षा वर्ग पास कर प्रमाण पत्र भी इंटरनेट के माध्यम से प्रदान किया गया। वर्ग में प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में मंडल अध्यक्ष भाजपा संदीप सिंह पटेल सहित वर्ग प्रभारी उमेश सिंह पटेल, पूर्व सांसद नरेंद्र सिंह कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, संतोष कुमार बबलू, मंडल उपाध्यक्ष चंद्रावती देवी, मनोज कुमार निषाद, अमरेश उपाध्याय, उर्मिला देवी, मंडल महामंत्री विशाल कुमार, बृजेश पांडे, मंडल मंत्री विकाश जायसवाल, रमाशंकर पासवान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह पटेल तथा शक्ति केंद्र के संयोजक व प्रभारी राजेश पटेल, आकाश उपाध्याय, सोनू तिवारी, महेश सोनी, कृपाशंकर पांडे, राजेश्वर चौधरी, मदन अग्रहरि, बलबीर, मायादेवी, नगर पंचायत डाला के सभासदगढ़ अवनीश पांडे, संतोष कुशवाहा, बिंदु सिंह पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष पाल, एस टी मोर्चा जिला महामंत्री शंभू सिंह गौड़ तथा वर्ग का संचालन वर्ग प्रमुख व जिला कार्यसमिति सदस्य दीपक दुबे ने किया तथा विकाश जैन, शुभम, अमित शर्मा, प्रकाश चौधरी, विनोद, डिम्पल, शंकर आदि लोग उपस्थित रहे।

# चोरी की घटना कारित करने वाली 03 वांछित अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे चोरी का आभूषण बरामद

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर के कुशल निर्देशन में थाना पन्नूगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 66/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित 03 अभियुक्ताओं को मुखबिर खास की सूचना पर आज दिनांक 05.04.2026 को हड़बिनवा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया तथा उनके कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ताओं के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए नियमानुसार माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ताओ का विवरण 01.मौसम पत्नी मनोज निवासी ग्राम खलासपुर,थाना भभुआ,जनपद कैमूर (बिहार), 02.रमिता पत्नी चन्दन निवासी ग्राम भगवानपुर, थाना भगवानपुर, जनपद भभुआ (बिहार), 03.खुशबू पुत्री स्व0 सिघई निवासी ग्राम भगवानपुर, मुण्डेश्वरी मंदिर के पास, थाना भगवानपुर, जनपद भभुआ (बिहार)।

# खलिहान में भीषण आग से 6 बीघा फसल जलकर राख, किसान परिवार पर टूटा संकट

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरि**



डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के कोटा ग्राम पंचायत अंतर्गत अम्मतोला (मिटीहिनी) में रविवार दोपहर खलिहान में अचानक लगी भीषण आग से लगभग 6 बीघा में खड़ी गेहूं, चना और जौ की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया और पीड़ित परिवार के सामने आजीविका का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोटा निवासी कृपा शंकर उपाध्याय, जो पेशे से सिक्योरिटी गार्ड हैं, की कृषि भूमि पर यह फसल तैयार खड़ी थी। उक्त खेत को अधिया (बटाई) पर गांव के ही गोपाल केवट द्वारा बोया गया था। रविवार को दोपहर करीब 1 बजे अचानक अज्ञात कारणों से खलिहान में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि स्थानीय ग्रामीणों के प्रयासों के बावजूद आग पर काबू नहीं पाया जा सका। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम करीब 2:10 बजे मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जलकर राख हो चुकी थी। घटना के बाद खेत मालिक कृपा शंकर उपाध्याय और बटाईदार गोपाल केवट का बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि कृपा शंकर की पत्नी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं और परिवार की आजीविका मुख्य रूप से इसी फसल पर निर्भर थी। फसल के जल जाने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और उनके सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना स्थानीय लेखपाल को दी गई, ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र आर्थिक सहायता एवं उचित मुआवजा देने की मांग की है। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रारंभिक तौर पर इसे तेज गर्मी या लापरवाही से लगी आग माना जा रहा है।

# बच्चों में बैग, कॉपी और पेन का वितरण, नौनिहालों के चेहरे खिले

**समाज जागरण ब्यूरो**

अनपरा/ सोनभद्र। अति पिछड़े और सुदूर भाट क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय योगेन्द्रा में सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल देखने को मिली।



आनन्द फाउंडेशन द्वारा विद्यालय के 55 बच्चों को बैग, कॉपी, पेन सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। बताया गया कि यह कार्यक्रम आनन्द फाउंडेशन एवं आनन्द एसोसिएट्स के संस्थापक कुशाग्र मिश्र के पिता स्वर्गीय आनन्द प्रकाश मिश्रा की 26वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संयोजक कुशाग्र मिश्र ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में बच्चों को उनकी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराकर एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य न केवल बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि समाज के अन्य लोगों को भी प्रेरणा देते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आनन्द फाउंडेशन भविष्य में भी इसी प्रकार के सकारात्मक और रचनात्मक कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान अनपरा तापीय परियोजना के ई.सी.पी. चौरसिया और ई. धर्मेन्द्र यादव ने भी इस पुनीत कार्य की सराहना की। वहीं भाजपा से जुड़े प्रमोद शुक्ला उर्फ बाबा और आकाश पाण्डेय ने अपने संबोधन में फाउंडेशन के प्रयासों को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

इस अवसर पर निशांत सिंह, संकल्प श्रीवास्तव, विद्यालय के स्टाफ, शिक्षामित्र और रसोइया सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा स्थापना दिवस पर शेषनाथ सिंह का भावुक संदेश, कार्यकताओं से एकजुटता का आह्वान

**समाज जागरण ब्यूरो**



अनपरा/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर अनपरा नगर पंचायत के रेणुसागर क्षेत्र निवासी भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता शेषनाथ सिंह ने देशवासियों और क्षेत्र के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने पार्टी के अब तक के सफर को याद करते हुए इसे गौरवपूर्ण बताया।

शेषनाथ सिंह ने अपने संदेश में कहा कि भाजपा आज अपने स्वर्णिम दौर से गुजर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश तेजी से विकास और प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसमें पार्टी की नीतियों और कार्यशैली का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है, जिससे देश मजबूत हो रहा है।

उन्होंने पार्टी के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विशेष रूप से एकजुट रहने और अनुशासन बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसके समर्पित और मेहनती कार्यकर्ता हैं, इसलिए सभी कार्यकर्ता आपसी मतभेद भुलाकर संगठन को मजबूत बनाने में जुटें।

शेषनाथ सिंह ने आगे कहा कि हर कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह पार्टी की नीतियों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाए और देश के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए मिल-जुलकर कार्य करें और भारत को और अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

अंत में उन्होंने एक बार फिर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए सभी से देश की प्रगति और समृद्धि के लिए एकजुट होकर काम करने की अपील की।

# यूएन सुरक्षा परिषद से तत्काल कार्रवाई की मांग, ज्यूडिशियल काउंसिल ने जताई वैश्विक संकट की आशंका

**समाज जागरण**



नई दिल्ली (न्यूज वार्ता)। ज्यूडिशियल काउंसिल ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से ह्लबहुत देर होने से पहलेह्व इजराइलझ्रअमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनावपूर्ण संघर्ष को रोकने के लिए तत्काल और निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की है।

काउंसिल ने औपचारिक रूप से स-ुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को पत्र भेजकर आग्रह किया है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तुरंत आपातकालीन बैठक बुलाई जाए और युद्धविराम के लिए बाध्यकारी प्रस्ताव पारित किया जाए। काउंसिल ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते हस्तक्षेप नहीं किया गया तो इसके वैश्विक स्तर पर विनाशकारी परिणाम हो सकते हैं।

पिछले कुछ सप्ताहों में संयुक्त राज्य अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच तनाव तेजी से बढ़ा है। सैन्य कार्रवाइयों, मिसाइल हमलों और जवाबी हमलों के कारण बड़े पैमाने पर जनहानि, बुनियादी ढांचे को नुकसान और नागरिकों के विस्थापन की खबरें सामने आई हैं।

ज्यूडिशियल काउंसिल के चेयरमैन राजीव अग्निहोत्री ने कहा कि हालिया घटनाक्रम एक खतरनाक मोड़ की ओर इशारा करते हैं, जहां क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ रही है और व्यापक अंतरराष्ट्रीय संघर्ष का खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बनती जा रही है।

काउंसिल ने इस संघर्ष से उत्पन्न मानवीय संकट पर भी गहरी चिंता जताई है। लगातार बढ़ती हिंसा, नागरिकों की मौतें और बुनियादी ढांचे का विनाश अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# योगी सरकार की योजनाओं ने दूर की आर्थिक तंगी, 'आत्मनिर्भरता' की नई मिसाल बनीं गीता देवी

**- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में जुड़कर बागपत की गीता देवी ने लिखा सफलता का नया अध्याय**

**- अब प्रति माह हो रही 40 से 45 हजार के बीच कमाई, स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व का भी मिला अवसर**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 5 अप्रैलः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर बागपत जनपद के छपरौली ब्लॉक के लुहारा गांव की रहने वाली गीता देवी ने आर्थिक तंगी से बाहर निकलकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है।

एक समय सीमित आय और आर्थिक तंगी जैसी कठिन परिस्थितियों से जूझ रही गीता देवी आज न केवल अपने परिवार को सशक्त बना चुकी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर उन्होंने अपने जीवन की दिशा बदली और आज पूरे गांव में एक आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से सशक्त महिला के रूप में पहचानी जाती हैं।

### स्वयं सहायता समूह से मिली नई दिशा

वर्ष 2018 में कृष्णा स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद गीता देवी के जीवन में निर्णायक बदलाव आया। समूह की अध्यक्ष बनने के साथ ही उन्हें नेतृत्व का अवसर मिला और आर्थिक सशक्तिकरण की राह खुली। वर्तमान में वह 11 समूहों की महिलाओं का नेतृत्व कर रही हैं। योगी सरकार सें उनके समूह को रिवॉल्विंग फंड और सामुदायिक निवेश निधि के रूप में सहायता प्राप्त हुई। इस सहयोग के माध्यम से उन्होंने 25,000 का ऋण लेकर ह्यविद्युत सखी के रूप में प्रशिक्षण हासिल किया और घर-घर बिजली बिल संग्रह का कार्य शुरू किया। इतना ही नहीं, बीसी सखी के रूप में चयनित होकर उन्होंने अपनी आय के अतिरिक्त स्रोत भी विकसित किए। उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता ने उन्हें गांव में एक आर्थिक रूप से सशक्त महिला के रूप में स्थापित कर दिया है।

### योजनाओं से सशक्त होती महिला शक्ति

यह योगी सरकार की कुशल नीतियों का ही परिणाम है कि आज गीता देवी ह्यविद्युत सखीह्व के रूप में कार्य करते हुए प्रति माह 40,000 से 45,000 तक की आय अर्जित कर रही हैं, जो पहले लगभग ड्15,000 थी। उन्होंने लगभग 2 करोड़ के बिजली बिल का संग्रह कर 2 लाख का कमीशन प्राप्त किया है और जिले की शीर्ष विद्युत सखियों में अपना स्थान बनाया है। वहीं, वर्ष 2023 में लखपति दीदी योजना के अंतर्गत दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उनकी भागीदारी उनकी उपलब्धियों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

### 3500 महिलाएं संगठित रूप से कर रहीं कार्य

छपरौली ब्लॉक के लुहारा गांव में गीता देवी के उदाहरण से प्रभावित होकर अब 3500 महिलाएं एक साथ संगठित होकर कार्य कर रही हैं।

# सपा विधानसभा दुद्धी की मासिक बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण ब्यूरो**

सोनभद्र/दुद्धी। समाजवादी पार्टी के मासिक बैठक विधानसभा दुद्धी के गोंडवाना भवन में रविवार को की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष अवधनारायण यादव ने किया। बैठक के मुख्य रूप से एस आई आर के संबंध में चर्चा की गई। मतदाता सूची में अधिक से अधिक नाम बढ़ाने पर चर्चा। पर्यावरण पर चर्चा, नक्शा मुक्ति पर चर्चा। मासिक बैठक में मुख्य रूप से नीरेन्द्र सिंह गोंड ने कहा कि पार्टी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। बूथ सेक्टर व जोन में डॉ अम्बेडकर जी का जयन्ती बड़े ही उत्साह के साथ मनाएगी। बैठक में अनवर अली विनोद गोड रामनारायण सिंह गोंड सुमेर सिंह ओइके नागेंद्र यादव दिनेश यादव बिरझन पनिका हरि शंकर यादव प्रेम सागर पांडेय जगदीश यादव सहित सभी सेक्टर व जोन प्रभारी विधानसभा के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# सीएम योगी ने देखी आनंद मठ की नाट्य प्रस्तुति, कलाकारों व पूर्व छात्रों को किया सम्मानित

लखनऊ, 5 अप्रैल। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने अकादमी के संपूर्ण भवन एवं दो प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कलाविदों एवं पूर्व छात्रों को सम्मानित किया, साथ ही रंगवेद पत्रिका का विमोचन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने आनंदमठ पर आधारित नाट्य प्रस्तुति का भी अवलोकन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत में भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया।

# बीएचयू में वैज्ञानिकों ने सीखी फ्लो साइटोमेट्री तकनीक

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**



वाराणसी। बीएचयू के बायोकेमिस्ट्री विभाग में दो दिवसीय बीएचयू फ्लो साइटोमेट्री कार्यशाला-2026 का शुभारंभ शनिवार को हुआ। कार्यशाला के पहले दिन देशभर से आए वैज्ञानिकों और शोधार्थियों को फ्लो साइटोमेट्री तकनीक के उन्नत उपयोग की जानकारी दी गई।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर, विशेषकर रक्त कैंसर की पहचान और उपचार के लिए विश्वस्तरीय तकनीक फ्लो साइटोमेट्री का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। विशेषज्ञों ने बताया कि यह तकनीक बिना किसी रक्त कोशिका को नुकसान पहुंचाए लेजर किरणों और रासायनिक टैगिंग की मदद से कोशिकाओं की सटीक पहचान करती है, जिससे रोग की शुरूआती अवस्था में ही पहचान संभव हो पाती है।कार्यशाला में जयपुर और चेन्नई से आए विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को डेटा विश्लेषण, डिजाइनिंग और सटीक परीक्षण के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। इस दौरान प्रतिभागियों को वैज्ञानिकों के साथ सीधे संवाद का अवसर भी मिला, जिससे उन्हें तकनीक की गहराई से समझ विकसित करने में मदद मिली।

आयोजन में प्रो. डीके रॉय, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. श्री निवास और डॉ. नीलू कुमार समेत कई विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्यशालाएं शोधकताओं के लिए नई संभावनाएं खोलती हैं और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों को मजबूत बनाती हैं। कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# डॉ0 अम्बेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया: विधायक त्रिभुवन राम

## रामगांव में हुआ बाबा साहब के मूर्ति का अनावरण।

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी। डॉ0 भीमराव आंबेडकर ने हमेशा असमानताओं के खिलाफ संघर्ष किया। भारत के सर्वांगीण विकास में भारतीय संविधान 140 करोड़ की आबादी को एक देश के रूप में जोड़े रखा है।

डॉ0 भीमराव आंबेडकर का जीवन ,संघर्ष और भारतीय संविधान के निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को आज देश याद कर रहा है।

हम समानता ,न्याय,शिक्षा और शिक्षित बनो,संगठित रहो, संघर्ष करो के उनके आदर्शों को याद कर एक समतामूलक भारत बनाने का संकल्प लेते रहे हैं।

उक्त बातें अजगरा विधान सभा के विधायक त्रिभुवन राम ने हरहुआ ब्लाक के रामगांव में बाबा साहब डॉ0 भीमराव आंबेडकर के मूर्ति के अनावरण के बाद अपने सम्बोधन में व्यक्त किया।

विधायक के साथ सैकडों ग्रामीणों ने 'जब तक सूरज चांद रहेगा -बाबा तेरा नाम रहेगा, भारतय संविधान जिंदाबाद,जिंदाबाद, बाबा साहब अमर रहे,अमर रहे के नारे लगाकर बाबा साहब के आदर्शों को स्वीकारा और याद किया। गर्मजोशी के साथ ग्रामीणों ने विधायक पर पुष्प वर्षा कर गाजे -बाजे के साथ सम्मानित किया। रामगांव में खुशहाली का माहौल देखने को मिला।

अनावरण समारोह कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामप्रकाश सिंह 'बीरू' जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा वाराणसी, मनीष पटेल प्रधान रामगांव,राणा चौहान, सुमंत जी,विजय राजभर ,मोहन बाबू, डी के सिंह,मनोज मानव, सूरज चौधरी,विशाल चौधरी, सुनील बौद्ध,तथा ग्राम सभा के माताएं बहने व सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# गाजीपुर के लोगों ने पूरे विश्व में अपना परचम फहराया है-कलराज मिश्र

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**



साहित्य चेतना समाज का 41वाँ वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं 'गाजीपुर गौरव सम्मान' समारोह (चेतना महोत्सव-2026) नगर के स्थित शहनाई पैलेस में सम्पन्न हुआ।योगी आनन्द जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न इस समारोह की अध्यक्षता पूर्व कुलपति प्रो.राममोहन पाठक जी ने की समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन से हुआ।संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी 'अमर' ने संस्था के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। समारोह में जनपद के सैदपुर तहसील के मलिकपुर गाँव के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र को 'गाजीपुर गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया।उन्हें जब अंगवस्त्र,स्मृति-चिह्न व सम्मान पत्र प्रदान किया गया तो खचाखच भरा सभागार करतल ध्वनि से गूँज उठा।सम्मान पत्र का वाचन संस्था के संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।अपने उद्बोधन में कलराज मिश्र ने कहा कि गाजीपुर साहित्यिक-सांस्कृतिक एवं बौद्धिक रूप से अत्यंत समृद्ध रहा है।यह ऋषियों,तपस्वियों की भूमि रही है।शौर्य व पराक्रम में भी यहाँ के लोगों ने अपना लोहा मनवाया है।यहाँ के लोगों ने पूरे विश्व में अपना परचम फहराया है।गाजीपुर की इसी पवित्र मिट्टी ने भी मुझे भी गढ़ा है,संस्कारित किया है।गाजीपुर मेरे हृदय में बसता है।मैं गाजीपुर में जन्मा हूँ,मुझे इस पर गर्व है।मैं साहित्य चेतना समाज के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने मुझे इसके लिए चुना।

योगी आनन्द जी ने अपने आशीर्वचन में संस्था के उद्देश्य एवं गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि स्थान-स्थान पर ऐसी संस्थाएँ सक्रिय हो जांय तो समाज का काफी भला हो सकता है।समारोह में संस्था द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर न्यू होराइजन एकेडमी तुलसीसागर, बी.एस.डी.पब्लिक स्कूल रेवतीपुर एवं डी ड्रीम्स डांस एकेडमी के बाल कलाकारों ने आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ.राममोहन पाठक ने कहा कि इस कार्यक्रम में आकर अभिभूत हूँ।बिना किसी शासकीय वित्तीय सहायता के जनसहयोग से ऐसे आयोजन प्रशंसनीय ही नहीं अनुकरणीय हैं।जहाँ यह संस्था विद्यार्थियों के भीतर छिपी प्रतिभा को मुखरित व उजागर कर उन्हें मंच प्रदान कर रही है,वहीं 'गाजीपुर गौरव सम्मान' के माध्यम से गाजीपुर की विभूतियों को सम्मानित कर रही है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह,नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल,भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश राय, डॉ.श्रीकांत पाण्डेय,विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष बिनोद उपाध्याय,खालिद अमीर, डॉ.व्यासमुनि राय,सुहैल खान, डॉ.पारस नाथ सिंह,आनन्द प्रकाश अग्रवाल,संस्था सचिव हीरा राम गुप्त,राजीव मिश्र,शशिकांत राय, मनोज सिंह,मनोज सिंह,हर्षित श्रीवास्तव,शिवम प्रकाश त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष संजीव गुप्त एवं धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष डॉ.रविनन्दन वर्मा ने किया।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, लालगंज क्षेत्र में सनसनी

**समाज जागरण**



मीरजापुर /लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुलार में रविवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब घोरी डैम और अस्थाई गौ आश्रय स्थल के पास एक युवक का शव नीम के पेड़ से लटकता हुआ मिला। इस दिल दहला देने वाली घटना को देखकर ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों का माहौल बन गया।

ग्रामीणों और गौ आश्रय स्थल के कर्मियों की नजर जैसे ही पेड़ से लटकते शव पर पड़ी, पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों की भीड़ जुट गई गई और तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गईं। कई ग्रामीणों ने आशंका जताई कि यह मामला आत्महत्या नहीं, बल्कि हत्या कर शव को लटकाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही लालगंज थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह व पुलिस चौकी दुबार कला की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए। शव को पेड़ से उतरवाया और पहचान की प्रक्रिया शुरू की।शव की पहचान पचोखर ग्राम पंचायत के बैरहर निवासी 30 वर्षीय मनोराम पटेल पुत्र रामसागर पटेल के रूप में हुई। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

पुलिस ने परिजनों और ग्रामीणों की मौजूदगी में पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

थाना प्रभारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि घटना की हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल क्षेत्र में स्थिति शांतिपूर्ण बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक के परिवार में पत्नी के अलावा एक 8 वर्षीय बेटी और 5 वर्षीय बेटा है, जिससे पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# पीएचसी हरहुआ पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में रोगियों का हुआ उपचार

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला पीएचसी हरहुआ पर आज सर्वाधिक एआरबी के मरीज पहुंचे।

**समाज जागरण अनिल कुमार**




हरहुआ वाराणसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर हर रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में आने वाले मरीजों में सर्वाधिक संख्या एआरबी लगवाने वालों की रही।आज जन आरोग्य मेले में 18 मरीज एआरबी लगवाने पहुंचे थे।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ0 सन्तोष कुमार के अनुसार इन दिनों मौसम में लगातार हो रहे परिवर्तन से बुखार ,खासी, जुकाम ,दर्द ,पेटदर्द , चर्मरोग से जुड़े रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। उल्टी ,दस्त के भी मरीज मेले में आये। मरीजों को दवाएं देकर मौसम में बचाव व साफ सफाई रखने कीजानकारी दी गई।

मेले में लगे चिकित्सक डॉ0 नन्द आसरे डॉ0 मनु चतुवेर्दी ,डॉ0 राजकुमार सहित अन्य स्टाफ ने सहयोग प्रदान किया।

पीएचसी हरहुआ पर तैनात फार्मासिस्ट राकेश कुमार बताया कि विगत वर्ष 2025 में कुल 36672 म मरीज पीएचसी हरहुआ पर देखे गए जिसमें से एआरबी लगवाने वाले मरीजों की संख्या 12630 रही।

# ताज पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**







ताज पब्लिक स्कूल ताजपुर गाजीपुर के प्रांगण में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि बक्सर से आए वन विभाग के रिटायर्ड साबित रोहतस्वी रहे।सभा का आरंभ करते हुए विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर मसूद अहमद अहमद ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि हर बच्चों की अलग-अलग प्रतिभा होती है कोई पढ़ाई में अच्छा होता है तो कोई खेल में अच्छा होता है और किसी को कला पसंद होती है। कोई अच्छा भाषण देता है। आवश्यकता है ऐसे बच्चों को पहचान कर उन के पसंद के अनुसार उनका मार्ग दर्शन करना। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ अच्छे संस्कार , दूसरों के दुख दर्द समझने की क्षमता को बढ़ावा देना आवश्यक है। केवल अपने लिए सोचना जीवन नहीं बल्कि सभी के दुख दर्द में भागीदार रहना जीवन है। कार्यक्रम में पधारे आगंतुकों में पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण किए क्षेत्र के होनहार सपूत शुभम बरनवाल का स्वागत एवं अभिनंदन के साथ सम्मान किया गया। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार रामचंद्र सिंह ने विद्यालय के विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई देते हुए विद्यालय के द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों की सराहना की। अपने संबोधन में शुभम बरनवाल ने एक सामान्य विद्यार्थी जीवन के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि यह आवश्यक नहीं कि एक समान्य विद्यार्थी पीसीएस या कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकता। उन्होंने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन , एकाग्रता और परिश्रम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने को कहा। उनके साथ आए उनके साथी लोको पायलट जितेश राय ने बच्चों के संबोधित करते हुए कहा कि एक बिल्कुल साधारण सा विद्यार्थी भी अगर ठान ले तो वह कोई भी प्रायोजित परीक्षा को उत्तीर्ण कर सकता है। सभा के मुख्य अतिथि साबित रोहतासवी ने अपने भाषण का आरंभ रामचरित मानस की चौपाइयों से की और बच्चों को प्रातः काल उठ कर पढ़ने और जल्दी सो जाने की ताकीद की। उन्होंने अपने भाषण में सामाजिक कर्तव्य का पालन करने पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान युग में मां बाप की सेवा और गुरु का सम्मान किसी भी विद्यार्थी को कामयाबी दिला सकता है। गुरु और मां-बाप अपने बच्चों को जो दुवाएं देते हैं वह ईश्वर रद्द नहीं करता। उन्होंने भारत को विश्व का सब से अच्छा देश बताते हुए कहा कि यहां हिंदू , मुस्लिम,सिख, ईसाई सभी इस देश के वासी हैं और बच्चों को सद्भावना के साथ समाज और देश के विकास में अपना योगदान देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विपिन बिहारी सिंह ने शुभकामनाओं के साथ विद्यालय के प्रति अपना समर्पण व्यक्त किया। सभा के अध्यक्ष जनता जनार्दन कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य नर्वदेश्वर राय ने शुभम बरनवाल को शुभकामना देते हुए कहा कि यह उपलब्धि की पहली सीढ़ी है और भविष्य में और भी सफलता हासिल करने की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं और विद्यालय की सभी गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने को कहा। अंत में सभी मेघावी छात्र और छात्राओं को सर्टिफिकेट और मेडल दिया गया। इस के अलावा अलग अलग हाउस के बीच हुई खेल कूद प्रतियोगिता का पुरस्कार मेडल और सर्टिफिकेट वितरित किया गया। जिस में सभी खेल को मिला कर रेड हाउस दूसरे और येलो हाउस पहले नंबर पर रहा। अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ॰ मसूद ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फरार चल रहे गौ तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाने की पुलिस ने रविवार को फरार चल रहे वाराणसी जिला निवासी गौ तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गौ तस्कर के विरुद्ध वर्ष 2025 में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के तहत ड्रमंडगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर फरार चल रहे गौ तस्कर की तलाश में जुटी हुई थी। मुखबिर की सूचना पर रविवार सुबह थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआइ ईश्वर चंद्र त्रिपाठी,हेड कांस्टेबल संतोष यादव ने गौ तस्कर कृष्ण केशरी पुत्र मून्नू केशरी निवासी मच्छरहट्टा थाना रामनगर जिला वाराणसी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम के दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे वाराणसी जिला निवासी पिकअप वाहन स्वामी गौ तस्कर कृष्ण केशरी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसके पूर्व पिकप वाहन चालक गो तस्कर अमित जायसवाल उर्फ भोनू को जेल भेजा जा चुका है।

# व्यावसायिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय अभियान का पांचवा दिन

## व्यावसायिक स्वास्थ्य कि उपेक्षाः जीवन के लिए संघर्ष करते मजदूर

**समाज जागरण**
**ओंकार नाथ चौधरी**



जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया विश्व स्वास्थ्य दिवस पर व्यवसायिक एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रभाव को लेकर 1 अप्रैल 2026 से एक सप्ताह का राष्ट्रीय अभियान चला रहा है। इसी कार्यक्रम के अभियान के अंतर्गत जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया कि उत्तरपदेश इकाई द्वारा उत्तरप्रदेश के ललितपुर जिले मादौन गाँव के सैनिक चबूतरा पर पत्थर खदानों मेन काम करने वाले कामगारों / मजदूरों के साथ एक व्यवसायिक एवं पर्यावरणीय स्वास्थ्य पर प्रभाव को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई । इस परिचर्चा में इसमें मादौन, कपासी, जहाजपुरा, मटा खेड़ा, बाहर दाई गाँव के अकि मजदूर और ग्रामीण शामिल हुये।

उक्त परिचर्चा में अपनी बात रखते हुये डॉ वर्मा ने व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर वर्तमान समय समय के प्मूख मुद्दों पर चर्चा करते हुये बताया कि व्यसायिक स्वास्थ्य आज पूरी तरह से उपेक्षित है और बड़ी संख्या में मजदूर सिलिकोसिस और अन्य कई बीमारियों से पीड़ित हो रहे है, परंतु सरकार का ध्यान इस ओर नहीं है। उन्होने बताया कि ने बताया कि खनन सुरक्षा महानिदेशालय (DGMS) द्वारा 10 अप्रैल 2017 माननीय सर्वोच्च न्यायालय में प्रस्तुत शपथ पत्र के अनुसार, उत्तरप्रदेश में 6916 मजदूर सीलीकोसिस से प्रभावित हैं, जो एक गंभीर व्यावसायिक रोग है और श्रमिकों के जीवन के लिए अत्यंत घातक सिद्ध हो रहा है।

जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया उत्तर प्रदेश के संयोजक संजीव सिन्हा ने अपनी बात रखते हुये बताया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी खतरनाक और अन्य अपशिष्टों के उत्पादन और प्रबंधन पर राष्ट्रीय इन्वेंट्री (2022-23) के अनुसार, देशभर में 83,682 इकाइयाँ खतरनाक अपशिष्ट उत्पन्न करती हैं, जबकि उत्तरप्रदेश में ऐसी 2879 इकाइयाँ हैं, जो लोगों स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

बुंदेलखंड जीविका संगठन के शिशुपाल परमार ने बताया कि ललितपुर और महोबा जिलो में 78 मजदूर सिलिकोसिस से पीडीत है परंतु सरकार इन मजदूरों के अधिकार के लिए कोई प्रयास नहीं कर रही है और या सभी अपने जीवन के साथ संघर्ष कर रह है।

साथ ही परिचर्चा में टाकिया गया कि इस अभियान्न के क्षेत्र में अन्य गावों में ले जाएंगे। आज की इस परिचर्चा मेंउपस्थित सभी लोगों ने जन स्वास्थ्य अभियान इंडिया द्वारा जारी मांग पत्र का अनुमोदन करते हुये मांग पत्र पर हस्ताक्षर भी किए और अभियान द्वारा पर्यावरणीय और व्यावसायिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर जन जागरूकता के लिए जारी किया गया पर्चा भी वितरित किया गया

# रुक्मिणी-कृष्ण विवाह प्रसंग ने भाव-विभोर किए श्रद्धालु

**समाज जागरण अनिल कुमार**



हरहुआ वाराणसी पिंडरा बाजार में ह्यश्री राधे कुंजह्न में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का छठा दिन भक्ति और आध्यात्मिकता के रंग में सराबोर रहा। इस अवसर पर रुक्मिणी-कृष्ण विवाह प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं भावपूर्ण वर्णन किया गया, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं को गहरे आध्यात्मिक भाव में डुबो दिया।

कथा वाचक आचार्य परमानंद पाठक महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचनों में बताया कि रुक्मिणी जी ने भगवान श्रीकृष्ण को अपना आराध्य मानते हुए उन्हें पत्र लिखकर अपने हरण का आग्रह किया। जब उनके परिवार द्वारा विवाह अन्यत्र निश्चित किया गया, तब उन्होंने अपनी अटूट श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान को पुकारा। उनके निष्कलंक प्रेम और समर्पण से प्रसन्न होकर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं आए और रुक्मिणी जी का हरण कर विधिवत उनसे विवाह किया।

आचार्य जी ने इस प्रसंग के माध्यम से बताया कि यह कथा केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि सच्चे प्रेम, अटूट विश्वास और पूर्ण समर्पण का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जब भक्त सच्चे हृदय से भगवान को स्मरण करता है, तो भगवान स्वयं उसकी रक्षा करते हैं और उसके जीवन को सुख, शांति एवं आनंद से भर देते हैं।

कथा के दौरान भजन-कीर्तन, शंखनाद और जय श्रीकृष्ण के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु भाव-विभोर होकर कथा का रसास्वादन करते रहे। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

आयोजन के संयोजन में सरोज वर्मा , राहुल ,पवन वर्मा , कृष्णकांत व दीक्षा सहित अन्य भक्तों का सराहनीय सहयोग रहा।

# एसीपी पिंडरा के आदेश पर मुकदमा दर्ज का दिया आदेश

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी जमीन बेचने के नाम पर महिला से तीन लाख दस हजार रुपए की धोखाधड़ी करने और पैसा वापस मांगने पर मारपीट, अश्लील हरकतें करने के मामले को गंभीरता से लेते हुये सहायक पुलिस आयुक्त पिण्डरा ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है जिसके तहत बड़ागांव पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। एसीपी पिंडरा को दिये गये प्रार्थना पत्र में भटौली गांव निवासिनी बसन्ती देवी ने आरोप लगाया है कि हमारे ही गांव के घनश्याम जायसवाल जमीन बेचने के नाम पर 24 जुलाई 2025 को पचास हजार नगद और नब्बे हजार रुपए अपने खाते में लेने के कुछ दिनों बाद जमीन अपने मित्र अभय के नाम सट्टा करने की बात कहते हुए उसको भी अस्सी हजार नगद और खाते नब्बे हजार रुपया आरटीजीएस करवा दिया। उसके बाद भी न जमीन दे रहे हैं और पैसा वापस मांगने पर बीते 13 मार्च को उपरोक्त लोग उसके साथ मारपीट करते हुए अश्लील हरकतें करने लगे तथा जान से मारने की धमकी दिया।

# अधेड के चेहरे को कूच कर मार डाला

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर गाँव के पास बने कटरे मे सो रहे अधेड की चेहरे को कूच कर हत्या कर दिया गया। मौके पहुँची पुलिस ने फारेसिक जाँच करा कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। घटना की सुचना मिलते पुलिस अधिक्षक ग्रामीण मौके पहुंचे। थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर रमेश पटेल ने बताया की नेवादा गाँव निवासी रामबचन



ठाकुर पुत्र घुरहु ठाकुर उम्र 57 बर्ष नेवाद गाँव का रहने वाला था जो कि हरदासपुर निवासी विमला राय के बने कटरे में रह कर खेती का काम देखता था। शुक्रवार की शाम वह प्रतिदिन की तरह भोजन के बाद रात्री के समय बने कटरे के बारामदे मे चौकी पर मच्छरदानी लगा कर सो गया। शनिवार की सुबह लगभग पाँच बजे ग्रामीण सडक से टहलते हुये जब कटरे की तरफ से गये तो देखे की खुन से लथपथ रामबचन का शव चौकी पर पडा हुआ है।लोग इस घटना को देख कर अवाक रह गये। घटना की सुचना मिलते ही मौके पर पहुचे कटरा मालिक के लडके आशीष राय ने इसकी सुचना पुलिस को दिया।

हत्या की सुचना मिलते ही थानाध्यक्ष करीमुद्दीनपुर व चौकी प्रभारी असावर दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। पुलिस द्वारा जाँच मे सहयोग हेतु फारेसिंक टीम को भी बुलाया गया । घटना स्थल पर पहुँच कर फारेसिंक टीम द्वारा घटना के साक्ष्यो को बारीकी से अध्यन कर एकत्रित किया गया। पुलिस अधिक्षक ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर पुलिस टीम को निर्देश देते हुये हत्या के सम्बंध मे सभी पहलुओ की गहन जाँच किया। इस सम्बंध मे पुछे जाने पर उन्होने बताया की घटना कारित करने वालो की गहनता से जाँच किया जा रहा है बहुत जल्द ही मामले का खुलासा किया जायेगा। रामबचन को मौत के घाट उतारने वाले हत्यारो द्वारा बेरहमी से किसी भारी वजनदार वस्तु का प्रयोग करते हुये वार किया गया था।इसके कारण उसके चेहरा बुरी तरह क्षत बिक्षत हो गया था। शरीर से निकले खुन की छिटे दिवालो पर दिखाई दे रहे थे।

घटना स्थल पर रोती बिलखती पहुची मृतक की पत्नी मंजु देवी रो रो यह कह रही थी हम लोगो ने किसी का कुछ बिगाडा नही है फिर इनकी जान किसने ले ली वह बार पुलिस से #न्याय की गुहार लगा रही थी। मृतक का पुत्र #चंदन ठाकुर द्वारा कुछ लोगो पर आशंका जताते हुये घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही थी। जो मौके पर चर्चा का बिषय बना हुआ था। थाना क्षेत्र के असावर चौकी से महज पाँच सौ मीटर की दुरी पर लबे रोड लठ्ठुडीह रसडा मार्ग पर इस तरह की घटना हो जाना लोगो मे चर्चा का बिषय बना हुआ था। घटना स्थल पर लोगो द्वारा इस पुलिस चौकी के नजदीक हत्या बार बार पुलिस की कार्यशैली पर अँगुली उठाया जा रहा था।

# सीडब्ल्यूआर टंकियों पर बिजली कनेक्शन की समस्या, भीषण गर्मी में पेयजल आपूर्ति बाधित

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया क्षेत्र के जल जीवन मिशन के अंतर्गत वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट से पेयजल आपूर्ति के मद्देनजर जुड़े सीडब्लूआर एक राजपुर,तीन मुड़पेली,पांच गलरा,सात औरा बरुआ, छह देवरी तथा चार मवई कला क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति केनक्शन से संबंधित समस्यायें उत्पन्न हो रही है जिसके कारण सीडब्लूआर पेयजल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित हो रही है अलग सेपरेट फीडर की मांग को लेकर विद्युत विभाग से करीब ढाई वर्षो से मांग किया जा रहा है लेकिन विद्युत विभाग द्वारा केवल आश्वासन दिया जा रहा है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है जिससे विद्युत विभाग की लापरवाही से स्थानीय लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय ग्रामीणों ने सीडब्लूआर पर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अलग फीडर बनाने की मांग किया है

# एक्शन मोड में मेयर सुधा गुप्ता: 1 घंटे में समस्या का समाधान, डिमना-एमजीएम मार्ग को मिली राहत

**समाज जागरण 05.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर शहर में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर नगर निगम की सक्रियता एक बार फिर देखने को मिली, जब मेयर सुधा गुप्ता ने डिमना चौक से एमजीएम अस्पताल जाने वाले मुख्य मार्ग की गंभीर समस्या को महज एक घंटे के भीतर दूर कर दिया। लंबे समय से इस मार्ग पर राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता था।

डिमना चौक से एमजीएम अस्पताल तक जाने वाला यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण संपर्क मार्गों में से एक है। इस सड़क से रोजाना सैकड़ों की संख्या में वाहन गुजरते हैं, जिनमें मरीजों को अस्पताल ले जाने वाले वाहन भी शामिल होते हैं। बावजूद इसके, सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी। सड़क के दोनों ओर उचित ढलान (स्लोप) का अभाव था, जिससे बारिश या पानी गिरने के बाद जल जमाव की स्थिति बन जाती थी। इसके अलावा सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो जाने के कारण वाहन असंतुलित हो जाते थे, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी रहती थी।





स्थानीय लोगों द्वारा लगातार शिकायत किए जाने के बाद जैसे ही इस समस्या की जानकारी मेयर सुधा गुप्ता को मिली, उन्होंने बिना देर किए तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि सड़क का स्तर असमान है और इंजीनियरिंग मानकों का पालन नहीं किया गया है, जिसके कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है।

मेयर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए और तत्काल प्रभाव से कार्य शुरू कराया। उनके निर्देश पर सड़क पर छाई गिराकर उसे समतल किया गया, ताकि अस्थायी रूप से ही सही, लेकिन आम लोगों को तत्काल राहत मिल सके। इस पूरी प्रक्रिया को बेहद तेजी से अंजाम दिया गया और करीब एक घंटे के भीतर सड़क की स्थिति में सुधार नजर आने लगा। इस त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। राहगीरों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली और मेयर की इस सक्रियता की खुलकर सराहना की। कई लोगों ने कहा कि लंबे समय से वे इस समस्या से जूझ रहे थे, लेकिन पहली बार किसी जनप्रतिनिधि ने इतनी गंभीरता से इसे लिया और तुरंत समाधान कराया।

हालांकि, मेयर सुधा गुप्ता ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक अस्थायी समाधान है। उन्होंने कहा कि नगर निगम इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए जल्द ही तकनीकी सर्वे कराएगा। इसके आधार पर एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी, ताकि सड़क का स्थायी और गुणवत्तापूर्ण निर्माण किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि भविष्य में सड़क निर्माण या मरम्मत कार्य के दौरान गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि खराब निर्माण कार्य के कारण ही इस तरह की समस्याएं बार-बार सामने आती हैं, जिससे जनता को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है।

मेयर ने यह भी दोहराया कि नगर निगम की प्राथमिकता शहर को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाना है। आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

स्थानीय नागरिकों ने मेयर के इस त्वरित हस्तक्षेप के लिए आभार जताया और उम्मीद व्यक्त की कि जल्द ही इस मार्ग का स्थायी समाधान किया जाएगा, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि यदि प्रशासन तत्परता और इच्छाशक्ति के साथ कार्य करे, तो समस्याओं का समाधान समय पर संभव है।

# टाटानगर में ट्रेनों की लेटलतीफी पर सख्त हुए सरयू राय, डीआरएम से दो-चार दिनों में समाधान की मांग

**समाज जागरण 05.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने टाटानगर जंक्शन पर ट्रेनों की लगातार हो रही लेटलतीफी को लेकर रेलवे अधिकारियों के साथ कड़ा रुख अपनाया है। रविवार को चक्रधरपुर डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) के साथ हुई बैठक में उन्होंने साफ कहा कि यात्रियों की परेशानी दूर करने के लिए तत्काल प्रभाव से कदम उठाए जाएं और दो-चार दिनों के भीतर इसका प्रत्यक्ष परिणाम दिखाई दे।

यह बैठक टाटानगर जंक्शन से आने-जाने वाली यात्री ट्रेनों की लेटलतीफी के विरोध में आगामी 7 अप्रैल को प्रस्तावित नागरिक धरना के संदर्भ में आयोजित की गई थी। बैठक में सीनियर डीसीएम, एरिया मैनेजर, डिवीजनल इंजीनियर और आरपीएफ प्रभारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान रेलवे अधिकारियों ने स्वीकार किया कि पिछले कुछ समय से यात्री गाड़ियां टाटानगर जंक्शन पर काफी विलंब से पहुंच रही हैं। उन्होंने इसके पीछे विभिन्न परिचालन संबंधी कारणों का उल्लेख करते हुए बताया कि समस्या के स्थायी समाधान के लिए योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिन्हें लागू करने में कुछ महीनों का समय लगेगा।





हालांकि, इस पर सरयू राय ने स्पष्ट रूप से असहमति जताई। उन्होंने कहा कि जनता को लंबी अवधि की योजनाओं से ज्यादा तत्काल राहत की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि ऐसी क्या रणनीति है, जिसके तहत आने वाले दो-चार दिनों में ही ट्रेनों की लेटलतीफी कम की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनधरना और वर्तमान वार्ता का मुख्य उद्देश्य केवल यही है कि यात्रियों को तुरंत राहत मिले।

सरयू राय ने रेलवे अधिकारियों से पिछले तीन से चार महीनों के दौरान टाटानगर जंक्शन पर पहुंचने वाली प्रमुख ट्रेनों के विलंब का विस्तृत डेटा प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर यह स्पष्ट किया जाए कि किन कारणों से देरी हुई और उन कारणों को दूर करने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

इस पर डीआरएम ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिया कि सोमवार तक सभी संबंधित आंकड़ों का विश्लेषण कर रिपोर्ट सरयू राय को उपलब्ध कराई जाए। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट होगा कि ट्रेनों की देरी को कम करने के लिए तत्काल स्तर पर क्या सुधार संभव हैं।

बैठक के दौरान सरयू राय ने यात्रियों की समस्याओं को विस्तार से रखते हुए कहा कि ट्रेनों की लगातार देरी से आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कुछ मालगाड़ियों को सीमित समय के लिए रोककर यात्री ट्रेनों को प्राथमिकता दी जाए, तो लेटलतीफी में काफी कमी लाई जा सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे अधिकारियों द्वारा किए जा रहे वादों पर तब तक भरोसा नहीं किया जा सकता, जब तक कि उन्हें व्यवहारिक रूप में लागू करके नहीं दिखाया जाता। जनता का विश्वास तभी बहाल होगा, जब उन्हें तुरंत सुधार का अनुभव होगा।

अंत में सरयू राय ने स्पष्ट किया कि 7 अप्रैल को प्रस्तावित धरना अपने निर्धारित समय और स्थान पर ही आयोजित किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि रेलवे प्रशासन सोमवार को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में यह स्पष्ट करेगा कि ट्रेनों की लेटलतीफी को दो-चार दिनों के भीतर कैसे समाप्त किया जाएगा।

इस पूरे घटनाक्रम से साफ है कि टाटानगर जंक्शन पर ट्रेनों की लेटलतीफी का मुद्दा अब गंभीर रूप ले चुका है और जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ आम जनता भी इसके समाधान के लिए ठोस कार्रवाई की अपेक्षा कर रही है।

# नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता : सीएम योगी

**- भाजपा की तरफ से आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री**

**- हताश विपक्ष के सोशल मीडिया पर हर वार का प्रतिवार करने के लिए मुस्तैद रहें कार्यकर्ता : सीएम योगी**

गोरखपुर, 5 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकताओं का आह्वान किया है कि लगातार सत्ता से दूर रहने से हताश और निराश हो चुके विपक्ष की तरफ से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर चलाए जाने वाले नकारात्मक नैरेटिव का शब्दों की मयार्दा में रहकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए वे खुद को मुस्तैद रखें। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर विपक्ष की तरफ से मनगढ़ंत आरोपों का एक नया वार शुरू होगा, उस पर प्रतिवार और उसका प्रतिवाद करने के लिए भाजपा की बूथ स्तर की टीम खुद को मजबूत रखे।

सीएम योगी, रविवार को भारतीय जनता पार्टी महानगर इकाई के मालवीय नगर मंडल की तरफ से आयोजित ह्ययुवा संवादह्न कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सिंघड़िया स्थित एक मैरेज हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारे युवाओं को विकास भी करना है और विरासत का भी सम्मान करना है। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए मुस्तैद जवानों को दुश्मन के मंसूबों का काम भी तमाम करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बूथ लेवल कार्यकताओं की जिम्मेदारी बनती है कि वे डबल इंजन सरकार के अच्छे कार्यों का प्रचार-प्रसार करते हुए अपने बूथ पर सजग और सतर्क रहें। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी सजग रहने की अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों ने यूपी के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, वे हर दृष्टि से फेल होकर आज सोशल मीडिया का सहारा लेंगे। झूठे, मनगढ़ंत आरोप लगाकर तमाम प्रकार के निगेटिव नैरेटिव सेट करने का वे प्रयास करेंगे। इसका जवाब देने के लिए बूथ स्तर के कार्यकताओं को तैयार रहना होगा। निगेटिव नैरेटिव सेट करने की मंशा वाले लोगों के शासन में माफिया की गुंडागर्दी, फिरौती वसूली, बहन-बेटियों और व्यापारियों की असुरक्षा, पर्व-त्योहारों पर दंगे के चलते मातम जैसे माहौल के सभी दृश्य निकालने पड़ेंगे। पेपर की कटिंग्स निकालनी पड़ेगी। उस समय के दृष्टांत निकालने पड़ेंगे और शब्दों की मयार्दा में पूरी आक्रामकता के साथ जवाब देने के लिए अपने आप को तैयार करना होगा।

**पॉजिटिव चीजों को आगे बढ़ाना है**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपनी पॉजिटिव चीजों को आगे बढ़ाना है। अच्छे कंटेंट बनाकर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकते हैं। हर एक क्षेत्र में कुछ न कुछ नया हुआ है और उसको हम आगे बढ़ने का काम करेंगे। इससे स्वाभाविक रूप से हम डबल इंजन की सरकार के अभियान को मजबूती के साथ आगे बढ़ाने का कार्य कर पाएंगे।

**सदैव सत्य और सनातन के साथ रही है भारत की युवा शक्ति**

सीएम योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ रही है। प्रभु श्रीराम, श्रीकृष्ण, वीर अभिमन्यु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज और उनके चार पुत्रों, स्वामी विवेकानंद, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, नेताजी सुभाषचंद्र बोस और वीर सावरकर के जीवन का उद्धरण देते हुए कहा कि ये सब उसी युवा ऊर्जा शक्ति के प्रतीक और प्रेरणा हैं जिन्होंने सब कुछ देश और धर्म के लिए किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश इस मामले में सबसे सौभाग्यशाली है कि देश की 56 से 60 फीसदी कार्यशील युवा आबादी यहां है। यह युवा ऊर्जा अगर सकारात्मक कार्यों के साथ जुड़ जाए तो उत्तर प्रदेश को कहां से कहां पहुंचाया जा सकता है।

**2017 के पूर्व हर तीसरे दिन होते थे दंगे**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो युवा इस बार प्रथम बार मतदाता होंगे वे सभी इस बात को नहीं जानते होंगे की 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में क्या कुछ होता था। कहा कि 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में व्यापक तीसरे दिन दंगा होता था। पर्व और त्यौहार आने से पहले लोगों के मन में आशंका खड़ी हो जाती थी। गुंडागर्दी चरम पर थी, हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार चलती थी। व्यापारी, उद्यमी, चिकित्सक, शिक्षक, गरीब, साहूकार सबको गुंडा टैक्स देना पड़ता था। हर जनपद में अपहरण होते थे, फिरौती वसूली जाती थी। हर चौराहे पर टैक्सी स्टैंड के नाम पर वसूली होती थी। कुशीनगर और महाराजगंज का एक हिस्सा है, जहां जंगल पार्टी थी जो किसी का अपहरण कर लेती थी। बिजली बमुश्किल से तीन-चार घंटे आती थी। गांवों में तो एक सप्ताह आती थी और दूसरे सप्ताह नहीं आती थी। सड़कें तब गड्ढे जैसी थीं। तब यही उत्तर प्रदेश की सही पहचान थी। नौजवानों के लिए नौकरी, रोजगार नहीं था। किसान आत्महत्या करते थे। महिलाएं असुरक्षित थीं, भय से बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं। पर्व आने पर लोगों के मन में दंगों की आशंका होती थी कि पता नहीं कहां दंगा हो जाए और टारगेट करके हिंदुओं को जेल में बंद कर दिया जाए। आज डबल इंजन सरकार में ऐसा कुछ भी नहीं हो सकता है।

**देश में संवेदनशील सरकार से ईरान-अमेरिका युद्ध का असर नहीं**

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में ईरान के साथ अमेरिका और इजरायल के युद्ध का भी उल्लेख किया। कहा कि इससे दुनिया बुरी तरह प्रभावित है। सुपर पावर कहे जाने वाले अमेरिका में भी डीजल और पेट्रोलियम पदार्थों के दाम चार गुना बढ़ गए हैं। भारत के अगल-बगल जितने भी देश हैं उन सब में भी बहुत खराब स्थिति है। अकेले भारत है पेट्रोलियम पदार्थों का दाम नियंत्रण है। भारत के अंदर युद्ध का कोई प्रभाव नहीं है। ऐसा इसलिए है कि यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संवेदनशील सरकार है जिन्होंने स्थिति को नियंत्रण में कर रखा है। पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर देश में कहीं कोई समस्या नहीं है।

**करीब तीन गुना बढ़ी यूपी की अर्थव्यवस्था**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 के बाद प्रदेश में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था करीब तीन गुनी बढ़ी है। जब सरकार आई थी तब प्रदेश की अर्थव्यवस्था 13 लाख करोड़ रुपये की थी। नौ वर्षों में यह 36 लाख करोड़ रुपये हो गई है। राज्य में प्रति व्यक्ति आय भी 43 हजार से बढ़कर एक लाख 20 हजार रुपये हो गई है। उनकी सरकार ने नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी है। कहा कि सपा की सरकार में इतनी सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती क्योंकि उनकी नीयत साफ नहीं थी। पैसे के बगैर कोई काम नहीं होता था। पूरा सिस्टम भ्रष्टाचार के आगोश में था। आज नौकरियां बिना सिफारिश और बिना रुपये दिए मिलती है। अब योग्यता ही चयन का मानक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश में किसान आत्महत्या नहीं करता क्योंकि किसान की आमदनी बढ़ी है। यूपी के युवा पलायन नहीं करते क्योंकि उनको नौकरी और रोजगार उसके आसपास के क्षेत्र में ही उपलब्ध होने लग गया है। अकेले गोरखपुर में बीते नौ सालों में 15 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 300 से अधिक बड़े कारखाने लगे हैं और 50 हजार से अधिक नौजवानों को रोजगार प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में हुए अभूतपूर्व विकास, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, एयर कनेक्टिविटी और एजुकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विस्तार से समझाया। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने सुपर स्पेशलिटी सेवाओं वाले बीआरडी मेडिकल कॉलेज का उल्लेख करते हुए कहा कि 2017 के पहले यदि इस मेडिकल कॉलेज में पहिए होते तो समाजवादी पार्टी की सरकार इसे कहीं और खींच ले गई होती। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले उन्होंने गुंडागर्दी, माफियागिरी, मच्छर, बीमारी, बिजली, सड़कों और जनता की सुविधाओं को लेकर लंबी लड़ाई लड़ी लेकिन आज की सरकार में किसी चीज के लिए मांगना नहीं पड़ता है। बिना मांगे सब कुछ मिल जाता है।

**अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया नहीं, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया की बात नहीं होती। अब वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट, वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज और वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजिन की बात होती है। ये आज उत्तर प्रदेश की पहचान और भारत की ब्रांड बना रही है। उन्होंने कहा कि जब डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड से चलती है। जब एक जैसी सरकार होती हैं तो ऐसा ही विकास होता है।

**फिल्म सिटी से यूपी के नौजवानों को मिलेगा भरपूर अवसर**

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बनने वाली फिल्म सिटी के आगामी दिनों में शिलान्यास होने की जानकारी देते हुए कहा कि इससे यूपी के नौजवानों और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शन करने और आगे बढ़ने का भरपूर अवसर मिलेगा। उन्होंने युवाओं को दो करोड़ टैबलेट-स्मार्टफोन वितरण के लक्ष्य की चर्चा करते हुए बताया कि 50 लाख युवाओं को इसका लाभ मिल चुका है।

**प्रदेश के सभी नागरिकों के गौरव हैं सीएम योगी : रविकिशन**

युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के सभी नागरिकों के लिए गौरव हैं। उन्होंने न केवल गोरखपुर सहित राज्य के हर जिले का अभूतपूर्व विकास किया है बल्कि बिना जाति-बिरादरी देखे समाज के हर वर्ग तक अनेकानेक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है। सांसद ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि वे हर बूथ, हर परिवार तक जाकर आगामी चुनाव में भाजपा को सबका वोट दिलाना सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में हुए अभूतपूर्व विकास कार्यों को हर घर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी युवा कार्यकर्ताओं की है। संचालन भाजपा के महानगर संयोजक राजेश गुप्ता ने किया।

इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, गोरखपुर ग्रामीण के विधायक विपिन सिंह, भाजपा मालवीय नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, स्थानीय पार्षद रणंजय सिंह सहित कई पार्षद, मालवीय नगर मंडल के सभी बूथों के अध्यक्ष, शक्ति केंद्रों के संयोजक व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आर.एम.एस. हाई स्कूल, खुटाडीह का सिल्वर जुबली समारोह भव्य अंदाज में संपन्न

**समाज जागरण 05.04.2026**
**चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**
**पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**



जमशेदपुरः सोनारी स्थित आर.एम.एस. हाई स्कूल, खुटाडीह ने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सिल्वर जुबली समारोह का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम 5 अप्रैल 2026 की संध्या 6 बजे एक्स.एल.आर.आई. ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ, जिसमें शिक्षा, खेल और समाजसेवा से जुड़े कई गणमान्य लोग शामिल हुए। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों और शिक्षाविदों की बड़ी भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी, प्रमाणित लाइफ कोच एवं यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड की पूर्व प्रमुख डॉ. सुनीता सरावगी रहीं। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव सौरभ तिवारी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय केडिया, उपाध्यक्ष मनीष जैन एवं कुमुद अग्रवाल, ट्रेजरर संजीव बधन, सचिव सुशील अग्रवाल तथा सहायक सचिव वंदना जैन और चंदन कांडोटिया सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्राचार्या डॉ. परिणीता शुक्ला ने किया।

समारोह की शुरूआत आकर्षक स्वागत नृत्य के साथ हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की 25 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष वीडियो डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुत की गई, जिसने दर्शकों को संस्थान की प्रेरणादायक यात्रा से अवगत कराया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सिल्वर जुबली स्मारिका का विमोचन रहा, जिसमें विद्यालय की विकास यात्रा और उपलब्धियों को संजोया गया है। अपने संबोधन में अतिथियों ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की थीम “The Eternal Rhythm – A Celebration Where Rhythm Unites the World” रही। इस थीम के अंतर्गत छात्रों ने शास्त्रीय, जापानी, बेली, हिप-हॉप, साल्सा और अफ्रीकी नृत्य प्रस्तुत कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को अंतरराष्ट्रीय रंग प्रदान किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का समापन भव्य कार्निवल के साथ हुआ, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस अवसर पर शिक्षा, नैतिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। सिल्वर जुबली समारोह ने यह साबित कर दिया कि आर.एम.एस. हाई स्कूल, खुटाडीह शिक्षा के साथ-साथ समाज के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# प्रदेश की धरती पर गुंडों, माफिया को पनपने नहीं देंगे : मुख्यमंत्री योगी

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 5 अप्रैल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा है कि वे उत्तर प्रदेश की धरती पर गुंडों और माफिया को पनपने नहीं देंगे। गुंडों और माफिया की जहां जगह होगी, वहां उन्हें पहुंचा दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन लद गए हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में व्यापारियों व महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी है। सरकार हर व्यक्ति के जीवन सुगमता और उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

सीएम योगी रविवार शाम घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में बने मल्टीलेवल पार्किंग सह कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स, घंटाघर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण और विरासत गलियारा पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। नवनिर्मित पार्किंग कॉम्प्लेक्स की छत पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद आज भी प्रदेश, इसका तंत्र और पुलिस वही है लेकिन आज इसकी पहचान बदल गई है। 2017 के पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। जबकि आज प्रदेश के नौजवान को अन्य जगहों पर सम्मान मिलता है। आज का उत्तर प्रदेश अब उपद्रव नहीं उत्सव प्रदेश बन चुका है। अब यहां अराजकता नहीं है बल्कि यह माफियामुक्त हो चुका है। सुरक्षित माहौल में व्यापारी और बेटियों ने स्वावलंबन की नई ऊंचाई की यात्रा शुरू की है।

**नीयत साफ हो तो नजारा बदलते देर नहीं लगती**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कि जब सरकार की नीयत साफ होती है तो नजारा बदलते देर नहीं लगती। विरासत गलियारा और मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स इसका उदाहरण है। सरकार की नीयत साफ है तो विरासत गलियारा के पहले फेज का काम लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले इसी गोरखपुर की पहचान माफिया, मच्छर और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी के चलते थी। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार ने गोरखपुर सहित प्रदेश को माफियामुक्त, उपद्रवमुक्त, दंगामुक्त, मच्छरमुक्त और इंसेफिलाइटिसमुक्त बना दिया है। उन्होंने जनता को आगाह करते हुए कहा कि संकीर्णता में उठाए गए कदम से माफिया और मच्छर को पनपने का मौका मिलता है। इसलिए लोमड़ी की तरह ताक लगाए बैठे ऐसे लोगों को अवसर नहीं देना है जो शोषण का कारण बनते थे। वे माफिया और अराजकता को प्रश्रय देते थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में माफिया और गुंडों के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति बनी रहेगी। पुलिस को स्पष्ट हिदायत दी गई है कि जहां भी गुंडों का फन उठे, उसे कुचल दीजिए।

**खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन गाएंगे नहीं**

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और बाबा साहब आंबेडकर के बनाए संविधान को सम्मान देना होगा।

**स्मार्ट सिटी के विजन के अनुरूप बढ़ रहा गोरखपुर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा, कारोबारी और जीवन सुगमता के क्षेत्र में आए उल्लेखनीय बदलाव की विस्तार से चर्चा की और कहा कि आज का गोरखपुर स्मार्ट विजन के अनुरूप आगे बढ़ रहा है। उन्होंने घंटाघर क्षेत्र में विरासत गलियारा के निर्माण और मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स को जाम की समस्या का समाधान करने वाला बताया। साथ ही कहा कि जब आवागमन सुगम होगा तो व्यापार में भी समृद्धि आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विरासत गलियारा बनकर तैयार होगा तो यहां की सड़क सबसे खूबसूरत होगी और यहां फिल्मों की शूटिंग भी होगी। जब विरासत गलियारा बन जाएगा तब यहां भव्य रोड शो की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स में भी विरासत गलियारा के प्रभावित दुकानदारों को जगह दी गई है। जो शेष रह जाएंगे उनका पांडेयहाता के कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में व्यवस्थित पुनर्वास कराया जाएगा।

# सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश, ‘विकसित यूपी@2047’ के तहत तय किए गए लक्ष्य

**- पर्यावरणीय संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और संतुलित विकास को केंद्र में रखते हुए तैयार की गई विकसित यूपी@2047 की कार्ययोजना**

**- सीएम योगी आदित्यनाथ के सतत विकास के विजन को साकार करेगा विकसित यूपी@2047 का रोडमैप**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 05 अप्रैल। उत्तर प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सतत एवं संपोषणीय विकास के विजन के अनुरूप प्रदेश के दीर्घकालिक विकास का रोडमैप ह्यविकसित यूपी@2047 तैयार किया है। इसके तहत पर्यावरणीय संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और संतुलित विकास को केंद्र में रखते हुए कार्ययोजना बनाई गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाना तथा राज्य में स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा, पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्जनन और जलवायु सहिष्णुता सुनिश्चित करना है।

**स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को दिया जाएगा बढ़ावा**

विकसित यूपी@2047 के विजन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत उत्तर प्रदेश की कुल ऊर्जा क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन के हिस्से को वर्ष 2047 तक 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राज्य सरकार क्रमिक रूप से स्वच्छ एवं नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग को बढ़ावा देगी। इस क्रम में अल्पकालिक लक्ष्य वर्ष 2029-30 तक 29 प्रतिशत, 2035-36 तक 45 प्रतिशत और 2046-47 तक 70 प्रतिशत तक पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके साथ ही स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए रूफटॉप सोलर क्षमता में भी वृद्धि की जा रही है। वहीं, बिजली वितरण में सुधार करते हुए एटी एंड सी लॉस को 8 से 10 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**बुंदेलखंड, पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी में विकसित होंगे ग्रीन हाइड्रोजन हब**

रणनीतिक हस्तक्षेपों के तहत उत्तर प्रदेश में परमाणु ऊर्जा के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत राज्य में संभावित स्थलों की पहचान कर औद्योगिक क्लस्टरों में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स में निवेश आकर्षित किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना से 10 बच्चों को मिला नया जीवन का अवसर

## आरबीएसके के तहत निःशुल्क इलाज, पटना के विशेष शिविर में भेजे गए मरीज

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज, 05 अप्रैल। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के लिए बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना गरीब परिवारों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इसी कड़ी में किशनगंज जिले से 10 बच्चों को बेहतर इलाज के लिए पटना स्थित इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी में आयोजित 11वें विशेष शिविर के लिए रवाना किया गया।

यह योजना राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत संचालित है, जिसके तहत गांव स्तर पर स्क्रीनिंग कर जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की पहचान की जाती है और उनका निःशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाता है। शिविर में अहमदाबाद के श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा बच्चों की जांच और उपचार किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग की देखरेख में सदर अस्पताल किशनगंज से 8 बच्चों को तीन एम्बुलेंस के माध्यम से सुरक्षित पटना भेजा गया, जबकि 2 बच्चे अपने परिजनों के साथ ट्रेन से रवाना हुए। सभी बच्चों के सुरक्षित एवं समयबद्ध उपचार के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

इस शिविर में ठाकुरगंज, पोठिया, किशनगंज एवं कोचाधामन प्रखंड के बच्चों को शामिल किया गया है। इनमें तबस्सुम खातून, अल्फाज हुसैन, राजेंद्र कुमार राजभर, सलमान रजा, सोहन हरिजन, आरती कुमारी, सुहेब, शिवांश कुमार, आंचल कुमारी एवं रागिनी कुमारी शामिल हैं। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. मुनाजिम ने बताया कि इन बच्चों की पहचान आरबीएसके टीम द्वारा गांव-स्तर पर गहन जांच के दौरान की गई। उन्होंने कहा कि यह योजना समय पर पहचान, उचित रेफरल और संस्थागत उपचार का एक समन्वित मॉडल है, जिससे कोई भी बच्चा आर्थिक अभाव के कारण इलाज से वंचित नहीं रहता।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि यह योजना राज्य की संवेदनशील स्वास्थ्य नीति का उदाहरण है, जो महंगे इलाज को भी आमजन के लिए सुलभ बना रही है। वहीं जिलाधिकारी विशाल राज ने कहा कि मुख्यमंत्री सात निश्चय के तहत संचालित यह पहल स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामाजिक न्याय को मजबूत कर रही है।

उल्लेखनीय है कि जिले में इससे पूर्व भी कई बच्चों का इस योजना के तहत सफल उपचार किया जा चुका है। लगातार मिल रही सफलता से यह योजना अब गरीब परिवारों के लिए एक भरोसेमंद स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बन गई है।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेज व अवैध आधार कार्ड बनाने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश, एक गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज। किशनगंज पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में फर्जी दस्तावेज एवं अवैध आधार कार्ड बनाने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया है। इस कार्रवाई में Special Task Force (STF), खगड़िया एवं अररिया पुलिस की संयुक्त टीम लगातार छापेमारी कर रही है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि किशनगंज के सीमावर्ती इलाकों में कुछ लोग फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर उनके आधार पर अवैध तरीके से आधार कार्ड बना रहे हैं। सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने लगातार आसूचना संकलन के बाद कार्रवाई शुरू की। दिनांक 02 अप्रैल 2026 को टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर गिरोह के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में टेढ़ागाछ थाना कांड संख्या 112/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं आईटी एक्ट 2000 की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इसी कड़ी में कांड के वांछित अभियुक्त एवं गिरोह के सक्रिय सदस्य कुन्दन कुमार (26 वर्ष), पिता स्व. जितेन्द्र सिंह, ग्राम फुलवरिया, थाना पौड़ा, जिला खगड़िया को 04 अप्रैल 2026 को खगड़िया से गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोबाइल दुकान की आड़ में फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर क्लोन बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट एवं विभिन्न सॉफ्टवेयर के माध्यम से अवैध रूप से आधार कार्ड बनाने का कार्य कर रहा था। वह खगड़िया जिले के विभिन्न दुकानों पर जाकर आधार कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध कराता था।

गिरफ्तार अभियुक्त की मोबाइल दुकान से पुलिस ने बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल फोन, लैपटॉप, कलर प्रिंटर, ऑप्टिकल फिंगर स्कैनर सहित भारी संख्या में फर्जी एवं मूल दस्तावेज बरामद किए हैं। बरामद सामग्री में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, राशन कार्ड, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना से संबंधित आवेदन पत्र, उज्ज्वला योजना के केवाईसी दस्तावेज सहित लगभग 500 से अधिक कागजात शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार अब तक के अनुसंधान में गिरोह का नेटवर्क अंतर्राज्यीय स्तर तक फैला हुआ पाया गया है। गिरोह में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध पूर्व में पसराहा थाना (खगड़िया) में भी मामला दर्ज है। पुलिस ने जब्त सभी सामग्रियों की विधिवत सूची तैयार कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया है। किशनगंज पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के फर्जी दस्तावेज या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। आपात स्थिति में डायल-112 पर संपर्क किया जा सकता है।

# किशनगंज में युवा कांग्रेस का सम्मान समारोह आयोजित

## नवनिर्वाचित विधायक और जिला अध्यक्ष का हुआ अभिनंदन

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

05 अप्रैल। किशनगंज कांग्रेस कार्यालय में रविवार को युवा कांग्रेस द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व किशनगंज




के सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद आजाद ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष मो. आजाद साहिल ने की।

समारोह में नवनिर्वाचित विधायक कमरूल होदा तथा नव नियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष शहाबुल अख्तर को बुके, माला एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद ने दोनों नेताओं को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने पर बल दिया।

कार्यक्रम में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष इमाम अली चिंटू, बहादुरगंज के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रो. मोसब्बीर, पूर्व जिला अध्यक्ष पिंटू चौधरी, वरिष्ठ नेता जहीदुर्रहमान एवं कलाम खान सहित कई वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति रही। मंच संचालन अल्पसंख्यक प्रदेश कांग्रेस महासचिव शमशीर अहमद द्वारा किया गया।

इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष इमाम अली चिंटू ने औपचारिक रूप से शहाबुल अख्तर को जिला अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा। समारोह में मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भी क्रमवार नवनियुक्त नेताओं को सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रतिनिधि तथा सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण बना रहा।

# 'हरे राम, हरे कृष्ण' के उद्घोष से गूंजा शहर, नगर कीर्तन के साथ हरिनाम संकीर्तन महोत्सव संपन्न

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



शहर के किशनगंज स्थित डुमरिया वार्ड संख्या 30 में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां महाप्रभु सतनाम संघ के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय हरिनाम संकीर्तन महोत्सव का रविवार को भव्य समापन हुआ।

महोत्सव के पांचवें और अंतिम दिन विभिन्न कीर्तन मंडलियों द्वारा भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। गाजे-बाजे और आकर्षक झांकियों के साथ निकली इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालु हरे राम, हरे कृष्ण के जयकारों के साथ झूमते-गाते नजर आए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

नगर कीर्तन के दौरान स्थानीय लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कीर्तन मंडलियों का भव्य स्वागत किया। पूरे मार्ग में भक्ति गीतों और संकीर्तन की मधुर ध्वनि गूंजती रही, जिससे वातावरण पूर्णतः आध्यात्मिक हो उठा।

नगर भ्रमण के उपरांत कीर्तन मंडली पुनः कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर महोत्सव का समापन किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर महाप्रसाद ग्रहण किया।

महोत्सव के सफल आयोजन पर आयोजकों एवं स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल देखा गया।

# पटना के पालीगंज में भाजपा की ओर से प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के पालीगंज प्रखण्ड अंतर्गत नूरचक गांव में भाजपा की ओर से प्रशिक्षण कार्यशाला शिविर का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पालीगंज पूर्वी मंडल अध्यक्ष लवकुश कुमार तथा संचालन मंडल महामंत्री रविकांत शर्मा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा के पतन जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। मौके पर उन्होंने भाजपा पार्टी की कार्यशैली पर प्रकाश डाला तथा सभी कार्यकताओं को पार्टी को मजबूत बनाये रखने के लिए प्रशिक्षित किया। वही कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पालीगंज विधानसभा संयोजक नारायण कुमार ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों के बारे में बताया। वही कार्यक्रम की समाप्ति भाजपा के विधानसभा प्रभारी कुमुद रंजन ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

मौके पर निरज शर्मा, बिकास जी, लंकेश सिंह, संजय शर्मा, मुन्ना शर्मा, रविशंकर कुँवर, रविन्द्र कुँवर, निरज कुमार, माया जी, मनमोहन यादव, झुन्नु हुमार, शिवउदय शर्मा, सुधीर शर्मा, गिरजा वर्मा सहित सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित हुये।

# पटना में गैस सिलेंडर फटने से घर में लगी भीषण आग

## गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड अंतर्गत सदावेह भलुआ के ढावापर गांव में शनिवार की रात एक हृदयविदारक घटना घटी, जहाँ खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से एक घर में भीषण आग लग गई। इस अग्निकांड में घर के अंदर रखा सारा कीमती सामान, अनाज और कपड़े जलकर राख हो गए। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सदावेह भलुआ के ढावापर निवासी गुहाड़ी मिस्त्री की पतोहू शनिवार की रात रसोई में खाना बना रही थी। इसी बीच वह किसी काम से पानी लाने के लिए घर से बाहर निकलीं। तभी अचानक रसोई घर से एक जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते पूरा घर आग की लपटों में घिर गया। धमाका इतना तेज था कि आसपास के ग्रामीण दहल गए। आग की ऊंची लपटें देख ग्रामीण तुरंत मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों ने आनन-फानन में आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। काफी मशक्कत और घंटों की मेहनत के बाद ग्रामीणों ने आग को और फैलने से रोका, लेकिन तब तक घर के अंदर रखा कोई भी सामान बचाया नहीं जा सका। परिजनों के अनुसार, आग लगने का मुख्य कारण खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर का फटना है। इस भीषण अगलगी में पीड़ित परिवार का सब कुछ तबाह हो गया है, जिससे परिवार गहरे सदमे और दुख में है। घटना के बाद ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन और सरकार से मांग की है कि पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उन्हें उचित मुआवजा और तत्काल सहायता प्रदान की जाए ताकि वे अपना जीवन पुनः सुचारू कर सकें।

# पटना में मिट्टी कटाई से बने गड्ढे में डूबने से किशोर की मौत

## स्नान करने के दौरान हुआ हादसा, पीएमसीएच में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के पिपलावां थाना क्षेत्र के सरारी गांव में रविवार दोपहर एक 15 वर्षीय किशोर की पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। मृतक की पहचान आदमपुर (पिपलावां) निवासी इस्तखार खान के पुत्र तसव्वर आलम (15) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तसव्वर अपने दोस्तों के साथ सरारी गांव स्थित आंबेडकर विद्यालय के पीछे मिट्टी कटाई से बने एक पानी भरे गड्ढे में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और लापता हो गया। उसके साथ गए दोस्तों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब तसव्वर का पता नहीं चला तो उन्होंने तुरंत परिजनों को सूचित किया। सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और गड्ढे में तलाश शुरू की। काफी प्रयासों के बाद तसव्वर को उसी गड्ढे से बाहर निकाला गया। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए पटना एम्स ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पिपलावां थाना प्रभारी सागर कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक परिजन शव को लेकर अस्पताल जा चुके थे। थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई आवेदन नहीं मिला है। आवेदन प्राप्त होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में प्रेमी संग पत्नी को देख पति का फूटा गुस्सा

## सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा, थाने में सुलह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**




पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ थाना अंतर्गत एकता नगर इलाके में शनिवार की शाम उस वक्त जबरदस्त हंगामा खड़ा हो गया, जब एक पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया। देखते ही देखते सड़क पर हाई वोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि पति को लंबे समय से अपनी पत्नी पर शक था। जानकारी के अनुसार, पति के काम पर निकलते ही महिला अपने प्रेमी से मिलती-जुलती थी। शनिवार को पति ने शक के आधार पर पत्नी का पीछा किया और उसे प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ लिया। पत्नी और प्रेमी को साथ देखते ही पति का गुस्सा फूट पड़ा। बीच सड़क पर तीनों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं, धक्का-मुक्की और हंगामा शुरू हो गया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और देखते ही देखते पूरा इलाका तमाशबीनों से भर गया।

मामला बढ़ता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। बाद में पति को भी थाने बुलाया गया। थाने में देर रात तक तीनों के बीच समझौते को लेकर बातचीत चलती रही। काफी मशक्कत के बाद मामला शांत हुआ। आखिरकार पति, पत्नी और प्रेमी ने लिखित आवेदन देकर एक-दूसरे के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करने की बात कही। इसके बाद पुलिस ने सभी को छोड़ दिया। इस घटना को लेकर इलाके में देर रात तक चर्चा और तरह-तरह की बातें होती रहीं। लोग इस हाई वोल्टेज ड्रामे को लेकर देर तक चर्चा करते नजर आए।

# पटना में अब तक की सबसे बड़ी लूट

## कस्टम अधिकारी बन अपराधियों ने कारोबारी से लूटा 25 करोड़ का सोना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के दानापुर इलाके में बेखौफ अपराधियों ने फिल्मी अंदाज में एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। शनिवार को अपराधियों ने गुजरात के राजकोट से आए स्वर्ण कारोबारी के दो कर्मियों से लगभग 17 किलो सोने




के आभूषण लूट लिए। बाजार में इस सोने की कीमत करीब 25 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। घटना खगौल थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज की है। जानकारी के अनुसार, राजकोट निवासी महेश मामतोरा और प्रिंस रामपरिया सहरसा एक्सप्रेस से दानापुर स्टेशन पहुंचे थे। वे केबीएस एंड संस के मालिक सुनील भाई का सोना लेकर बाकरगंज जा रहे थे। स्टेशन से ऑटो बुक कर जैसे ही वे खगौल ओवरब्रिज पहुंचे, पुलिस स्टीकर लगी एक कार और दो बाइक सवार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। सफेद शर्ट और खाकी पैंट पहने बदमाशों ने खुद को 'कस्टम अधिकारी' बताया और जांच के नाम पर आभूषणों से भरे तीन बैग लेकर फरार हो गए। पीड़ित कर्मियों ने बताया कि अपराधियों का व्यवहार बिल्कुल पेशेवर अधिकारियों जैसा था। बदमाशों ने कर्मियों को कार में बैठाकर बंधक बना लिया और कुछ दूर ले जाकर सुनसान जगह पर छोड़ दिया। पीड़ितों के शोर मचाने पर स्थानीय लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नौबतपुर रोड से वारदात में इस्तेमाल की गई संदिग्ध कार बरामद कर ली है। दानापुर एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया की मामले की गंभीरता को देखते हुए डीआईयू और एसटीएफ को जांच में लगाया गया है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। गुजरात के व्यापारी के आने के बाद ही सोने की सटीक मात्रा और मूल्य स्पष्ट हो पाएगा।फिलहाल, पुलिस इसे पूरी प्लानिंग के साथ की गई डकैती मान रही है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी जारी है।

# पटना में इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में लगी भीषण आग

## 12 वर्षीय बच्चा झुलसा, 7-8 लाख का नुकसान

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र स्थित सोहगी बड़ा नहर के पास शिवम इलेक्ट्रॉनिक्स नामक दुकान में अचानक भीषण आग लग गई, जिसमें एक 12 वर्षीय बच्चा बुरी तरह झुलस कर घायल हो गया। घायल बच्चे को पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उसका इलाज जारी है। जानकारी के अनुसार दोपहर के समय अचानक शैलेंद्र सिंह की शिवम इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान से धुआं उठना शुरू हुआ और कुछ ही देर में आग की लपटें तेज हो गईं। देखते ही देखते पूरी दुकान आग का गोला बन गई। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और हर कोई आग बुझाने में जुट गया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसी दौरान आग बुझाने के प्रयास में दुकानदार के घर का 12 वर्षीय लड़का पीयूष बुरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने उसे तुरंत संपतचक स्थित नारायण हॉस्पिटल में भर्ती कराया। अस्पताल के स्टाफ के अनुसार बच्चा गंभीर अवस्था में लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक बच्चे का शरीर काफी हद तक जल गया है और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। दुकान मालिक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि दुकान में रखे महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान, तार, उपकरण और अन्य स्टॉक पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए। इस आगजनी में करीब 7 से 8 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। आग लगने के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में बिजली के तार जर्जर हैं और अक्सर स्पार्किंग होती रहती है, जिससे इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी रहती है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है और आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# पटना में लेबर कोड को लेकर सड़कों पर उतरे सुधा डेयरी मजदूर

## जुलूस निकालकर 9 सूत्री मांगों को किया बुलंद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाताः- वेद प्रकाश**



पटना/ सुधा डेयरी में दूध सप्लाई कार्य से जुड़े सैकड़ों ठेका मजदूरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर रविवार को फुलवारी शरीफ में जोरदार प्रदर्शन किया। ऐक्टू से जुड़े मजदूरों ने पहले सभा की, इसके बाद जुलूस निकालकर पूरे इलाके में प्रदर्शन करते हुए प्रबंधन और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व ऐक्टू राज्य सचिव सह सुधा डेयरी, पटना जिला निजी वाहन चालक एवं कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष रणविजय कुमार ने किया। उनके नेतृत्व में मजदूरों ने अपनी 9 सूत्री मांगों को पुरजोर ढंग से उठाया और चेतावनी दी कि अगर जल्द मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने केंद्र सरकार द्वारा लागू 4 लेबर कोड को मजदूर विरोधी और कॉरपोरेटपरस्त बताते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग की। मजदूरों ने कहा कि इन कानूनों से श्रमिकों के अधिकार कमजोर हो रहे हैं और ठेका मजदूरों का शोषण बढ़ेगा। रणविजय कुमार ने कहा कि सुधा डेयरी प्रबंधन को जून 2025 में ही 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। लेकिन 10 महीने बीत जाने के बावजूद आज तक न तो कोई वार्ता की गई और न ही किसी मांग पर अमल किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार याद दिलाने के बावजूद प्रबंधन पूरी तरह उदासीन बना हुआ है, जिससे मजदूरों में भारी आक्रोश है। मजदूरों की प्रमुख मांगों में दूध वितरण में कार्यरत चालकों एवं उपचालकों (खलासी) को पहचान पत्र देना, उपचालकों को अर्धकुशल एवं चालकों को कुशल श्रेणी के अनुसार न्यूनतम मजदूरी देना, साप्ताहिक एवं राष्ट्रीय अवकाश लागू करना, लीकेज मुआवजा देना, ईएसआई और ईपीएफ का लाभ सुनिश्चित करना, वाहनों में दूध का ओवरलोडिंग बंद करना तथा दुर्घटना होने पर उचित मुआवजा देना शामिल है। मजदूरों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें बेहद कम वेतन पर काम कराया जा रहा है और बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। कई मजदूरों ने बताया कि काम के दौरान दुर्घटना होने पर भी उन्हें किसी तरह की सहायता नहीं मिलती। प्रदर्शन के दौरान मजदूरों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा कि लेबर कोड वापस लो, मजदूर विरोधी नीति बंद करो और हमारा हक दो। जुलूस पूरे इलाके में घूमते हुए वापस सभा स्थल पर समाप्त हुआ। अंत में यूनियन नेताओं ने स्पष्ट कहा कि अगर प्रबंधन जल्द वार्ता कर मांगों का समाधान नहीं करता है, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा और सड़क से लेकर प्रशासन तक घेराव किया जाएगा।